# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-11-2022



सरस्वती विद्या मंदिर बालिका महाविद्यालय आर्य नगर में यातायात नियमों से सम्बन्धित कार्यक्रम में छात्राओं के साथ उपस्थित एसपी ट्रैफिक डॉ.एमपी सिंह। फोटो : एसएनबी

# सड़क पर सुरक्षित यात्रा से होगी जीवन रक्षा

**गोला (एसएनबी)।** तहसील मुख्यालय पर स्थित वीएसएवी इंटर कॉलेज में सोमवार को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को यातायात नियमों व सड़क पर सुरक्षित आवामगन के प्रति सचेत किया गया।

क्षेत्राधिकारी जगतराम कन्नौजिया ने कहा कि वाहनों को सावधानीपूर्वक व नियमानुसार चलाने, बाइक ड्राइव करने के दौरान हेलमेट का उपयोग, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग, वाहन चलाते समय नशीले पदार्थो का सेवन न करने से सड़क पर यातायात सुरक्षित होगा। कोतवाल जयनारायण शुक्ल ने कहा इस बार सड़क सुरक्षा माहभर मनाया जा रहा है। पहले यह एक सप्ताह का होता था लेकिन सड़क दुर्घटनाओं की संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार ने इसे एक माह का कर दिया है। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम मिश्र ने आभार प्रकट किया। संचालन शिक्षक नेता प्रवीण तिवारी ने किया। ईश्वरीशरण पांडेय, ओंकेश चंद राय, प्रमोद कुमार दुबे, विनोद राय, धनंजय शुक्ल आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।



# एसडीएम ने फोर्स के साथ किया पैदल मार्च

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** उपजिलाधिकारी चौरी चौरा शिवम सिंह तथा क्षेत्राधिकारी चौरा आईपीएस मानुष पारीक मय फोर्स के साथ सोमवार को चौरी चौरा थाना क्षेत्र में पैदल गस्त कर जनता की सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

प्रशासन फोर्स के साथ थाना परिसर से निकलकर पुराना बस स्टेशन,भोपा चौराहा,नगर पंचायत मुंडेरा बाजार में गली गली घूम कर भ्रमण कर जनता एव व्यापारियों के सुरक्षा का भरोसा दिलाया। क्षेत्र में पैदल गस्त के दौरान सीओ मानुष पारीक ने सड़क किनारे दोनो तरफ पटरियों पर अतिक्रमण को तत्काल खाली करने का निर्देश दिया। इसी तरह भोपा चौराहे पर सड़क की पटरियों पर ठेला लगाकर सड़क जाम को तुरन्त हटवा कर खाली कराया।

**दुकान के सामने सड़क पर कत्तई ना हो अतिक्रमण : आईपीएस मानुष पारीक**



एसडीएम ने जाम से निजात दिलाने के लिए दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़क किनारे कोई भी ठेला आदि की दुकानें नही लगेगा, जांच के दौरान पाए जाने पर उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज अवधेश पाण्डेय, सुनिल कुमार, चन्दन राय, विपिन बिहारी, हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार,अजय सिंह,अभिषेक तिवारी, रामचन्द्र यादव ,सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**एसडीएम ने जेसीबी सहित पकड़ा ट्रैक्टर ट्राली**

उपजिलाधिकारी चौरी चौरा शिवम सिंह ने क्षेत्र के बाल खुर्द के पास एक जेसीबी तथा ट्रैक्टर ट्राली अवैध रुप से मिट्टी खनन करते हुए पकड़ा गया। एसडीएम ने दोनो गाडियों को पकड़ कर चौरी चौरा पुलिस को सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह दोनो गाड़ियों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी।

# तीन के खिलाफ मारपीट का केस

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा फुलवरिया निवासी प्रेमचंद सिंह पुत्र दुखहरन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जमीन के रंजिश को लेकर मेरे गांव के अभिजीत सिंह, सरवन सिंह, उमेश एक जुट होकर गली देते हुए लाठी डंडे से मारने पीटने लगे इसी बीच अभिजीत सिंह ने टांगी से मेरे सिर पर वार कर दिया जिससे सिर पर गम्भीर चोटे आई है। बीच बचाव करने आए मेरे बेटे विशाल के कंधे पर भी वार कर घायल कर दिया। घटना की सूचना तत्काल 112 नंबर फोन कर कंट्रोल रूम में भी दिया था। पुलिस ने दोनों को ईलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेजवाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

# युवक की पिटाई करने वाले चार गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के खपड़हवा पुलिस पीकेट के पास बाइक पैर में लगने के कारण हुए मारपीट के मामले में पुलिस अजय की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर चार लोगों का शान्ति भंग में चालान कर दिया। जंगल टिकरिया निवासी बुद्धराम पुत्र सत्ती चौहान थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर एक के सकलदीपपुर में ससुराल गया था। रविवार की देर शाम साढू के लड़के को लेकर बाइक से पकौड़ी खिलाने गया था। बाइक खड़ा कर पास में एक ठेले पर पकौड़ी खा रहा था। जिसके बाइक के पास इसी गांव के टोला मोहरीपुर निवासी अजय पुत्र अम्बाली बाइक खड़ा किया था। बाइक निकलते समय बुद्धिराम के पैर लग गया था। बस इतनी बात पर दोनो के बीच हाथापाई मारपीट में बदल गई। अजय पक्ष के लोगों ने बुद्धिराम की पीटाई कर दिया। लोगों ने बीच बचाव किया तो वह भाग कर ससुराल पहुंचा था। दामाद के साथ मारपीट की घटना सुनकर ससुराल वाले आक्रोशित हो गये थे। घर लौट कर जा रहे अजय को दूसरे पक्ष के लोग ने लाठी डंडा व हॉकी से पीटाई कर लहुलुहान कर दिया। बीचोबीच करने अजय की बहन सोनम पहुंची तो उसको भी मारेपीटे जिससे उसके हाथ में चोट आई है। गुलरिहा इंस्पेक्टर एमके पाण्डेय ने बताया कि अजय की तहरीर पर बुद्धिराम, ब्यास मूनी, तेजू के खिलाफ 323, 504, 506 के तहत केस दर्ज कर चार का शान्ति भंग में चालान कर दिया गया है।

# दुष्कर्म के जुर्म में दो को बीस साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सामूहिक दुष्कर्म करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश नवल किशोर सिंह ने बेलीपार थाना क्षेत्र के ग्राम उत्तरी कोलिया निवासी अभियुक्त



कुंदन केवट व छोटकू को बीस साल के कठोर कारावास एवं बीस बीस हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को छः छः माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र त्रिपाठी एवं उमेश मिश्र का कहना था कि 20 मार्च 2013 की शाम करीब छः बजे वादिनी की लड़की शौच के लिए खेत की तरफ जा रही थी। रास्ते में अभियुक्तों ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष के बेटे की पिटाई, लूट का आरोप

**गोरखपुर (एसएनबी)।** खजनी थाने के नगर पंचायत उनवल के अध्यक्ष उमाशंकर निषाद के बेटे मोनू की गाड़ी से एक बच्ची को चोट लगने के बाद लोगों ने मोनू की जमकर पिटाई कर दी। मोनू ने पुलिस को बताया कि जान से मारने की नीयत से हमला किया गया साथ ही सोने की चेन लूट लिया है। इस मामले में पुलिस कार्रवाई में जुटी हैं। वहीं दूसरे पक्ष भी तहरीर दी हैं।

**गाड़ी की ठोकर से बच्ची के घायल होने पर नाराज लोगों ने मोनू की कर दी पिटाई**

**उनवल प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के अनुसार खजनी थाना क्षेत्र नगर पंचायत उनवल के नगर पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर निषाद के पुत्र मोनू कल रविवार शाम लगभग सात बजे गोरखपुर से वापस आ रहे थे। अचानक एक महिला ने कनराई गांव के पास एक मोड़ पर गाड़ी रोकी तब तक अचानक अज्ञात कुछ लोगो ने हमला कर दिया। जिसमे राजेश राना, दुर्गेश पुत्र गण जगलाल व विवेक पुत्र श्रीनाथ ग्राम कंदराई के साथ अज्ञात कुछ लोगो ने असलहा लेकर घेर लिया और जबरदस्ती सिर पर राजेश राना द्वारा असलहा लगाकर हमारा मोबाइल, गले में सोने की चेन, जेब में रखा हुआ लगभग 4500 रुपए और मोटर साइकिल छीनने लगे। इस दौरान असलहे के बट से लाठी व डंडे से सभी लोग एक राय होकर जान लेवा हमला किए। अचानक मारपीट में बेहोश हो गया तो मरा हुआ समझकर छोड़ दिए।हमारे गांव के बगल के रहने वाले कूड़ा भरत निवासी वेद प्रकाश त्रिपाठी पुत्र स्वरूभृगुनाथ त्रिपाठी गोरखपुर से आ रहे थे सड़क पर भीड़ देखकर रुके।तत्काल महुआडाबर चौकी पर घटना की सूचना दिए तो तत्काल चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचकर मोनू को पुलिस चौकी ले गई। इस मामले में इस्पेक्टर खजनी एकरार अहमद ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर 394,308 धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी हैं।

# साथ रहने के लिए थाने में पति से भिड़ीं दो पत्नियां

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (7 Nov): सहजनवां क्षेत्र के मकरहट निवासी एक व्यक्ति के दो शादी करने और पहली पत्नी के घर पर रहने के दौरान दूसरी को भी ले जाने पर दोनों पत्नियां पति के साथ अकेले रहने की जिद पर अड़ गईं. पहली पत्नी के भाई की शिकायत पर पुलिस ने पति को थाने बुलाया तो पहली पत्नी भी चली आई और थाने में साथ रहने के लिए दोनों भिड़ गए. पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ और कुछ दिन का समय देकर छोड़ दिया गया.

बताया गया है कि मकरहट निवासी एक युवक दिल्ली में मजदूरी करता है. सन 2010 में बिहार के सिवान जिले की रहनी वाली महिला से हिंदू रीति रिवाज से शादी कर ली. उससे सात वर्ष का एक बेटा व चार वर्ष की एक बेटी है. इसी दौरान दिल्ली में रहने वाली आजमगढ़ की एक विवाहित महिला से प्रेम हो गया. उसकी दो बेटी व एक बेटा है. छठ पर्व में पहली पत्नी बच्चों को साथ लेकर सिवान चली गयी. मौका पाकर पति दूसरी पत्नी को भी ले आया.

## दूसरी पत्नी के पक्ष में पति

जानकारी मिली तो पहली पत्नी मायके से ससुराल पहुंच गई और दूसरी पत्नी को घर से निकालने लगी. पति दूसरी पत्नी के पक्ष में खड़ा हो गया. घर में रहने को लेकर विवाद होने लगा. पहली पत्नी के भाई ने थाने में शिकायत कर दी. सोमवार को दोनों पत्नियां थाने पहुंचीं और पति के साथ रहने को थाने में ही भिड़ गईं. इसके बाद पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया. बाद में समझौता हुआ कि दूसरी पत्नी 10 दिन बाद दिल्ली चली जाएगी. थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि दोनों पत्नियों ने समझौता कर लिया है. विवाद का निस्तारण न्यायालय से कराने का निर्देश दिया गया है.

# जमीन पर कब्जे को लेकर मारपीट

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (7 Nov):गुलरिहा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जैनपुर के जंगली टोला में रविवार की रात सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में दस लोग घायल हो गए, पुलिस ने दोनों पक्षों से 11 लोगों को हिरासत में लिया है. दारोगा अश्विनी कुमार चौबे की तहरीर पर ग्राम प्रधान व उसके भाई समेत 24 के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है.

## कब्जे का कर रहे थे प्रयास

थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि जैनपुर के जंगली टोला में लगभग 50 डिसमिल सरकारी जमीन नहर पिच मार्ग पर स्थित है. जून 2022 से पहले निषाद पक्ष के लोग उस जमीन पर काबिज थे. राजस्व टीम द्वारा जमीन का सीमांकन कर अवैध कब्जे को हटा दिया गया था. इधर




कुछ दिनों से कुछ लोग जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे. दो दिन पहले कब्जे को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी भी हुई थी. इसी बात को लेकर रात में मारपीट हुई. बताया जा रहा कि दोनों पक्षों में कई बार मारपीट हुई है. थाना प्रभारी ने बताया कि भूमि पर कब्जा कराने में ग्राम प्रधान वाजिद अली व उनके भाई रियाज का नाम सामने आने के बाद दोनों के साथ कुल 24 लोगों के खिलाफ लोक संपत्ति निवारण अधिनियम व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है.

## इनके खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

पुलिस ने ग्राम प्रधान वाजिद अली, इनके भाई रियाज अहमद, शंकर, राजेंद्र कुमार, तेजपाल, बृजेश कुमार, जयप्रकाश, कन्हैया लाल, गोविंद, अजय, संजय, राजू, विद्या, मोहन, गोलू, अर्जुन, बेचू, जितेंद्र, सिकंदर, सुरेश, गोविंद, किस्मती देवी, रामबदन व लखन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है.

# स्टूडेंट्स ने किया नुक्कड़ नाटक बताया ट्रैफिक रूल्स का महत्व

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (7 Nov):** आर्य नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग में छात्राओं ने गोरखपुराइट्स को यातायात नियमों को लेकर जागरुक किया. डॉ. पूनम श्रीवास्तव ने बताया कि जागरुकता रैली का उद्देश्य आम जन मानस को यातायात के नियमों से अवगत कराना था. रैली को यातायात पुलिस अधीक्षक डॉ. महेंद्र पाल सिंह ने हरी झंडी दे कर रवाना किया. यह रैली कालेज से निकल कर तरंग क्रॉसिंग, जटाशंकर, धर्मशाला से होते हुए यातायात कार्यालय पहुंची. फिर वहां से यातायात कार्यालय से रेलवे स्टेशन पहुंची. जहां स्वयं सेविकाओं नें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया. इस रैली में



छात्राओं के साथ एसपी ट्रैफिक.

यातायात प्रिंसिपल डॉ. रीना त्रिपाठी, पुलिस उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह, अजीत कुमार पांडेय व यातायात मित्र संजय श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम श्रीवास्तव और डॉ. गीता पांडेय, डॉ. वैभव शरण पांडेय के संरक्षण में निकाली गई.

# पैसेंजर्स को बेहोश कर लूटने वाले 3 लुटेरों को कैंट पुलिस ने पकड़ा



GORAKHPUR (7 Nov): गोरखपुर रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और भीड़ भाड़ वाली जगहों पर पैसेंजर्स को झांसे में लेकर लूटने वाले 3 लूटेरे कैंट थाने की पुलिस ने अरेस्ट किए हैं. ये लूटेरे पैसेंजर्स को अपनी बातों में फंसाकर नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर देते हैं. इसके बाद उनका सामान और पैसा लेकर फुर्र हो जाते हैं. अरेस्ट होने वाले लूटेरों में विश्वजीत यादव, वीरेन्द्र मौर्या, बासुदेव शरण पांडेय का नाम शामिल है. तीनों के पास से पुलिस ने करीब 100 ग्राम अल्प्राजोलम बरामद किया है. इनके ऊपर एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है. अरेस्ट करने वाली पुलिस टीम में कैंट थाने के उप निरीक्षक शेर बहादुर सिंह, शशि किरण सिंह, मृत्युंजय कुमार राय, अवनीश कुमार पांडेय, कांस्टेबल आशीष चौधरी, रणजीत राम और राजेश सिंह का नाम शामिल है.

# रेस्टोरेंट कर्मचारियों से मारपीट में एक गिरफ्तार

**हि फॉलोअप**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। नौकायन रोड पर सर्किट हाउस के पास चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में रात दस बजे के बाद खाना खिलाने से मना करने पर कर्मचारियों की पिटाई के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि अन्य आरोपित अभी फरार हैं।

पुलिस ने इस मामले में रेस्टोरेंट के सीसी टीवी फुटेज के आधार पर रेस्टोरेंट संचालक की तहरीर पर डकैती व तोड़फोड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। हालांकि बाद में आरोपित पक्ष से भी क्रास केस दर्ज कर लिया था। उधर, रेस्टोरेंट में हुई घटना को लेकर सोमवार को दीवानी कचहरी के अधिवक्ता भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। वहीं रेस्टोरेंट संचालक के पक्ष से बेतियाहाता पार्षद विश्वजीत त्रिपाठी ने प्रेसवार्ता कर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है।

घटना एक नवम्बर की रात की है जिसमें रेस्टोरेंट संचालक राहुल सिंह की तहरीर पर रामगढ़ताल पुलिस ने चार नामजद समेत 19 के विरुद्ध डकैती,मारपीट, बलवा व तोड़फोड़ करने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में चिलुआताल के मानबेला टोला पतर कुंईया निवासी विनोद कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया है। उधर घटना के दो दिन बाद आरोपित पक्ष ने भी रेस्टोरेंट संचालक उनके साथी व एक पार्षद के खिलाफ डकैती, तोड़फोड़ व बलवा का मुकदमा दर्ज करा दिया।

## न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट के संचालक राहुल सिंह के पिता वीरेन्द्र कुमार सिंह दीवानी कचहरी के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ मारपीट तथा फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के मामले में बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के सभागार में सोमवार को एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय एवं संचालन मंत्री धीरेंद्र कुमार द्विवेदी ने किया। बैठक में इस घटना के साथ ही अधिवक्ता जगदीश नारायण शुक्ल की पुत्री की हत्या में भी पुलिस की कार्रवाई पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिवक्ता ने विरोध दिवस मनाते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म के जुर्म में दो अभियुक्तों को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा

गोरखपुर। सामूहिक दुष्कर्म का जुर्म सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश नवल किशोर सिंह ने बेलीपार थाना क्षेत्र के ग्राम उत्तरी कोलिया के रहने वाले अभियुक्तों कुंदन केवट व छोटकू को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ में 20-20 हजार का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर छह-छह माह की अतिरिक्त कैद काटनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र त्रिपाठी एवं उमेश मिश्र थे।

# सामूहिक दुष्कर्म के जुर्म में दो अभियुक्तों को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा

गोरखपुर। सामूहिक दुष्कर्म का जुर्म सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश नवल किशोर सिंह ने बेलीपार थाना क्षेत्र के ग्राम उत्तरी कोलिया के रहने वाले अभियुक्तों कुंदन केवट व छोटकू को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ में 20-20 हजार का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर छह-छह माह की अतिरिक्त कैद काटनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र त्रिपाठी एवं उमेश मिश्र थे।

# कार्तिक पूर्णिमा स्नान : सभी प्रमुख घाटों पर एसडीआरएफ तैनात

**जासं, गोरखपुर** : कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर सरयू व राप्ती नदी किनारे सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।



डा. गौरव ग्रोवर
एसएसपी

सभी प्रमुख घाटों पर एसडीआरएफ के साथ पीएसी व स्थानीय थाने के पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। गोरखपुर पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि यात्रा के लिए ट्राली-ट्रैक्टर का इस्तेमाल न करें।

कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के लिए गोरखपुर के राजघाट के अलावा कैम्पियरगंज में राप्ती तट पर भीड़ होती है। गोला और बड़हलगंज में सरयू तट पर भीड़ होती है। इन सभी स्थानों पर पुलिस प्रशासन ने सोमवार को व्यवस्था का जायजा लिया और सुरक्षा के प्रबधं किए। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने कैम्पियरगंज इलाके के घाट का निरीक्षण किया वहीं एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बड़हलगंज और गोला के घाट का निरीक्षण किया। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर सभी घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिसकर्मी भोर में चार बजे ही ड्यूटी प्वाइंट पर पहुंच जाएंगे।

# कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर पुलिस अलर्ट

गोरखपुर। कार्तिक पूर्णिमा के स्नान को लेकर पुलिस-प्रशासन भी अलर्ट है। राप्ती, रोहिन और सरयू नदी के उन सभी घटों पर जहां स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है पुलिस ने अपने स्तर से तैयारी कर ली है। सभी घाटों पर एसडीआरएफ की भी टीम लगाई गई है। इसके अलावा स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वह यात्रा के लिए ट्राली-ट्रैक्टर का इस्तेमाल न करें।

# हैदराबाद व देवरिया में मिलीं दो अपहृत किशारी

**जागरण संवाददाता,चरगांवा**: शाहपुर से गायब हुई दो किशोरी पुलिस को हैदराबाद व देवरिया जिले में मिलीं। अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पुलिस दोनों की तलाश में जुटी थी। दोनों ने बताया कि फेसबुक पर जान पहचान होने के बाद दोस्त के पास चली गई थीं।

शाहपुर क्षेत्र की रहने वाली दो किशोरी की जान पहचान फेसबुक पर देवरिया व हैदराबाद के रहने वाले युवक से थी। फोन पर बातचीत होने के बाद एक किशोरी पिछले साल दिसंबर में घर छोड़कर चली गई, जबकि दूसरी जुलाई 2022 से गायब थी। प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया कि स्जवन के सूचना देने पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही थी। सर्विलांस की मदद से दोनों किशोरियों को बरामद कर लिया गया। पूछताछ में एक किशोरी ने अपने दोस्त का नाम किशन और दूसरे ने बताने से मना कर दिया। छानबीन की जा रही है। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।



रेस्टोरेंट में उपद्रव करने का आरोपित विनोद ● जागरण

# रेस्टोरेंट में घुसकर उपद्रव करने वाला मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**जासं. गोरखपुर**: नौकायन रोड स्थित रेस्टोरेंट में साथियों संग उपद्रव करने वाले मुख्य आरोपित को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। दोपहर में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल सुधीर सिंह ने बताया कि चिलुआताल के मानबेला निवासी विनोद मिश्रा ने एक नवंबर की रात रेस्टोरेंट में साथियों संग घुसकर मारपीट की थी। संचालक राहुल सिंह की तहरीर पर विनोद व उसके साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है।

# कब्जे को लेकर मारपीट, प्रधान समेत 24 पर मुकदमा

- गुलरिहा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जैनपुर के जंगली टोला में हुई घटना
- सरकारी जमीन पर किया जा रहा था कब्जा, दोनों पक्षों से 11 हिरासत में

**जागरण संवाददाता, भटहट** : गुलरिहा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जैनपुर के जंगली टोला में रविवार की रात सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में दस लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों से 11 लोगों को हिरासत में लिया है। दारोगा अश्विनी कुमार चौबे की तहरीर पर ग्राम प्रधान व उसके भाई समेत 24 के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है ।

गुलरिहा थाने के थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि जैनपुर के जंगली टोला में लगभग 50 डिसमिल सरकारी जमीन नहर पिच मार्ग पर स्थित है। जून 2022 से पहले निषाद पक्ष के लोग उस जमीन पर काबिज थे। राजस्व टीम की ओर से जमीन का सीमांकन कर अवैध कब्जे को हटा दिया गया था। इधर, कुछ दिनों से गांव के कुछ लोग जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। कब्जे के लिए तमाम जतन किए गए। दो दिन पहले कब्जे को लेकर ही दोनों पक्षों में कहासुनी भी हुई थी। उसी बात को लेकर रात में मारपीट हुई। बताया जा रहा कि दोनों पक्षों में कई बार मारपीट हुई है। दोनों पक्ष जमीन पर अपना-अपना दावा ठोकते रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि सरकारी भूमि पर कब्जा कराने में ग्राम प्रधान वाजिद अली व उनके भाई रियाज का नाम सामने आया है। इसके बाद उक्त दोनों लोगों के साथ कुल 24 लोगों के विरुद्ध लोक संपत्ति निवारण अधिनियम व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, अब जिस पक्ष की ओर से कब्जा करने का प्रयास किया जाएगा, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### इन लोगों के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा

पुलिस ने ग्राम प्रधान वाजिद अली, इनके भाई रियाज अहमद, शंकर, राजेंद्र कुमार, तेजपाल, बृजेश कुमार, जयप्रकाश, कन्हैया लाल, गोविंद, अजय, संजय, राजू, विद्या, मोहन, गोलू, अर्जुन, बेचू, जितेंद्र, सिकंदर, सुरेश, गोविंद, किस्मती देवी, रामबदन व लखन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# आर्केस्ट्रा देखने के दौरान दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, कई घायल

- घटना के बाद सुरक्षा को लेकर गांव में पीएसी के जवान तैनात
- दो गंभीर रूप से घायल युवकों का मेडिकल कालेज में चल रहा इलाज

**जासं, पिपराइच**: आर्केस्ट्रा देखने के दौरान रविवार की रात सरण्डा व मुड़ियारी बुजुर्ग गांव के लोगों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। दोनों पक्षों से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस सीएचसी ले गई, जहां से डाक्टरों ने बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। गांव में शांति बनाए रखने को पीएसी व पुलिसबल तैनात कर दिया गया है।

सरण्डा गांव निवासी खदेरू मियां के लड़के की बारात रविवार की शाम को जा रही थी। इसमें आर्केस्ट्रा भी चल रहा था। रास्ते में मुड़ियारी बुजुर्ग गांव के युवकों से नाच देखने के दौरान वाद-विवाद हो गया। देखते-देखते दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे। इसमें सरण्डा गांव निवासी सलामुद्दीन व जमालुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी पिपराइच ले जाया गया, स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घटना में दूसरे पक्ष के राजन को भी गंभीर चोट लगी है। इसके अलावा मामूली रूप से कई लोग घायल हो गए। पुलिस रात भर गांव में मौजूद रही। सोमवार को सुबह आठ बजे बीती रात की घटना को लेकर एक बार फिर दोनों पक्ष लाठी डंडा के साथ आमने-सामने हुए। मौजूद पुलिस कर्मियों ने अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सीओ चौरीचौरा मानुष पारीक व थानाध्यक्ष सूरज सिंह फोर्स के साथ पहुंचकर स्थिति को संभाला है। सरण्डा निवासी नाजीर अली की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के मुड़ियारी गांव निवासी धर्मवीर, सुनील, निक्की, प्रिंस, राजन, अविनाश सहित छह अन्य पर बलवा का मुकदमा दर्ज किया है।

# युवक पर अपहरण का मुकदमा दर्ज

**जासं, झंगहा** : थाना क्षेत्र के महुवारी टोला के सन्नी पासवान पर पुलिस ने सोमवार को अपहरण के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। उसके ऊपर एक गांव के व्यक्ति ने बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है।

# दुष्कर्म के दो आरोपितों को 20 वर्ष का कारावास

**जासं. गोरखपुर**: नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश नवल किशोर सिंह ने बेलीपार थाना क्षेत्र के ग्राम उत्तरी कोलिया निवासी कुंदन केवट व छोटकू को 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 20- 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र त्रिपाठी एवं उमेश मिश्र का कहना था कि 20 मार्च 2013 की शाम करीब छह बजे वादिनी की लड़की शौच के लिए खेत की तरफ जा रही थी। रास्ते में अभियुक्तों ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

**देसी शराब की दुकान में चोरी**

**जासं. गोरखपुर** : दाउदपुर स्थित देसी शराब की दुकान का ताला तोड़कर चोर 14 पेटी शराब उठा ले गए। मोहल्ले के रहने वाले अश्वनी ने बताया कि दुकान में चोरी न हो, इसलिए सेल्समैन रात को अंदर सोता था। दो दिन पहले चौकी प्रभारी ने रोक दिया, जिसके बाद से दुकान में कोई सोता नहीं था।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को 20 साल की सजा

गोरखपुर। सामूहिक दुष्कर्म का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश नवल किशोर सिंह ने बेलीपार थाना क्षेत्र के ग्राम उत्तरी कोलिया निवासी अभियुक्त कुंदन केवट व छोटकू को 20 साल के कठोर कारावास एवं 20-20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को छह- छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र त्रिपाठी एवं उमेश मिश्र का कहना था कि 20 मार्च 2013 की शाम करीब छह बजे वादिनी की लड़की शौच के लिए खेत की तरफ जा रही थी। अभियुक्तों ने उसे पकड़ लिया और दुष्कर्म किया। ब्यूरो

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 08-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि. 01/11/22

# किशोरी के अपहरण के मामले में केस दर्ज

**लार (एसएनबी)।** लार थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के गायब होने के मामले में लार पुलिस ने किशोरी की माता के तहरीर पर गांव के एक नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध अपहरण व एससी एसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। लार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने लार पुलिस को लिखित शिकायत पत्र देते हुए बताया है कि मेरी पुत्री 30 अक्टूबर की रात लगभग 945 बजे शौच हेतु शौचालय में गई थी। वहीं से मेरे ही गांव का प्रशान्त साहनी पुत्र केदार साहनी व दो अज्ञात लोगों ने जबरन शौचालय से उठा ले गए। शौचालय की बाल्टी गिरकर बाहर की तरफ आई तो मैं और मेरे पति दौड़ कर गए तो देखा कि मेरी लड़की नहीं है। शौचालय के पिछे के रास्ते से मेरी लड़की को जबरन उठा ले गये हैं। भागने का और मेरी लड़की के पैर का निशान पानी से भीगा हुआ व जूते का निशान दिखा। उसी समय लगातार इधर-उधर खोज बीन किया गया और प्रशान्त के घर गई तो प्रशान्त घर पर नहीं मिला। प्रशान्त दो दिन पहले मेरी लड़की को धमकी दिया था कि तुमको अपने मित्रों के सहयोग से उठा ले जाएगें तभी से मेरी लड़की डरी-सहमी रहती थी। उक्त सम्बन्ध में लार पुलिस ने किशोरी की माता की तहरीर पर प्रशान्त साहनी एवं दो अज्ञात के विरुद्ध अपहरण की धारा 363 व एससी एसटी एक्ट 3 (2) (भी) आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि. 08।11।22

# पुलिस महकमे में व्यापक फेरबदल

देवरिया।

सहारा न्यूज ब्यूरो

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस महकमे में व्यापक पैमाने पर फेरबदल किया है। इस फेरबदल में इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल शामिल हैं।

सोमवार को पुलिस महकमे में किये गये फेरबदल में इंस्पेक्टर अनिल कुमार पाण्डेय प्रभारी यूपी-112 को पुलिस लाइन, इंस्पेक्टर विजय सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी डीसीआरबी, इंस्पेक्टर गोपाल पाण्डेय को प्रभारी डीसीआरबी से प्रभारी यूपी-112, इंस्पेक्टर रामविलास यादव को अपराध शाखा से चुनाव सेल, इंस्पेक्टर लालजी यादव को अपराध शाखा से महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की जनपदीय इकाई स्थानान्तरित किया गया है।

इसी प्रकार एस.आई. राकेश कुमार पाण्डेय को पुलिस लाइन से चौकी मझौलीराज(सलेमपुर), एस.आई. विरेन्द्र कुमार को पुलिस लाइन से थाना एएचटीयू, एस.आई. गुलाब चन्द्र यादव को पुलिस लाइन से थाना कोतवाली, एस.आई. राजेन्द्र पाल सिंह को पुलिस लाइन से थाना एकौना, एस.आई. गोरख यादव को पुलिस लाइन से थाना खुखुन्दू, एस.आई. सुबाष चन्द्र को पुलिस लाइन से थाना बनकटा, एस.आई. बाबूलाल विश्वकर्मा को पुलिस लाइन से थाना गौरीबाजार, एस.आई. शिववचन सिंह को पुलिस लाइन से थाना रूद्रपुर, एसआई. आलोक पटेल को थाना एकौना से पुलिस लाइन, एस.आई. अशोक तिवारी को थाना मईल से थाना खामपार, एस.आई. अखिलेश यादव को थाना खुखुन्दू से थाना कोतवाली, एस.आई. राधेमोहन पाण्डेय को थाना श्रीरामपुर से शिकायत प्रकोष्ठ, एस.आई. सुशील कुमार सिंह को चौकी मझौली राज(सलेमपुर) से थाना बरहज स्थानान्तरित किया गया है।

इसी प्रकार हेड कां. अजीत पाठक को यातायात कार्यालय से अभियोजन कार्यालय स्थानान्तरित किया गया है। इसके अलावा कां. सुशील कुमार दीक्षित को पुलिस लाइन से थाना गौरीबाजार, कां. आलोक मिश्रा को थाना श्रीरामपुर से पुलिस लाइन, कां. सुमन्त यादव को पुलिस लाइन से थाना बरहज, कां. कृष्ण गोपाल गोंड को थाना तरकुलवा से थाना खुखुन्दू, कां. जगरनाथ राम को थाना सलेमपुर से थाना खुखुन्दू, कां. जितेन्द्र पटेल को थाना बरहज से थाना भलुअनी, कां. सुनील यादव को थाना एकौना से थाना गौरीबाजार स्थानान्तरित किया गया है।

उधर यूपी-112 में समयावधि/प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले जिन पुलिसकर्मियों को जनपदीय स्थापना बोर्ड के अनुमोदनोपरान्त स्थानान्तरित किया गया है। उनमें एस.आई. अबरार अहमद को यूपी डायल-112 से थाना बरियारपुर, एस.आई. रमेश चन्द्र तिवारी को यूपी डायल-112 से थाना भलुअनी, एस.आई. बृजलाल कन्नौजिया को यूपी डायल-112 से थाना बघौचघाट, एस.आई. श्रीप्रकाश पाण्डेय को यूपी डायल-113 से थाना बनकटा, एस.आई. सुरेश राम चौधरी व एस.आई. श्याम नारायण यादव को यूपी डायल-112 से थाना कोतवाली, एस.आई. अलाउद्दीन अली को यूपी डायल-112 से थाना लार, एस.आई. छोटेलाल को यूपी डायल-112 से थाना बनकटा, एस.आई. सुदर्शन सिंह को यूपी डायल-112 से थाना बरियारपुर, एस.आई. जगनारायण राय को यूपी डायल-112 से थाना सलेमपुर, हेड कां. मोहम्मद जमशेद खां, हेड. कां. ताजुद्दीन सिद्दीकी, हेड. कां. इफ्तिखार हुसेन व हेड. कां. अजय कुमार को यूपी डायल-112 से पुलिस लाइन स्थानान्तरित किया गया है।

इसी प्रकार कां. अंकित यादव को यूपी डायल-112 से थाना सलेमपुर, कां. गणेश कुमार को यूपी डायल-112 से थाना गौरीबाजार स्थानान्तरित किया गया है।

उधर हेड कां. नन्दलाल को थाना रामपुर कारखाना से यूपी डायल-112 से थाना लार, हेड. कां. आनन्द स्वरूप उपाध्याय को थाना रूद्रपुर से यूपी डायल-112 से थाना खामपार, हेड कां. रामतेज को थाना सलेमपुर से यूपी डायल-113 थाना तरकुलवा, हेड कां. पप्पू राय को थाना भाटपाररानी से यूपी डायल-112 थाना भलुअनी, हेड कां. सुशील कुमार राय को थाना रामपुर कारखाना से यूपी डायल-112 थाना भलुअनी, महिला हेड कां. चन्द्रकला सिंह को थाना बरहजा से यूपी डायल-112 रिजर्व, हेड. कां. रामजी यादव को हेड मुहर्रिर मईल से यूपी डायल-112 थाना तरकुलवा, हेड कां. पारसनाथ को यूपी डायल-112 थाना भाटपाररानी, हेड कां. अशोक पासवान को थाना बघौचघाट से यूपी डायल-112 थाना भटनी, हेड कां. मिथिलेश कुमार को थाना बरहज से यूपी डायल-112 गौरीबाजार, महिला हेड कां. विमलावती देवी को थाना भलुअनी से यूपी डायल-112 थाना बघौचघाट, कां. रविन्द्र कुमार जायसवाल को थाना लार से यूपी डायल-112 थाना खामपार, कां. विजय कुमार को थाना खामपार से यूपी डायल 112 थाना लार, कां. मुकेश कुमार मौर्य को थाना बनकटा से यूपी डायल-112 रिजर्व, कां. अविनाश कुमार जायसवाल को थाना भाटपाररानी से यूपी डायल-112 रिजर्व, कां. विनय प्रजापति को थाना महुआडीह से यूपी डायल-113 थाना भाटपाररानी, कां. गौरव कुमार गोंड को थाना सलेमपुर से यूपी डायल-112 थाना रामपुर कारखाना, कां. सुदीप प्रजापति, कां. रत्नेश कुमार सिंह व कां. हरिगोविन्द सिंह को थाना बघौचघाट से यूपी डायल-112 रिजर्व स्थानान्तरित किया गया है। उधर एस.आई. सुमित राय को फील्ड यूनिट से थाना खुखुन्दू, एस.आई. जयराम यादव को पुलिस लाइन से फील्ड यूनिट स्थानान्तरित किया गया है।

# घर में घुसकर छेड़छाड़ का केस दर्ज

**भाटपाररानी (एसएनबी)** सोमवार को खामपार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।जिसे लेकर खामपार की पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ का केस दर्ज कर न्यायालय के लिए चालान कर दी है। खामपार थाना क्षेत्र के बंगरा बाजार में एक व्यक्ति के परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे, इसी बीच खामपार थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी एक व्यक्ति बंगरा बाजार गांव निवासी व्यक्ति के घर में घुसने की जानकारी परिजनों को लग गई।परिजन सतर्क हो गए, पड़ोसी व परिजन मिलकर आरोपी को पकड़कर पिटाई कर दी।पिटाई करने के पश्चात ग्रामीण व परिजनों द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर ली। गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस ने घर में घुसकर छेड़छाड़ के मामले में न्यायालय के लिए चालान कर दी है। इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध घर में घुसने व घर में घुसकर छेड़छाड़ का अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया गया है।

# 21 पुलिसकर्मियों को दिया गया प्रमाणपत्र

**देवरिया।** गत 14 अक्टूबर से सात नवम्बर तक जिला प्रशिक्षण इकाई द्वारा यूपी-112 परियोजना के अन्तर्गत संचालित 18 दिवसीय फ्रेशर प्रशिक्षण में जनपद के डायल 112 में नियुक्त 21 पुलिस कर्मियों को फ्रेशर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें एक उप निरीक्षक, 9 मुख्य आरक्षी, दो महिला मुख्य आरक्षी एवं 9 आरक्षी शामिल रहे। प्रशिक्षणार्थियों को क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी ने प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को यूपी-112 में प्रयुक्त विभिन्न तकनीकों का परिचय, मानव मूल्य, एसओएस, संचार तथा बातचीत कौशल, विवाद प्रबंधन हेतु तार्किक एवं विश्लेषात्मक दृष्टिकोण, एमडीटी की कार्यप्रणाली,जीआईएस तथा पीओआई, घटना के प्रकार, एटीआर तथा डिस्पोजिशन कोड, तनाव अभिप्रेरणा, स्वास्थ्य एवं जीवन की प्रबंधन शैली, आपदा प्रबंधन, एचआरएमएस,यातायात के नियम तथा प्रबंधन, अग्नि संबंधी मुद्दे, महिला संबंधी मुद्दे आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी ने प्रशिक्षण में बतायी गयी बातों पर अमल करने तथा उनका सदुपयोग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। इस मौके पर जिला प्रशिक्षण इकाई के प्रभारी डा. शिवेन्द्र कुमार शर्मा, प्रसार निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, थाना एएचटीयू के प्रभारी निरीक्षक तेज जगन्नाथ सिंह, यूपी डायल 112 के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान 08/11/22

# आईजीआरएस की रैंकिंग में जिला प्रथम

देवरिया। प्रदेश सरकार की आनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल से प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध और गुणवतापूर्ण तरीके से निस्तारित करने में जिले की पुलिस को अक्तूबर महीने की रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस पर आईजीआरएस शाखा को एसपी ने पुरस्कृत किया है।

जिले की पुलिस को जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री कार्यालय से मूल्यांकन किया गया तो प्रदेश के सभी 75 जनपदों में देवरिया की कार्रवाई काफी अच्छी रही। इस आधार पर जिले का स्थान प्रथम रहा। जनसुनवाई पोर्टल से प्राप्त शिकायतों को पुलिस आफिस में गठित आईजीआरएस सेल द्वारा थानों पर ऑनलाइन भेजा जाता है।

हिन्दुस्तान दि० 08/11/22

# यूपी-112 फ्रेशर कोर्स का दिया गया प्रमाण पत्र

देवरिया। पुलिस लाइन सभागार में सोमवार को यूपी-112 परियोजना के 21 प्रशिक्षणार्थियों को सीओ सदर ने प्रमाण पत्र सौंपा। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने 18 दिनों का फ्रेशर प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

जनपद के थानों में नियुक्त पुलिसकर्मियों के डायल 112 में नियुक्त होने के उपरांत 21 अप्रशिक्षित कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें एक उपनिरीक्षक, 9 हेड कांस्टेबल, 2 महिला हेडकांस्टेबल एवं 9 कांस्टेबल प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें यूपी-112 में प्रयुक्त विभिन्न तकनीकों का परिचय, मानव मूल्य, एसओएस, संचार तथा बातचीत कौशल, विवाद प्रबंधन हेतु तार्किक एवं विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण, एमडीटी की कार्यप्रणाली, जीआईएस तथा पीओआई, घटना के प्रकार, एटीआर तथा डिस्पोजिशन कोड, तनाव अभिप्रेरणा, स्वास्थ्य एवं जीवन की प्रबंधन शैली, आपदा प्रबंधन, यातायात के नियम तथा प्रबंधन, अग्नि संबंधी मुद्दे, महिला संबंधी प्रकरणों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के बाद सफल प्रशिक्षणार्थियों को क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान प्रभारी ज़िला प्रशिक्षण इकाई डॉ. शिवेन्द्र कुमार शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना जगन्नाथ सिंह आदि रहे।

हिन्दुस्तान 07/11/22

# 64 पुलिस कर्मियों का हुआ तबादला

देवरिया। जिले के 5 इंस्पेक्टर, 25 दरोगाओं समेत 64 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में पुलिस अधीक्षक ने बदलाव किया है। एसपी संकल्प शर्मा ने रविवार की देर देर रात महकमे के पांच इंस्पेक्टर व 25 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया।

डायल 112 के प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल पाण्डेय को पुलिस लाइन, निरीक्षक विजय सिंह को पुलिस लाइन से डीसीआरबी प्रभारी, निरीक्षक गोपाल पाण्डेय को डीसीआरबी से प्रभारी डायल 112, इंस्पेक्टर रामविलास यादव अपराध शाखा से चुनाव सेल में तबादला किया गया है।

दैनिक जागरण दि. 08/11/22

# डिक्की से 4.51 लाख चुराने में शामिल थे दो उचक्के

जासं, लार, देवरिया: मुनीब की डिक्की से रविवार को 4.51 लाख रुपये चुराने के मामले में पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है। छानबीन में दो उचक्कों के शामिल होने की बात सामने आई है। फर्म के प्रोपराइटर की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओजी व पुलिस टीम उचक्कों की तलाश में जुटी है। कई लोगों से पूछताछ की है।

बरहज नगर पालिका परिषद के मेन रोड पटेल नगर के रहने वाले अभिषेक जायसवाल मेसर्स जायसवाल एजेंसी फर्म के पार्टनर हैं। वह खाद, बीज, सीमेंट, पारले बिस्टिक, चीनी आदि सामानों की थोक बिक्री करते हैं।

रविवार को फर्म के दो कर्मचारी पैना के अजय पांडेय व उसरा मोहांव गांव के अनुज प्रसाद बकाया वसूली के लिए बाइक से लार आए थे। लार के गांधी मार्केट में उन्होंने बाइक खड़ी कर दी।

डिक्की में 4.51 लाख रुपये रखकर दुकान से रुपये वसूल रहे थे। इसी बीच दो अज्ञात व्यक्तियों ने डिक्की का लाक खोलकर 4.51 लाख रुपये लेकर भाग गए। इस मामले अभिषेक जायसवाल की तहरीर पर दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। एसओजी व पुलिस की जांच में पता चला कि उचक्के बिना नंबर प्लेट बाइक से आए थे। सीसी फुटेज से कई महत्वपूर्ण जानकारी हासिल हुई है। पुलिस छानबीन में लगी है।

**फालोअप**

## लार रोड में एसओजी ने सीसी कैमरा खंगाला

लार रोड : डिक्की से रुपये उड़ाने के मामले में एसओजी ने सोमवार को सीसी कैमरे खंगाले। लार से लार रोड कस्बे के बीच लगे सभी सीसी कैमरों की फुटेज की जांच की गई। यह कैमरे सराफा की दुकानों, माल आदि जगहों पर लगे हैं। कर्मचारी ने लार रोड के खाद व्यवसायी इंद्र देव गुप्त से एक लाख रुपये नकदी प्राप्त किए थे।

## उचक्कों ने की थी रेकी

पुलिस की मानें तो उचक्कों की नजर दोनों कर्मचारियों पर कई दिनों से थी। वह वसूली के बारे में पूरी जानकारी रखते थे। पुलिस को शक है कि इस काम में किसी करीबी का हाथ है। फिलहाल पुलिस चोरों तक पहुंचने में लगी है।

"चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दो उचक्के घटना में शामिल हैं। उनकी पहचान की जा रही है। उम्मीद है कि जल्द ही दोनों गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

**संकल्प शर्मा**, एसपी

दैनिक जागरण 08/01/22

# भाजपा सेक्टर प्रभारी पर छेड़खानी का मुकदमा

सलेमपुर : भाजपा सेक्टर प्रभारी पर कोतवाली पुलिस ने छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। भाजपा नेता राघवेंद्र ने दो दिन पहले दलित अधिनियम व मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार को नया मोड़ आ गया। दूसरे पक्ष ने भाजपा नेता पर छेड़खानी व मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि भाजपा नेता पर मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना की जा रही है। (जासं)

अ. उजाला 11/8/22

# पुलिस ने महिला का शव पिता को सौंपा

भटनी। प्रसव के दौरान महिला की मौत के मामले में पुलिस ने सोमवार शाम पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव पिता को सौंप दिया। पिता ने हिंदू रीति-रिवाज से बेटी का अंतिम संस्कार करने की अपील की थी। वहीं, नवजात बच्ची अभी अस्पताल में है, जहां उसकी देखभाल ससुराल पक्ष के लोग कर रहे हैं।

भटनी क्षेत्र के एक गांव में रविवार को प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गई थी। ससुराल वाले कब्रिस्तान पर उसका अंतिम संस्कार कर दिए थे। तभी पिता ने पति और अन्य परिजनों पर हत्या का आरोप लगा शिकायत पुलिस से की थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कब्रिस्तान से शव निकलवा पोस्टमार्टम को भेजा था।

सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद पिता की अपील पर पुलिस ने शव को मायके पक्ष के लोगों को दे दिया। सोमवार को छोटी गंडक घाट पर हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार हुआ। संवाद

अमर उजाला दि. 08/11/22

# लार पुलिस व एसओजी के रडार पर बिहार के उचक्के

## सरेराह मुनीम की बाइक की डिकी से 4.50 लाख रुपये निकालने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

लार। सरेराह नगर के गांधी मार्केट से मुनीम कीबाइक की डिकी तोड़कर रविवार को उचक्के ने 4.50 लाख रुपये उड़ा दिए। सक्रिय हुई पुलिस व एसओजी उचक्कों की तलाश में जुट गई।

सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर उच्चकों की बिहार की तरफ जाते हुई लोकेशन मिली है। शक है कि बिहार के ही उचक्कों ने घटना को अंजाम दिया है। सोमवार को पुलिस बिहार पहुंचकर तलाश में जुटी रही।

बरहज थाना क्षेत्र के पैना निवासी अजय पांडेय बरहज के ही एक व्यवसायी के यहां रह कर मुनीम का काम करते हैं। रविवार को वह लार में व्यवसायियों से बकाया रुपये की वसूली कर रहे थे।

वसूली में मिले रुपये रखने के लिए डिकी खोले तो पहले से रखे 4.50 लाख रुपये गायब थे। यह देख वह सन्न रह गए। घटना की जानकारी उन्होंने फोन कर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मुनीम से जानकारी लेकर उचक्कों की तलाश में जुट गई।

एसपी संकल्प शर्मा के निर्देश पर पहुंची एसओजी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पास की दुकानों का फुटेज खंगाला। इसमें वारदात की तस्वीर कैद है।

### रुपये बांटने की सूचना पर परेशान रही पुलिस

लार। आए दिन बाजार में हो रही घटनाओं ने पुलिस का सिरदर्द बढ़ा दिया है। रविवार को मुनीम के बाइक की डिकी से उचक्के 4.50 लाख रुपये उड़ा दिए। पुलिस इसकी जांच कर रही थी। इसी बीच देर रात किसी ने कस्बा चौकी के पुलिस कर्मियों को फोन कर सूचना दी कि मुनीम के 4.50 लाख लेकर भागे बदमाश रुपये का बंटवारा नगर के उत्तर तरफ स्थित एक बागीचे में कर रहे हैं। पुलिस सक्रिय हुई और बताए गए बागीचे की तलाशी ली, लेकिन कोई नहीं मिला।

अमर उजाला दि. 08/11/22

# भाजपा सेक्टर प्रमुख पर मारपीट और छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

## पति के साथ भोर में टहलने गई महिला की पिटाई कर की थी छेड़छाड़

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। भाजपा सेक्टर प्रमुख पर कोतवाली पुलिस ने मारपीट कर एक महिला के साथ छेड़खानी करने के मामले में केस दर्ज किया है।

आरोप है कि पीड़ित व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ भोर में टहलने गया था, जहां भाजपा नेता समेत चार लोगों ने उनकी पिटाई कर दी। इसी बीच भाजपा सेक्टर प्रमुख ने उनकी पत्नी के साथ छेड़खानी कर दी।

कोतवाली थाना क्षेत्र के हरैया वार्ड नंबर आठ निवासी विजय प्रजापति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि एक नवंबर की रात करीब 11:30 मेरे पिता रामचंद्र का कोतवाली थाना क्षेत्र के हड्डुआ उर्फ औरंगाबाद निवासी राघवेंद्र पासवान उर्फ चंदन से झगड़ा हुआ था।

### आरोप लगाने वाले व्यक्ति के पिता से हुई थी पूर्व में झड़प

### जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया

इसके बाद उसके परिवार के लोग वापस घर चले गए थे। चार नवंबर की भोर करीब 4:30 बजे वह अपनी पत्नी के साथ नवलपुर रोड पर टहल रहा था कि उसी समय औरंगाबाद मोड़ के सामने कुछ दूरी पर राघवेंद्र पासवान व गोरख पासवान व अज्ञात दो लोग उनके पास आए और इसी के बाप से झगड़ा हुआ है, कहते हुए मुझे व मेरी पत्नी को मारने-पीटने लगे।

इसी दौरान राघवेंद्र पासवान ने मेरी पत्नी के साथ छेड़छाड़, अभद्र भाषा का प्रयोग व दुर्व्यवहार किया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी।

विजय प्रजापति की तहरीर पर पुलिस ने भाजपा सेक्टर प्रमुख राघवेंद्र पासवान उर्फ चंदन, गोरख पासवान व अज्ञात दो लोगों के खिलाफ मारपीट व छेड़खानी का केस दर्ज किया है।

कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि मारपीट व छेड़खानी के मामले में भाजमा सेक्टर प्रमुख समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-11-2022

# चोरी के मोटर संग पकड़ा गया चोर

**पडरौना।** एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को पडरौना कोतवाली पुलिस ने चोरी के दर्ज मुकदमे के संबंधित अभियुक्त प्रिन्स पुत्र बबलू गोंड निवासी बाड़ी टोला कस्बा पडरौना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गये पानी के मोटर को बरामद किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर दर्ज मुकदमे में धारा 411 भादंवि की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जुआ एक्ट में चार गिरफ्तार

पडरौना। अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने सोमवार को जुआ खेलने के आरोप में तास के पत्ते व रुपयों के साथ 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस बाबत पुलिस ने बताया कि विनय कुमार गौतम पुत्र रामकैश गौतम, सन्तु पुत्र राम कवल प्रसाद, नूरेहसन पुत्र नूर मोहम्मद एवं सूरज कुमार पुत्र अनिरूद्ध प्रसाद निवासी भलुहा (पोखरा टोला) थाना अहिरौली बाजार को गिरफ्तार कर मौके से 52 तास के पत्ते व 2800 रुपये नगद बरामद किया गया।

# खूनी संघर्ष मामले में दूसरे पक्ष के 11 लोगों पर केस

## कार्रवाई

- कोतवाली के मइला गांव में 29 अक्तूबर की रात दो पक्षों में हुआ था संघर्ष
- एक पक्ष की तहरीर पर सात, दूसरे पक्ष की तहरीर पर 11 के खिलाफ केस

पिपरा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के मइला गांव में दो पक्षों में खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर 11 लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर टांगी व फरसे से हमला करने का आरोप लगाया है।

पडरौना कोतवाली क्षेत्र के मइला गांव में 29 अक्तूबर की रात 8 बजे के बाद दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ। इसमें दोनों पक्षों से लोग घायल हो गए थे। इलाज के बाद मंजूर आलम पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने अख्तर पक्ष के सात लोगों पर केस दर्ज किया था। इसी क्रम में दूसरे पक्ष ने भी मंजूर आलम पक्ष के 11 लोगों पर केस दर्ज कराया है। इसमें पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में पुलिस ने मंजूर, वशीरून, अफरोज, सन्नो, रहमतुल्लाह, नजरीन, जफरुद्दीन, अशोक, मुकेश, रामाश्रय, अतिउल्लाह पर केस दर्ज किया है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामलें दोनों पक्षों की तरफ से केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

पडरौना। सेवरही थाने की पुलिस ने सोमवार को हत्या के प्रयास के मामले में दर्ज मुकदमे के वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। धारा 307 एवं 342 भादंवि से संबंधित वारंटी मुक्तीनाथ राय पुत्र रामपति राय निवासी कस्बा सेवरही थाना सेवरही हाल पता सरगटिया करन पट्टी थाना सेवरही न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था।

# वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पडरौना। वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम द्वारा वारंटी विनोद पुत्र प्रेम निवासी मोतीचक थाना अहिरौली बाजार को गिरफ्तार किया गया।

# बच्चों को शारीरिक विकास का प्रशिक्षण जरूरी: सीओ

## जागरूकता

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा ब्लाक के ग्राम सोहरौना स्थित कान्ती देवी इंटरमीडिएट कॉलेज में सोमवार को त्रिदिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रशिक्षक डेविड पटेल व दशरथ शर्मा के देखरेख में हुआ।

इसमें बच्चों को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी खड्डा संदीप वर्मा ने स्काउट गाइड के उपयोगिता के बारे में बताने के साथ बच्चों को साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि स्काउट गाइड से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है और बच्चे इससे अनुशासित बनते हैं। सीओ ने छात्र छात्राओं को महिला हेल्पलाइन की विस्तार से जानकारी दी। साइबर अपराध के तौर तरीके समझा कर उन्होंने छात्र छात्राओं को इसके प्रति जागरूक किया। साइबल अपराध के प्रति सावधान करते हुए कहा कि जरा सी चूक से कोई भी साइबर अपराधियों के चंगुल में फंस सकता है। इसलिए खुद भी सावधान रहें तथा आसपास के लोगों को भी इसके प्रति सजग बनाएं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामनरेश , प्रधानाचार्य ओमप्रकाश, गेंदा सिंह, नागेन्द्र चौरसिया, जितेंद्र सिंह, अखिलेश भारती, प्रवीण कुमार पाण्डेय, गोविन्द सिंह, गंगासागर कुशवाहा, देवेन्द्र कुशवाहा व हरिगोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



सोहरौना में पार्किंग स्थल का निरीक्षण करते दाएं से एएसपी रितेश कुमार सिंह, एसपी धवल जायसवाल, सीओ कुंदन सिंह ● जागरण

# बांसी मेला आज, ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

## कार्तिक पूर्णिमा पर ऐतिहासिक मेले को लेकर एसपी ने जांची सुरक्षा व्यवस्था, सीओ व थानेदार को निर्देश

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** मंगलवार को पड़ रहे कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर बांसी मेले में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ऐतिहासिक इस मेले में हर बार की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान-दान के लिए जुटेंगे। श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो इसे लेकर सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

मेले में होने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर रख रही है। भीड़ का फायदा उठाते हुए कोई खुराफात न कर दे, इसके लिए ड्रोन कैमरे से पल-पल की निगरानी होगी। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल, एएसपी रितेश कुमार सिंह सोमवार को सुरक्षा व्यवस्था परखने मेला व पार्किंग स्थल पहुंचे। सुरक्षा को लेकर अधिकारियों ने मातहतों को निर्देशित किया।

बांसी मेले में पहुंच कर अधिकारियों ने मेला स्थल, घाट, पार्किंग, रूट डायवर्जन व्यवस्था एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मेले में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। कोई भी खुराफात न करने पाए, इसे लेकर पूरी सतर्कता बरती जाए। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। व्यवधान उत्पन्न करने



सोहसा दुबौली घाट पर देव दीपावली के अवसर पर दीया जलाते लोग ● जागरण

वालों के विरुद्ध तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। नदी किनारे घाटों पर उचित प्रकाश की व्यवस्था हो ताकि श्रद्धालुओं को स्नान करने में समस्या न हो। यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह, कोतवाल राजप्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**देव दीपावली पर्व पर जगमग हुआ सोहसा घाट, विकास की उठी मांग**

टेकुआटारःदेव दीपवाली के अवसर पर सोमवार की शाम छोटी गंडक का सोहसा-दुबौली घाट दीपांजलि से जगमग हो उठा। दर्जनों गांव के सैकड़ों लोगों ने दीप जलाकर घाट के विकास की मांग उठाई और जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया। देवी-देवताओं की प्रार्थना कर इस पुनीत कार्य को संपंन कराने की मन्नत भी मांगी गई। क्षेत्र के सोहसा, परवरपार, मंझरिया, दुबौली, परेवाटार, भठहीं, अहिरौली, गोबरहीं, टेकुआटार, डुमरी चुरामन छपरा, पतई, नकहनी, खड्डा, चेगौंना, चिउटहां, मदरहां सहित दर्जनों गांव का यह घाट है। इसी घाट पर अंत्येष्टि होती है लेकिन कोई सुविधा नहीं है। बरसात के दिनों में लोगों को काफी कठिनाई उठानी पड़ती है। आयोजक संस्था सचिव डा. हरिओम श्र ने कहा कि घाट अनेक आयोजनों से जुड़ा होने के बाद भी उपेक्षित है। विधायक व सांसद से इसके विकास की मांग की जाएगी। आदित्य पांडेय, शिवाकांत ओझा, ग्राम प्रधान सेवालाल यादव, नयी दिशा उपाध्यक्ष इंद्र कुमार



सोहरौना मे पार्किंग स्थल का निरीक्षण करते दाएं से एएसपी रितेश कुमार सिंह, एसपी धवल जायसवाल, सीओ कुंदन सिंह ● जागरण

मिश्र, अजय कुमार, शिव कुमार पांडेय, अमरनाथ मद्देशिया, महंत, रमेश जायसवाल, राधेश्याम गोंड़, आशुतोष मिश्र, हेमंत मिश्र, नीतीश गोंड़ आदि उपस्थित रहे।

**ग्रस्तोदित चन्द्रग्रहण आज**

महर्षि पाराशर ज्योतिष संस्थान के ज्योतिषाचार्य पं.राकेश पाण्डेय के अनुसार कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा मंगलवार को ग्रस्तोदित चन्द्रग्रहण लग रहा है, जो भारत में ग्रस्तोदित चन्द्र ग्रहण के रूप में दिखाई देगा। भारतीय मानक समय के अनुसार ग्रहण का स्पर्श सायं 05:09 बजे व मोक्ष 06:19 बजे होगा।

यह चन्द्रग्रहण भरणी नक्षत्र व मेष राशि पर लग रहा है, जो सम्पूर्ण भारत में दृश्य होगा। एक ही माह में दो ग्रहण लगने से इसका दुष्प्रभाव देखने को मिल सकता है। दोनों ही ग्रहण मंगलवार के ही दिन होने से अग्नि तत्व तथा विष्फोटक तत्वों का उदय हो सकता है।जनमानस को चाहिए कि ग्रहण के समय भगवान शिव व शक्ति की आराधना निष्ठा पूर्वक करें। ग्रहण का विभिन्न राशियों पर अलग-अलग फल होगा। मेष राशि वालों को मानसिक कष्ट, कार्य क्षेत्र में बाधा, वृष-जीविका में अवरोध व मानसिक पीड़ा, मिथुन-मानसिक व शारीरिक कष्ट पर अचानक धन लाभ, कर्क-सुख की वृद्धि, सिंह-प्रतिष्ठा की हानि, व्यवसाय में बाधा, कन्या-अकस्मात धन का नुकसान व शारीरिक कष्ट, तुला-शत्रु भय,व्यवसाय में अवरोध, वृश्चिक-व्यवसाय में वृद्धि पर अचानक मानसिक कष्ट, धनु-

# बच्चों ने एसपी को भेंट किया स्टीकर

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** भारत स्काउट व गाइड का स्थापना दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। संस्था के बच्चों ने जिला मुख्यालय पहुंच पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल को स्टीकर व पुष्पगुच्छ भेंट किया।

मुख्यायुक्त अश्विनी पांडेय ने बताया कि सोमवार को संपूर्ण भारत में भारत स्काउट व गाइड का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। स्काउटिंग की शुरूआत सात नवंबर 1907 में हुई थी। सात नवंबर 1950 को ही देश में सक्रिय सभी संगठन का विलय कर संपूर्ण भारत में एक संगठन बनाया गया जिसका नाम भारत स्काउट व गाइड रखा गया। तभी से संपूर्ण भारत में सात नवंबर को स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इसका स्टीकर राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा प्रदान किया जाता है। बताया कि विश्व स्तर पर स्काउटिंग की स्थापना का श्रेय लार्ड बेडेन पावेल को जाता है। जबकि भारत में इसका श्रेय पंडित मदन मोहन मालवीय, डा.हृदयनाथ कुंजरू, एनी बेसेंट व श्रीराम वाजपेयी आदि को जाता है।



भारत स्काउट - व गाइड दिवस पर एसपी धवल जायसवाल को पुष्पगुच्छ भेंट करने के बाद खड़े मुख्यायुक्त बाएं से दूसरे अश्विनी पांडेय ● जागरण

- **सात नवंबर को स्काउट गाइड का मनाया जाता है स्थापना दिवस**
- **सामाजिक कार्यों में महती भूमिका प्रदान कर रहा भारत स्काउट गाइड**

पुलिस अधीक्षक ने संस्था से जुड़े पदाधिकारियों व बच्चों को इस दिन की शुभकामनाएं दीं। कहा कि भारत स्काउट गाइड सामाजिक कार्यों में महती भूमिका प्रदान कर रहा। इसके साथ ही विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में भी इनकी सराहनीय भूमिका सामने आई है।

पीआरओ भुपेंद्र दुबे तथा संस्था के विभिन्न पदाधिकारी व बच्चे मौजूद रहे।

# चोरी की मोटर के साथ युवक गिरफ्तार

**जासं, पडरौना :** नगर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को बावली चौक से चोरी के मोटर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे कोर्ट ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। युवक की पहचान प्रिंस निवासी बाड़ी टोला पडरौना के रूप में हुई।कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम दोपहर एक बजे गश्त पर थी। नगर के बावली चौक पर पुलिस का वाहन देख एक युवक आवास विकास कालोनी के रास्ते पश्चिमी गंडक नहर की तरफ भागने लगा। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ा। तलाशी के दौरान झोले में उसके पास से एक बिजली का मोटर मिला। उसने स्वीकारा कि मोटर चोरी की है। टीम में दारोगा रत्नेश मौर्य, कांस्टेबल श्रीराम सिंह यादव व अभय कुमार शामिल रहे। कोतवाल ने बताया कि मोटर चोरी का मुकदमा कोतवाली में पंजीकृत था। पुलिस विवेचना कर रही है।

## जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार :** क्षेत्र के गांव भलुहा पोखरा टोला में छापेमारी कर अहिरौली बाजार पुलिस ने सोमवार को जुआ खेलते चार युवकों को गिरफ्तार किया। उनके पास से ताश के पत्ते व नकदी बरामद की गई। एसएचओ पंकज गुप्त ने बताया कि सुबह 11 बजे सूचना मिली भलुहा पोखरा टोला में जुआ हो रहा। टीम ने मौके पर पहुंच विनय कुमार गौतम, संतू, नूरहसन व सूरज कुमार को हिरासत में ले लिया।

ONLY FEW SEATS LEFT
CITY COLLEGE
B.Ed. | M.Ed.
B.P.Ed. | B.El.Ed.
Tiwariganj, Chinhat, Lucknow.

# फर्जी पुत्र बनकर संपत्ति हड़पने का आरोप धोखाधड़ी का मुकदमा

**जासं, पटहेरवा** : क्षेत्र के मुंडेरा मुगलही गांव के एक व्यक्ति ने न्यायालय के आदेश पर फर्जी तरीके से चाचा के पुत्र बनाकर उनके संपूर्ण भूमि पर नाम चढ़वाने का धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

गांव निवासी सुखराज ने न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया के यहां एक प्रकीर्णवाद दाखिल करके कहा था कि उसके पिता हरिनारायण व दीपनारायण दो भाई थे। उसके चाचा दीपनारायण की कोई औलाद नहीं है। जबकि उसके पिता हरिनारायण के तीन पुत्र हैं। दोनों भाइयों के मृत्यु के बाद उनकी संपूर्ण भूमि पर वह तीनों भाई काबिज दाखिल है। इसी बीच सुदामा निवासी रामपुर चौबेया थाना विशुनपुरा द्वारा फर्जी तरीके से मेरे चाचा दीपनारायण का पुत्र बनकर उनकी नाम की भूमि अपने नाम से दर्ज करा लिया। न्यायालय नेआपराधिक कृत्य मानते हुए मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच के आदेश पारित किया।

# न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया केस

**समउर बाजार।** फर्जी तरीके से जमीन अपने नाम करवाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की है।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के मुडेरा मुगलही निवासी सुखराज पुत्र हरिनारायण ने बताया कि पिता हरिनारायण व दीपनारायण दो भाई थे। चाचा दीपनारायण की कोई औलाद नहीं थी, पिता हरिनारायण के तीन पुत्र हैं। दोनों भाइयों की मृत्यु के बाद उनकी संपूर्ण भूमि पर वह तीनों भाई काबिज दाखिल है। इसी बीच सुदामा पुत्र तपेसर निवासी रामपुर चौबे थाना विशुनपुरा ने फर्जी तरीके से उसके चाचा दीपनारायण का पुत्र बनकर उनकी पूरी भूमि अपने नाम से दर्ज करा ली। न्यायालय ने आदेश पर पुलिस ने सुदामा पुत्र तपेसर के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एसएचओ गिरजेश उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करता है स्काउट गाइड

## कांति देवी इंटर कॉलेज में स्काउट गाइड प्रशिक्षण का आयोजन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**खड्डा।** कांति देवी इंटर कॉलेज सोहरौना परिसर में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण सोमवार को शुरू हुआ। प्रशिक्षण के पहले दिन प्रशिक्षुओं को स्काउट गाइड के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए खड्डा सीओ संदीप वर्मा ने कहा कि स्काउट गाइड के प्रशिक्षण में देशप्रेम और अनुशासन की सीख मिलती है। इसलिए इस तरह के प्रशिक्षण में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को शामिल करना चाहिए।

इसके बाद उन्होंने प्रशिक्षुओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद प्रशिक्षक डेविड पटेल और दशरथ शर्मा ने प्रशिक्षुओं को स्काउट से जुड़ी कई जानकारी दी।

इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक रामनरेश चौरसिया, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चौरसिया, गेंदा सिंह, नागेंद्र चौरसिया, जितेंद्र सिंह, अखिलेश भारती, प्रवीण कुमार पांडेय, गोविंद सिंह, गंगासागर कुशवाहा, देवेंद्र कुशवाहा, हरिगोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-11-2022

## आबकारी टीम ने चार पेटी नेपाली शराब पकड़ी

**महराजगंज।** जिला आबकारी अधिकारी जितेन्द्र पांडेय के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सोमवार को शितलापुर के पास एक अपाची बाइक के साथ टीम ने चार पेटी नेपाली शराब के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया गया। निचलौल सर्किल के आबकारी निरीक्षक वैभव कुमार यादव व पुलिस विभाग के एसआई बृजेश यादव के साथ संयुक्त रूप से निचलौल ढेसो पुल पर अवैध शराब के खिलाफ जांच कर रहे थे।

**बहुआर।** निचलौल क्षेत्र के शीतलापुर पुलिस चौकी प्रभारी मनीष पटेल ने हमराह राजेश कुशवाहा, सतीश चंद्र, सुरेंद्र यादव के साथ बॉर्डर क्षेत्र में गश्त के दौरान सोमवार को 30 बोरी कंपोस्ट खाद पकड़ा है। खाद को ग्राम रेगहिया बॉर्डर के किनारे गन्ने के खेत में रखा गया था, जिसको तस्करों द्वारा अधिक मूल्य पर नेपाल में बेचने हेतु ले जाने की योजना थी।

# आईजीआरएस निस्तारण में महराजगंज फिर बना चैम्पियन

महराजगंज, निज संवाददाता। आईजीआरएस के निस्तारण में महराजगंज जिला एक बार फिर चैम्पियन बना है। शिकायतों के निस्तारण में पहला स्थान मिलने पर डीएम सत्येन्द्र कुमार ने अधिकारियों को बधाई देते हुए ऐसे ही लगन व मेहनत से कार्य करने को कहा है।

इसके पहले माह अगस्त में भी जनपद को निस्तारण में पहला स्थान मिल चुका है। आईजीआरएस शिकायतों में सीएम हेल्पलाइन, तहसील दिवस, पीजी पोर्टल, सहित विभिन्न माध्यमों से आने वाली शिकायतों को शामिल किया जाता है। डीएम सत्येन्द्र कुमार द्वारा लगातार आइजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया है।

## आईजीआरएस में निचलौल तहसील फिर पहले स्थान पर

**निचलौल**। आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में निचलौल तहसील फिर पहले स्थान पर आया है। एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र ने बताया कि पहले सितंबर महीने में आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में निचलौल तहसील पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर आया था। अक्तूबर महीने में भी पोर्टल पर आने वाली जन शिकायतों के निस्तारण में निचलौल तहसील लगातार दूसरी बार पहले स्थान पर आया है।

# लामबंद प्रधान एसपी के पास पहुंचे, कार्रवाई की मांग

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। लक्ष्मीपुर प्रधान संघ के अध्यक्ष अखिलेश चौधरी की अगुवाई में ब्लाक क्षेत्र के लामबंद प्रधान सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचे। एसपी से मिलकर खोरिया चौकी प्रभारी पर बैरवा चंदनपुर के प्रधान मकसूद आलम को कुर्सी से धकेलकर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

मामला रविवार का है। प्रधान के अनुसार एक मामले में वे चौकी पर पहुंचे। वहां दरोगा ने किसी बात से नाराज होकर उन्हें कुर्सी से धकेल दिया और अपमानित किया। रविवार को ही प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल सीओ नौतनवा से मिलकर कार्रवाई की मांग किया था। एसपी को दिए गए पत्रक में पीड़ित प्रधान मकसूद आलम ने लिखा है कि उनके गांव में दो पक्षों के बीच आपसी कहासुनी हो गई थी। इस मामले में जानकारी के लिए उन्हें चौकी पर बुलाया गया था। वे कुछ लोगों के साथ चौकी पर गए और मामले का निपटारा हो गया। इसी बीच दूसरा मारपीट का मामला पहुंच गया। इसी बीच दरोगा प्रमोद सिंह पहुंचे और जब वे एक पक्ष को अपमानित करने लगे तो प्रतिकार किया गया। इसी से नाराज होकर उन्होंने कुर्सी से धक्का देकर अपमानित किया। प्रधानों ने कहा कि प्रधान पुलिस के हर अभियान में सहयोगी रहते हैं। इस मामले में कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान परसनाथ, शमसेर खान, जितेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार त्रिपाठी आदि प्रधान मौजूद रहे।

# दहेज हत्या में पति को सात साल की सजा

**महराजगंज।** कोठीभार क्षेत्र के ग्राम रामपुर खुर्द में वर्ष 2016 में दहेज की मांग को लेकर पत्नी के हत्यारोपी को कोर्ट ने दोषी ठहराया है। पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति सत्येन्द्र को दोषी पाये जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश सुंदर लाल ने सात साल की सजा सुनाई है, जिसमें दो वर्ष सश्रम कारावास और अर्थदंड शामिल है।

# लंबित वादों के निस्तारण में लाएं तेजी जिला जज

08/11/2022




जनपद न्यायाधीश जयप्रकाश तिवारी ने दीवानी न्यायालय के नवीन भवन में सोमवार को आर्बिट्रेशन वादों से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक की।

**महराजगंज, निज संवाददाता।** जनपद न्यायाधीश जयप्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को दीवानी न्यायालय के नवीन भवन में आर्बिट्रेशन वादों से सम्बन्धित मामलों की समीक्षा को लेकर बैठक हुई।

बैठक का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव असगर अली ने किया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण को लेकर लंबित वादों का चिह्नांकन किया जाएगा। इस कार्य में ढिलाई ठीक नहीं है।इस अवसर पर अपर जनपद न्यायाधीश सुन्दर लाल, पवन कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय द्वितीय कमलेश्वर पांडेय, अधिवक्ता प्रेम शंकर दूबे, अखिलेश कुमार पटेल, ज्योति कुमार श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश सिंह, जितेन्द्र पांडेय, रणविजय सिंह आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ग्राम धर्मपुर पूमावि परिसर में भी विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

# यातायात नियमों पर निबंध लेखन में शालिनी प्रथम



कार्यक्रम में विजेता बच्चों के साथ पुलिस टीम ● जागरण

**जासं, महराजगंज**: यातायात नियमों के पालन और यातायात सुरक्षा माह को लेकर सोमवार को शहर के महाराणा प्रताप इंटर कालेज में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में शालिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यातायात पुलिस उपाधीक्षक सुनील दत्त दुबे ने विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि यातायात के नियमों का पालन क्यों जरूरी है, विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शालिनी यादव प्रथम, श्वेता द्वितीय और हदीश अख्तर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यातायात के नियमों और उनका पालन करने के लिए आम जनता को प्रेरित करने के लिए बच्चों से कहा गया। यातायात प्रभारी हरि सिंह यादव ने बच्चों को बताया कि आपके द्वारा समाज में यातायात के नियमों के पालन का संदेश देना बहुत जरूरी है, अपने घर व आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। इस अवसर पर यातायात पुलिस के अलावा अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# शिकायतों के निस्तारण में मिला प्रथम स्थान

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** महराजगंज जिला ने आइजीआरएस ( समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली) शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इससे पहले अगस्त में भी जनपद को प्रथम स्थान मिला था।

- **जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों की सराहना की**
- **कहा, लगन से काम करें अधिकारी व कर्मचारी**

मुख्यमंत्री एवं शासन द्वारा जनशिकायतों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए, इनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश सभी जनपदों को दिया गया है। आइजीआरएस शिकायतों में सीएम हेल्पलाइन, तहसील दिवस, पीजी पोर्टल, सहित विभिन्न माध्यमों से आने वाली शिकायतों को शामिल किया जाता है।

जिलाधिकारी द्वारा लगातार आइजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया है। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने जुलाई में कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए उसमें वरिष्ठ अधिकारियों को नियुक्त किया और शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। स्वयं जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के आइजीआरएस निस्तारण में प्रदर्शन की समीक्षा नियमित तौर पर की जाती है। इसके अलावा जिलाधिकारी स्वयं जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की शिकायतों को निस्तारित करते हैं। इस व्यवस्था के परिणामस्वरूप जनपद की आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में लगातार सुधार देखने को मिला और अगस्त की रैंकिंग में जनपद ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सितंबर जनपद नौ वें स्थान पर रहा। अक्टूबर प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी, कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारियों व कर्मचारियों सहित जिले के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की। इसके अलावा प्रदेश की 326 तहसीलों में सदर तहसील भी प्रथम स्थान पर रही। यह संभव हो सका एसडीएम मो. जसीम, तहसीलदार राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों के प्रयास से।

# दहेज हत्या के मामले में पति को सात वर्ष की सजा

**छह वर्ष पुराने मामले में न्यायालय ने सुनाया फैसला, नौ अक्टूबर 2016 को पीड़ित ने दर्ज कराया था मुकदमा**

**जासं, महराजगंज :** छह वर्ष पुराने दहेज हत्या के मुकदमें में जिला न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए दोषी पति को सात वर्ष के कारावास और छह हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न चुकाने पर अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी।

अनुसार सदर कोतवाली के सतभरिया निवासी राधेश्याम ने अपनी भतीजी प्रीती की शादी कोठीभार थाना क्षेत्र के रामपुर खुर्द निवासी सत्येन्द्र कुमार से की थी। पीड़ित पक्ष के अनुसार शादी के एक वर्ष बाद ही दहेज की मांग को लेकर विवाद होने लगा। नौ अक्टूबर 2016 को प्रीती की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मामले में राधेश्याम की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया। विवेचना में पुलिस ने आरोपित पति के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। मुकदमे के अभियोजक संतोष कुमार मिश्र ने 11 गवाहों के बयान के आधार पर न्यायालय से आरोपित को दोषी मानते हुए सजा की मांग की। जिसपर न्यायाधीश सुंदरलाल ने पति को दोषी सिद्ध करते हुए सात वर्ष की कैद व अर्थदंड से दंडित किया है।

## एक नजर में

# मारपीट के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

लक्ष्मीपुर : ग्राम पंचायत समरधीरा टोला पकड़डीहा में रविवार को घर में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट के मामले में पुरंदरपुर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घटना में इन्द्रकला उनकी सास, ससुर व पति दिलीप प्रजापति घायल हो गए थे। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि इन्द्रकला की तहरीर पर श्यामू, सत्तार, इरफान, अरमान के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। (जासं)

# अब खाली घरों की भी निगरानी करेगी पुलिस

**ठंड के मौसम में चोरी की घटनाओं को रोनके लिए बना मास्टर प्लान रात्रि प्रहरी अभियान के दौरान सघन गश्त की हुई शुरुआत**

**जासं, महराजगंज**: ठंड के मौसम में होने वाली चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने को लेकर पुलिस ने मास्टर प्लान बनाया है। इसमें जहां रात्रि प्रहरी अभियान के दौरान पुलिस सघन गश्त करेगी। चौक-चौराहों पर व्यापारियों की मदद से एक प्राइवेट व्यक्ति को भी रात्रि में चौकसी की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जो गश्त के दौरान पुलिस को चौराहों की गतिविधियों से रूबरू कराएगा। इसके अलावा अगर कोई घर बंद कर कहीं बाहर जा रहा है, तो उसे इसकी जानकारी पुलिस को देनी होगी, जिससे पुलिस उस घर पर नजर बनाए रखेगी।

ठंड के दिनों में चोरी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसका सबसे बड़ा कारण एकांत माहौल का होना है। इस समस्या से निपटने के लिए पुलिस ने रात्रि प्रहरी अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत रात में सभी थानेदार और सीओ इस पुलिस की गश्ती टीमों की निगरानी करेंगे। इसको लेकर समस्त थानाध्यक्षों को निर्देश भी दिया गया है।

पुलिस का मानना है कि जिले के छोटे से छोटे कस्बे में भी 30 से अधिक दुकानें होती हैं। इसमें कई व्यापारी ऐसे होते हैं, जो कहीं दूर से आकर व्यापार करते हैं, इसमें से कई ऐसे होते हैं, जो स्थानीय भी होते हैं। रात में दुकान बंद होने के बाद इन चौक- चौराहों पर सन्नाटा पसर जाता है। जिससे चोरों का काम आसान हो जाता है। हालांकि ऐसा नहीं है, कि इन चौक-चौराहों पर पुलिस की गश्त नहीं होती, लेकिन आवश्यकता के अनुसार संख्या कम होने की वजह से चौराहें की दुकानों पर सुरक्षा की निरंतरता नहीं रह पाती है। इसके लिए पुलिस चौकी और थाना स्तर पर व्यापारियों के साथ बैठक की जाएगी। यह प्रयास किया जाएगा, कि उन व्यापारियों में से कोई एक या दो व्यक्ति पूरे ठंडक भर चक्रानुसार अपने व्यापार स्थल पर रात्रि निवास करे और रात्रि में पुलिस की गश्त पार्टी का सहयोग करे।

**हिस्ट्रीशीटरों और जिला बदर की निगरानी** : चोरी और लूट आदि की घटनाओं को पूरी तरह से रोकने के लिए जिले के हिस्ट्रीशीटर और जिला बदर अपराधियों की निगरानी सघनता से की जाएगी।

> चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की ओर से विभिन्न तैयारियां की जा रही है। इसमें रात्रि प्रहरी और व्यापारियों का सहयोग प्राथमिकता है। चोरियों पर लगाम ही इस अभियान की सफलता होगी।
>
> **डा. कौस्तुभ, एसपी**, महराजगंज

# 138 वाहनों का चालान

**जासं, महराजगंज**: यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में पुलिस ने सोमवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में 138 वाहनों का चालान किया है। इसके अलावा नौ लापरवाह वाहन चालकों से 8500 रुपये का जुर्माना भी वसूल किया है।

# 18 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

**जासं, महराजगंज**: जनपदीय पुलिस ने विभिन्न मामलों में शांति भंग की आशंका व भविष्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद के विभिन्न थानों के 18 लोगों को शांति भंग की धारा में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय चालान किया गया, जहां से उन्हें जमानत दे दिया गया।

# 15 शीशी नेपाली के साथ एक गिरफ्तार

**जासं, महराजगंज**: निचलौल थाने की पुलिस ने सोमवार को रौतार निवासी अवधू के पास से 15 शीशी नेपाली शराब बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

# चार पेटी नेपाली शराब के साथ एक धराया

**जासं, निचलौल:** आबकारी निरीक्षक अमित दुबे व रामसूरत चौरसिया तथा उप निरीक्षक बृजेश यादव ने ढेसों पुल पर जांच के दौरान एक युवक को देर सायं पकड़ लिया। जिसके पास से मोटरसाइकिल पर लदी चार पेटी नेपाली शराब बरामद हुई। जिसकी पहचान गोविंद बहुआर कला के रूप में हुई। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

# शिकायत के निस्तारण में महराजगंज फिर अव्वल

## अगस्त में भी पहला स्थान मिल चुका है

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के शिकायतों के निस्तारण में जिले को एक बार फिर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। अक्तूबर माह में बेहतर ढंग से शिकायतों के निस्तारण पर जिले को यह उपलब्धि हासिल हुई है। इससे पूर्व अगस्त माह में भी जिले ने पहला स्थान प्राप्त किया था।

समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण की स्थिति को देखते हुए शासन की ओर से जिले की रैंकिंग निर्धारित की जाती है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, समाधान दिवस, पोर्टल समेत अन्य माध्यमों से आने वाली शिकायतों को इसमें शामिल करते हुए उसके निस्तारण की स्थिति के आधार पर जिले की प्रगति देखी जाती है। गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता के साथ किए गए निस्तारण को देखते हुए उनकी रैंकिंग निर्धारित की जाती है।

तीन महीने (अगस्त से अक्तूबर 2022) में दो बार प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने पर जिले के अधिकारियों व कर्मचारियों में प्रसन्नता है।

**जन शिकायतों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने से मिली सफलता**

### सितंबर में नौवें स्थान पर था जिला

अगस्त में पहला स्थान प्राप्त करने के बाद सितंबर में जिला नौवें स्थान पर था। आठ स्थान की छलांग लगाते हुए फिर अक्तूबर में पहले पायदान पर पहुंच गया।

*शिकायतों के त्वरित निस्तारण में अपर जिलाधिकारी समेत सभी विभागीय जिम्मेदारों की भूमिका प्रशंसनीय है। विभागों के जिम्मेदार व कर्मी इसी मनोयोग से कार्य करना जारी रखें और शिकायतों का त्वरित निस्तारण करते हुए जिले का नाम प्रदेश स्तर पर आगे भी गौरवान्वित करें।*

**- सत्येंद्र कुमार,** जिलाधिकारी

# दहेज हत्या के मामले में पति को सात वर्ष का कारावास

**महराजगंज।** कोठीभार थाना क्षेत्र की ग्रामसभा रामपुर खुर्द में वर्ष 2016 में दहेज की मांग पर पत्नी की हत्या करने के मामले में सत्येंद्र को दोषी पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश सुंदर लाल ने सात वर्ष के कारावास से दंडित किया है।

जानकारी के अनुसार, राधेश्याम निवासी सतभरिया थाना- कोतवाली सदर ने रिपोर्ट कराया की उसकी भतीजी प्रीती उर्फ कमलावती की 9 अक्तूबर 2016 को पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

दहेज में कार की मांग की जा रही थी। पुलिस ने मामले में आरोप पत्र दाखिल किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने 11 गवाहों को पेश कर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर सजा सुनाई। संवाद

# दुर्व्यवहार के मामले में एसपी को सौंपा ज्ञापन

**महराजगंज।** नौतनवां क्षेत्र के बैरवा चंदनपुर गांव के प्रधान मकसूद आलम के साथ हुए दुर्व्यवहार के मामले में सोमवार को गांव के लोगों ने एसपी को ज्ञापन सौंपा। लोगों ने कहा कि मामले में कसूरवार खोरिया पुलिस चौकी के उप निरीक्षक पर कार्रवाई की जाए। आरोप है कि उप निरीक्षक ने पुलिस चौकी में प्रधान के साथ अपमानजनक व्यवहार किया था।

ग्राम प्रधान मकसूद आलम ने कहा कि 11 नवंबर को विवाद के एक प्रकरण में खोरिया पुलिस चौकी गया। पुलिस चौकी में बातचीत दो पक्षों द्वारा की जा रही थी, इतने में खोरिया चौकी के उप निरीक्षक ने बिना कारण जाने ही अपशब्दों का प्रयोग करते पुलिस चौकी से भाग दिया। इस दौरान पारसनाथ ,शमशेर खान ,अखिलेश चौधरी, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# चार पेटी नेपाली शराब बरामद

**महराजगंज।** आबकारी आयुक्त के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण व बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सोमवार को आबकारी निरीक्षक निचलौल वैभव कुमार यादव ने उप निरीक्षक बृजेश यादव के साथ मिलकर एक व्यक्ति के कब्जे से चार पेटी नेपाली शराब बरामद की है। पकड़ा गया व्यक्ति बहुआर का निवासी है। टीम की ओर से कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। संवाद

# पंखे से लटका मिला किशोरी का शव

**बृजमनगंज।** ग्राम सभा फुलमनहा के मामी चौराहा निवासी किशोरी का शव उसके घर के अंदर पंखे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, आरती (15) का शव सोमवार दोपहर उसके घर के अंदर पंखे से लटका मिला। उस समय परिजन बाजार गए थे। किशोरी घर पर अकेली थी। थानाध्यक्ष अजित सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। रिपोर्ट आने के बाद कारणों की जानकारी हो सकेगी। संवाद

# 30 बोरी खाद बरामद

**महराजगंज।** निचलौल थाना क्षेत्र के रेंगहिया गांव के करीब गन्ने के खेत में सोमवार को 30 बोरी कम्पोस्ट कार्बनिक खाद बरामद हुई। पुलिस ने बरामद उर्वरक को कस्टम विभाग को सौंप दिया। यह जानकारी निचलौल थानाध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता ने दी। संवाद

# आग बुझाने का तरीका बताया

**परसामलिक।** रतनपुर ब्लॉक सभागार में सोमवार को फायर ब्रिगेड की टीम ने सिलिंडर में आग लगने के बाद बुझाने का आसान तरीका बताया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया, ग्राम प्रधान जितेन्द्र वर्मा, विजयनाथ, राजू, रामअजोर आदि मौजूद रहे। संवाद

# बाइक की चपेट में आने से युवक घायल

**परतावल।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र बलुआ मजार के पास सोमवार देर शाम को सड़क पर टहल रहे श्रीयादव (40) एक बाइक की चपेट में आने से घायल हो गए। उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-11-2022

# मामूली विवाद में मारपीट, चार पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** मामूली विवाद की बात को लेकर कुछ लोगों ने एक महिला तथा उसकेपरिवार को गालियां देते हुए मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

कलवारी थानान्तर्गत मनौवा गांव में मामूली विवाद को लेकर आरोपियों ने मिलकर सुनीता तथा उसके जेठानी व बेटे को लाठी डण्डे से मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी।

मामले में पीड़िता सुनीता पत्नी लालचन्द निवासिनी मनौवा थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी माधुरी पत्नी उमेश, उमेश पुत्र राममिलन, बिन्दू पत्नी पिन्टू, सरोज पत्नी कमलेश निवासीगण मनौवा थाना कलवारी के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर एक युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। घायल युवक की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के डारीडीहा चौराहा स्थित तेज रफ्तार बाइक संख्या यूपी 51 के/ 3429 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए गलत साईड से बिना हार्न बजाये प्रकाश को पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे प्रकाश गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। घायलावस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। मामले में मृतक के पिता प्रेमनाथ पुत्र राम निवासी ग्राम डारीडीहा थाना कोतवाली की तहरीर पर अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 279, 304ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े, क्रास केस

**बस्ती (एसएनबी)।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। जिसके बाद जमकर मारपीट हुआ। मामला थाने पहुचा तो पुलिस ने क्रास केस दर्ज करने की कार्यवाही किया है।

सोनहा थाना क्षेत्र के धवाय धनईडीह गांव में जमीनी विवाद की बात को लेकर कुछ लोगो ने अरविन्द कुमार को गालियां देते हुए घर के अन्दर घुसकर लाठी व डण्डे से जमकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मार पीट के दौरान अरविन्द कुमार घायल होकर बेहोश हो गये। मामले में पीड़ित अरविन्द कुमार पुत्र परदेशी निवासी धवाय धनईडीह थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दिलीप कुमार, अरुन कुमार, राजन पुत्रगण बाबूराम, आरती पत्नी बाबू राम निवासीगण धवाय धनईडीह थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 452, 323, 504, 506, 308 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वही दूसरे पक्ष की आरती देवी ने भी पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि आरोपियों द्वारा उन्हे गालियां देते हुए मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी अरविन्द, निरहू पुत्रगण परदेशी, पवन, विशाल पुत्रगण पुजारी निवासी गण धवाय धनई का डीह थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सवारी ढो रही पिकअप सीज

**बस्ती ।** थाना वाल्टरगंज पुलिस द्वारा माल वाहक पिकप गाड़ी को 20-25 सवारी ले जाते समय एमवी एक्ट तहत कार्यवाही कर सीज किया है। थाना वाल्टरगंज पुलिस द्वारा यातायात माह के दौरान चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना क्षेत्रान्तर्गत माल वाहक पिकप गाड़ी संख्या यूपी 51 बीटी/ 3558 पर चालक द्वारा दो दर्जन से अधिक सवारियों को बैठाकर ले जाते समय पकड़कर धारा 207 एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही कर माल वाहक पिकप गाड़ी सीज कर नियमानुसार कार्यवाही किया गया। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक पवन कुमार मिश्रा, आरक्षी राकेश चौहान थाना वाल्टरगंज शामिल रहे।

# चेकिंग कर चालको को दी गयी हिदायत

**छावनी ।** यातायात माह के तहत थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानो पर वाहन चेकिंग किया गया। पुलिस ने लोगो को यातायात नियमो की जानकारी देते हुए पालन करने की अपील किया। साथ ही नियमो का पालन न करने वाले चालको के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए हिदायत दिया गया। पुलिस ने यातायात नियमो का पालन करने वाले चालको की प्रशंसा किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि नियमो का पालन कर घटनाए कम की जा सकती है। लापरवाही के चलते आए दिन दुर्घटनाए होती है। ऐसे में हम सब की जिम्मेदार है कि हमारे कारण किसी को असुविधा न हो। थानाध्यक्ष ने थाने पर पहुंचे फरियादियों की समस्याए सुनी। उन्होने कहा कि पीडित को हर हाल में न्याय मिलेगा।

# शिकायत करने के बाद समस्या जस की तस

**नगर बाजार ।** नगर पंचायत नगर बाजार के राजघाट तिराहे से भतरिन्हाजोत सम्पर्क मार्ग को दुरुस्त करवाने के ग्रामीणों ने समाधान दिवस व मुख्यमंत्री पोर्टल तक पर शिकायत किया है। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। जिसको लेकर ग्रामीणों मे रोष व्याप्त है। नगर पंचायत नगर बाजार केभतरिन्हाजोत निवासी उमेश दूबे, रामसूरत दूबे, महेश कुमार,मेनु,दूबे,विजय दूबे,शिव प्रसाद दूबे, अरूण दूबे,अनिल कुमार दूबे समेत तमाम ग्रामीणों ने सामूहिक हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र देकर समाधान दिवस, मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया है कि राजघाट तिराहे से भतरिन्हाजोत संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। जूबकि इसी मार्ग से बट्टूपुर, झमईजोत, गुना जोत, जैतुआ समेत एक दर्जन गाँव के लोगों का आवागमन होता है। सडक के दोनों तरफ की पटरियाँ पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गयी है। इस सडक का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा 2015/16मे 62लाख 87हजार रूपये खर्च कर एक किमीतक पिच रोड बनवाया गया था। लेकिन बाद मे विभागीय उदासीनता के चलते यह सडक जगह,जगह, टूटकर गड्ढे मे तब्दील हो गयी व पटरियाँ भी पूरी क्षतिग्रस्त हो गयी है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण करवाने की माँग की है।

# पुरानी रंजिश में पिटाई कर तोड़ा गेट व दीवाल, केस

**बस्ती ।** कुछ लोगोंद्वारा पुरानी रंजिश को लेकर जबरदस्ती गेट का ताला व दीवाल को तोड़ते हुए एक व्यक्ति को गालियां दी तथा उसकी पिटाई कर जान से मारने की धमकी दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाना क्षेत्र के गायघाट में बीती रात कुछ लोग एकराय होकर तबरेज खान के घर आये और पुरानी रंजिश को लेकर गालियां देते हुए गेट का ताला व दीवाल तोड़ दिया। जिसका विरोध करने पर तबरेज को मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित तबरेज खान पुत्र शमशेर खान निवासी गायघाट थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बदरे आलम उर्फ गुप्ता पुत्र महबूब खान, मोहम्मद साहिद, मोहम्मद खालिद पुत्रगण शेख सज्जाद, मोहम्मद अनस पुत्र अरशद हुसैन, रौशन जहाँ पत्नी अरशद हुसैन निवासीगण गायघाट थाना कलवारी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# तीन लोगों पर गैंगस्टर की कार्यवाही

**बस्ती** । जिले की कोतवाली पुलिस द्वारा तीन अभियुक्तो पर यूपी गैगेस्टर की कार्यवाही किया है। यह कार्यवाही उनके चाल चलन एवं अपराध के इतिहास को देखते हुए की गयी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त सिकन्दर पाण्डेय उर्फ रोहित पाण्डेय पुत्र कन्हैया पाण्डेय उर्फ बालमुकुन्द पाण्डेय निवासी चंगेरवा मंगेरवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर हाल मुकाम खौरहवा थाना कोतवाली, आकाश सोनकर पुत्र रामकेवल निवासी दक्षिण दरवाजा थाना पुरानी बस्ती, दिनेश उर्फ भल्लू पुत्र दयाराम निवासी संजय कालोनी रेहरवा थाना पुरानी बस्ती को 3(1) यूपी गैगेस्टर एक्ट के कार्यवही किया गया है। कोतवाली शशांक राय  ने बताया कि अभियुक्तगणो द्वारा संगठित आपराधिक गिरोह बनाकर भौतिक व दूनियाबी लाभ के लिए अपराध कारित करते थे। जिससे क्षेत्र के आम लोगो में भय का माहौल बना हुआ था।

# दीवाल गिराने से मना करने पर पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** कुछ लोगों द्वारा जबरदस्ती दीवाल को गिराया जा रहा था। जिन्हे मना करने पर महिला को गालियां देते हुए मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

वाल्टरगंज थानान्तर्गत सोनौरा गांव में कुछ लोगो द्वारा मिलकर अमरावती का दीवाल गिरा रहे थे। जिन्हे देवरानी माया देवी ने जब रोका तो आरोपियों ने मिलकर माया देवी को गालियां देते हुए जमकर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता अमरावती पत्नी रामनेवास निवासी सोनौरा थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राम अवध पुत्र बटोही , सूरज, नीरज पुत्रगण रामअवध, सुन्दरी पत्नी रामअवध निवासीगण सोनौर थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# अपराध शाखा के प्रभारियों को डीआईजी ने फटकारा

**बस्ती (एसएनबी)।** परिक्षेत्र केजनपदोंकेअपराध शाखा केप्रभारियों के साथ डीआईजी ने की समीक्षा बैठक करप्रभारियों कोकड़ी फटकार लगायी।

पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरकेभारद्वाज द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के अपराध शाखा के अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक केदौरान जनपद बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर के अधिकारी/ कर्मचारीगण से परिचय प्राप्त किया गया। परिक्षेत्र के जनपदोंके अपराध शाखा का त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक, वार्षिक निरीक्षण जनपद के उच्चाधिकारियों द्वारा नही किया गया है जिसके सम्बन्ध में अप्रसन्नता प्रकट करते हुये सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित शाखाओं का निरीक्षण समय-समय पर जनपद

## समीक्षा बैठक

के उच्चाधिकारियों द्वारा अवश्य किया जाय। जनपद बस्ती/संतकबीरनगर/सिद्धार्थनगर के अपराध शाखा के विवेचकोंसे विवेचना के सम्बन्ध में सम्बन्धित विवेचक से बारी-बारी जानकारी प्राप्त की गयी तो यह ज्ञात हुआ



बस्तीः समीक्षा बैठक करते डीआईजी आरके भारद्वाज। फोटो : एसएनबी

कि किसी भी विवेचक द्वारा स्वयं द्वारा की जा रही विवेचना के सम्बन्ध में कोई संतोष जनक उत्तर नही दिया गया। अप्रसन्नता व्यक्त किया गया। तत्पश्चात सभी विवेचकगण को गुणवत्ता पूर्ण विवेचना कर निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी विवेचकगण को मुकदमा की विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर उचित धाराओं में सही अभियुक्त के विरूद्ध विवेचनात्मक कार्यवाही कर सम्पादित किया जाय। विवेचना को गुणवत्तापूर्ण सम्पादित करने के लिये प्रत्येक विवेचक के साथ एक-एक आरक्षी नियुक्त करने के सम्बन्ध में बताया गया। इस दौरान परिक्षेत्र तीनों जनपदों के अपराध शाखा के प्रभारी व उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ-साथ परिक्षेत्रीय कार्यालय के वाचक उपनिरीक्षक रमेश कुमार यादव भी उपस्थित रहे।

# फरार चल रहा पशु तस्कर गैंगस्टर में गिरफ्तार

**बस्ती ।** लम्बे समय से फरार चल रहेपशु तस्कर कोजिले की वाल्टरगंज पुलिस नेमुंडेरवा थाना क्षेत्र के बूधा कला के पास सेधर दबोचा। गोरखपुर जनपद का रहने वाला पकड़ा गया अपराधी पुरानी बस्ती थाने का हिस्ट्रीशीटर है और इसी थानेमें उसके विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी थी। अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण कोलेकर पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत जिलेकेवाल्टरगंज थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह के नेतृत्व मेंगैगेस्टर एक्ट में वांछित शातिर अपराधी कोमुखबिर की सूचना पर मुंडेरवा थाना क्षेत्र केबूधा कला के पास से धर दबोचा। पकड़े गये बदमाश की पहचान आदित्य मौर्या पुत्र मेवा लाल मौर्या निवासी गोपालपुर थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर के रूप में की गयी। पकड़ा गया आरोपी पशुतस्कर है। इसके विरुद्ध पुरानी बस्ती थाने में वर्ष 2012 में धारा 3/5ए/8 गौहत्या निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जबकि वर्ष 2022 में भी आदित्य मौर्य के चाल चलन व गिरोहबंद कृत्यों को देखते हुए इसके विरुद्ध पुरानी बस्ती पुलिस ने3 (1) उत्तर प्रदेश गैगेस्टर अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। इसी मामलेमें वह फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर धरदबोचा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह के अलावा मुख्य आरक्षी रामबदन, राकेश यादव, आरक्षी तबरेज आलम, आरक्षी बलवन्त यादव थाना वाल्टरगंज शामिल रहे।

# बहला फुसलाकर किशोरी को भगा ले गया

**बस्ती ।** रूधौली थाने की पुलिस को तहरीर देते हुए एक महिला ने यह आरोप लगाया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री को आरोपी विक्की बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। मामले में पुलिस ने आरोपी बिक्की पुत्र संतराम निवासी वार्ड नंबर 8 नपं थाना रुधौली के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

# मौत की झूठी सूचना पर परिजन हलकान

नगर बाजार। थाना क्षेत्र के देवापार चैनपुरवा गांव में सोमवार को घायल अर्चित के मौत की झूठी खबर से परिजन हलकान हरे। बाद में सूचना गलत साबित हुई, इसके बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। घायल अर्चित का इलाज गोरखपुर बीआरडी में चल रहा था।

# बस्ती सांसद और उनके दो भाइयों के खिलाफ वारंट

बस्ती, निज संवाददाता। विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट ने बस्ती सांसद हरीश द्विवेदी और उनके दो भाइयों के खिलाफ धारा 82 के तहत वारंट जारी किया है। कोर्ट ने एसपी को निर्देश दिया है कि वह अपने स्तर से वारंट की तामील कराना सुनिश्चित करें। अगली सुनवाई 11 नवंबर को होगी।

मामला वर्ष 2019 के आम चुनाव के दौरान का है। सांसद हरीश द्विवेदी, उनके बड़े भाई सुभाष दूबे और छोटे भाई गर्जन उर्फ बागीश दूबे पुत्रगण साधूशरण दूबे निवासी कटया तेलियाजाते पर मारपीट के आरोप में नगर थाने में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ था। इस मामले में न्यायालय ने 22 जुलाई, 10 अगस्त और 22 सितम्बर 2022 को वारंट जारी कर तीनों को उपस्थित होने के लिए कहा था, लेकिन तीनों तारीखों पर ये उपस्थित नहीं हुए। इस पर विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट ने सीआरपीसी की धारा 82 के तहत तीनों के खिलाफ वारंट जारी कर एसपी को 11 नवंबर के पहले वारंट तामील कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिससे अग्रिम कार्रवाई हो सके।

> “ न्यायालय द्वारा तय की गई तारीख पर समय से उपस्थित रहूंगा। कोर्ट का सम्मान सर्वोपरि है।
>
> -हरीश द्विवेदी, सांसद बस्ती

# अश्लील गाने और फब्तियों पर केस

बस्ती। हरैंया पुलिस ने बिहरा मोड़ पर खड़ा होकर आने-जाने वाली लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील गाना गाने व फब्तियां कसने का केस दर्ज किया है।

पुलिस ने हेड कांस्टेबल अनिल कुमार चौधरी की तहरीर पर मनीष कुमार निवासी पेंदा के खिलाफ केस दर्ज किया।



शहर में निकाले गए जुलूसे गौसिया में शामिल अकीदतमंद। • हिन्दुस्तान

# शहर में निकाला गया जुलूसे गौसिया, उमड़े अकीदतमंद

**आयोजन**

बस्ती, निज संवाददता। शहर में सोमवार को जुलूसे गौसिया निकाला गया। गौसे-पाक के नाम से मशहूर अब्दुल कादिर जीलानी के जन्म दिवस के अवसर पर हर साल अंजुमन रजाए मुस्तफा की जानिब से जुलूस का आयोजन किया जाता है।

इस्लामी परचम के साथ निकाले गए जुलूस में शामिल अकीदतमंद नात व मनकबत पढ़ रहे थे। अल्लाहो अकबर व नारए गौसिया के साथ जुलूस आगे बढ़ रहा था। ईदगाह गांधी नगर से निकाला गया जुलूस दोपहर बाद पुरानी बस्ती स्थित बाबा हिदायत शाह के आस्ताने पर पहुंचकर समाप्त हुआ। वहां पर लंगरे आम का इंतजाम था। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने चाय पानी की सबील लगा रखी थी। जुलूस के रास्ते में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। जुलूस गांधी नगर, रोडवेज तिराहा, दक्षिण दरवाजा होते हुए अपने गन्तव्य तक पहुंचा। बाबा हिदायत शाह के आस्ताने पर सलातो सलाम के बाद अयूब अहमद मुशाहिदी ने दुआ कराई। गांधी नगर में मौलाना रियाज अहमद ने तकरीर की। अंजुमन के प्रबंधक जीएम खान ने बताया कि गौसे पाक का रौजा बगदाद, इराक में है। आप ने बड़े से बड़े खतरे के सामने भी कभी झूठ नहीं बोला। आप का शुमार अल्लाह वालों में होता है। पीलीभीत शरीफ से तशरीफ लाए कारी तरहीम रजा, तसव्वर निजामी, जावेद अख्तर सहित अन्य ने कलाम पेश किया।

# ठगी करने वाले गैंग के दो शातिर गिरफ्तार

बस्ती। ऑनलाइन लाटरी के नाम पर ठगी करने वाले गैंग के दो सदस्यों को साइबर क्राइम पुलिस गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में बिहार के गोपालगंज के बरौली थानांतर्गत बखरौर पचपटिया गांव निवासी आशिक अली पुत्र मो. युनुस और इसी जिले के थाना मांझा के देवापुर, अकिल टोला गांव निवासी तौसीफ आलम पुत्र मो. आमिर हसन हैं। आरोपियों के कब्जे से एक वैगनार कार, तीन मोबाइल फोन, आठ फर्जी आधार कार्ड, एक फर्जी निर्वाचन कार्ड, 920 रूपए नकद व उनके मोबाइल के मोबाइल बैंकिंग एप्स से 172186 रूपया फ्रीज कराया गया।

साइबर फ्राड से पीड़ित विशुनपुरवा, थाना कोतवाली, जनपद बस्ती निवासी सैयद अशरफ मदनी ने साइबर क्राइम थाने में तहरीर दी थी कि उनके साथ साइबर अपराधियों ने 25 लाख लॉटरी दिलाने के नाम पर 15 लाख की ठगी कर ली गई है। पुलिस ने छानबीन की तो दोनो के द्वारा घटना मे संलिप्त होकर अपराध करने की बात सामने आई और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# तीन का गैंगस्टर एक्ट में चालान

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने तीन बदमाशों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोह बंद अधिनियम के तहत कार्रवाई किया है। यह कार्रवाई कोतवाल शशांक शेखर राय की तहरीर पर हुई। आरोपियों में सिकन्दर पाण्डेय उर्फ रोहित निवासी चंगेरवा-मंगेरवा थाना कोतवाली खलीलाबाद, आकाश सोनकर निवासी दक्षिण दरवाजा तथा दिनेश उर्फ भल्लू निवासी संजय कालोनी पुरानी बस्ती शामिल है।



परिक्षेत्र कार्यालय सभागार में अपराध शाखा प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीआईजी आरके भारद्वाज। • हिन्दुस्तान

# विवेचना गुणवत्तापूर्ण व समय से हो

**बस्ती।** डीआईजी बस्ती आरके भारद्वाज ने सोमवार को परिक्षेत्र कार्यालय सभागार में तीनों जनपदों के अपराध शाखा के प्रभारियों के साथ समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान लापरवाह प्रभारियों को फटकार लगाई। विवेचना गुणवत्तापूर्ण व समय से संपादित करने के निर्देश दिया। बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के प्रभारियों से मामलों की जानकारी ली।

### 204 राजस्व गांव वाले हरैया थाना क्षेत्र में अभी एक भी चौकी नहीं

# अमारी, केशवपुर व बिहरा में बनेगी पुलिस चौकी

**तैयारी**

■ प्रमोद ओझा

कप्तानगंज। बस्ती-लखनऊ हाइवे पर स्थित हरैया थाने पर 204 राजस्व गांव की जिम्मेदारी है। लेकिन पुलिस चौकी एक भी नहीं है। ऐसे में कोई वाद-विवाद होने या कानून व्यवस्था का पालन कराने में काफी दिक्कत होती है।

इन्हीं सब समस्याओं के समाधान के लिए थाना क्षेत्र में तीन नई पुलिस चौकी के गठन का फैसला किया गया है। अमारी बाजार, केशवपुर और बिहरा में पुलिस चौकी के लिए डीएम के आदेश पर जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। हरैया थाने के क्षेत्रफल में 204 राजस्व गांव हैं। सभी की

- ■ घटनाओं पर अंकुश के लिए तीन पुलिस चौकी का प्रस्ताव
- ■ डीएम के निर्देश पर भूमि की तलाश शुरू, अमारी बाजार के लिए भूमि तय

मानिटरिंग थाने से ही होती है। कोई पुलिस चौकी नहीं होने के चलते थाने के पश्चिमी और पूर्वी छोर पर कोई घटना होने पर काफी समय लग जाता है। जबकि पड़ोसी थानों में चौकियां स्थापित हैं। प्रभारी निरीक्षक हरैया शैलेष कुमार सिंह के मुताबिक एसपी बस्ती आशीष श्रीवास्तव के माध्यम से डीएम बस्ती प्रियंका निरंजन को थाना क्षेत्र के पश्चिमी छोर स्थित अमारी बजार के अलावा पूर्वी उत्तर छोर केशवपुर और पूर्वी दक्षिण छोर बिहरा में पुलिस चौकी स्थापित करने का मांग पत्र सौंपा।

डीएम की स्वीकृति मिलने के बाद अमारी बजार, केशवपुर और बिहरा में पुलिस चौकी स्थापित करने के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। एसडीएम हरैया गुलाब चंद ने राजस्व कर्मियों को जमीन तलाशने का निर्देश दिया है। प्रभारी निरीक्षक शैलेष कुमार सिंह के मुताबिक अमारी बजार में पुलिस चौकी के लिए जमीन भी चिन्हित हो चुकी है। बिहरा बाजार और केशवपुर के लिए तलाश चल रही है। क्षेत्र में नई चौकी स्थापित होने से निश्चित ही इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। बेहतर पुलिसिंग को बढ़ावा भी मिलेगा।

## चलती ट्रेन में चढ़ते समय ट्रैक-प्लेटफॉर्म के बीच में गिरा यात्री, बचाया

**वीडियो वायरल**

बस्ती, निज संवाददाता। चलती ट्रेन में चढ़ते समय बस्ती रेलवे स्टेशन पर ट्रैक और प्लेटफार्म के बीच एक यात्री गिर गया। स्टेशन पर मौजूद आरपीएफ जवानों ने अपनी सूझबूझ से यात्री को सकुशल बाहर निकाल लिया। रविवार को हुई इस घटना की सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रही है।

रेलवे स्टेशन बस्ती के प्लेटफार्म नम्बर एक पर शनिवार की शाम 5.10 पर बस्ती से दिल्ली की तरफ जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस में चढ़ रहा एक यात्री फिसलकर उसके नीचे चला गया। वह ट्रेन और ट्रैक के बीच फंस गया। यह देख प्लेटफार्म पर हड़कंप मच गया। यात्रियों के शोर मचाने पर गार्ड ने चेन पुलिंग कर गाड़ी रोक दी। भागकर मौके पर पहुंचे आरपीएफ के एसआई दिलीप कुमार, एएसआई रविंदर सिंह, हेको. मृत्युंजय कुमार सिंह, कां. अमितेश शुक्ला, मकां. किरण सिंह और शशिकला सिंह ने यात्री को खींच कर सकुशल बाहर निकाला।

यात्री को एकदम सुरक्षित था। उसने अपना नाम संतोष कुमार कसौधान पुत्र रघुराई कसौधन निवासी सरयूनगर, नौगढ़, जिला सिद्धार्थनगर बताया। उसने बताया कि वह जनरल टिकट पर गोरखपुर से जालंधर के लिए जा रहा था। कोई सामान खरीदने के लिए स्टेशन पर उतरा था।



बस्ती रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करता यात्री।



चलती ट्रेन में चढ़ने के लिए प्लेटफॉर्म पर दौड़ने लगा।



चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करता यात्री।



संतुलन खोने पर रेलवे ट्रैक और प्लेटफॉर्म के बीच गिरता यात्री।



ट्रैक और प्लेटफार्म के बीच यात्री को गिरते देख आरपीएफ जवान दौड़ पड़े। उसे हाथ पकड़कर बाहर निकाला गया।

# विवादों को समझौते से निपटारे में वादकारियों को मिलता जल्द न्याय

**जासं,बस्ती :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रेस क्लब सभागार में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश रामायण शर्मा ने कहा कि प्राधिकरण के माध्यम से विवादों को सुलह समझौता से निपटाए जाने से वादकारियों के त्वरित न्याय दिलाने में सहायता मिलती है। इसी प्रकार मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का समाधान किया जाता है।

पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत पीड़ित लोगों को आर्थिक सहायता का भी प्रावधान किया गया है। जेल में निरुद्ध बंदियों के कानूनी अधिकारों के तहत उन्हें विधिक सहायता देने के लिए जिला कारागार में लोक अदालत आयोजित किया जा रहा है। प्राधिकरण के सचिव उमेश यादव ने कहा कि समाज के गरीब व कमजोर लोगों को न्याय दिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविरों के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध संबंधी कानून की जानकारी दी जा रही है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रकाश चंद्र पाण्डेय ने समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही सामूहिक विवाह योजना की जानकारी दी।

नायब तहसीलदार प्रियंका त्रिपाठी ने राजस्व संहिता से संबंधित कानूनों तथा सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपमा यादव ने बाल कल्याण समिति तथा महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों तथा उन्हें आर्थिक सहायता दी जाने के बारे में बताया।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए राज्यकर्मियों ने भरी हुंकार

## कई विभागों के कर्मचारी धरने में हुए शामिल, समस्या समाधान होने तक कर्मचारी चलाएंगे चरणबद्ध आंदोलन

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पुरानी पेंशन नीति बहाली के साथ ही 11 सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को राज्य कर्मचारी जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना दिए। मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी न्यायिक अतुल आनंद को सौंपा।

सुबह 10 बजे से ही विभिन्न विभागों के कर्मचारी जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। बड़ी संख्या में कर्मचारियों के पहुंचने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। कर्मचारी हाथ पुरानी पेंशन नीति बहाली के साथ ही 11 सूत्री मांगों के निस्तारण की मांग कर रहे थे।

परिषद के अध्यक्ष व कार्यवाहक अध्यक्ष राम अवतार पाल ने कहा कि सरकार जानबूझकर कर्मचारी हितों की अनदेखी कर रही है। लंबे समय से पुरानी पेंशन नीति बहाल किये जाने की मांग चल रही है। अनेक राज्य सरकारों ने पुरानी पेंशन को बहाल कर दिया लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार इस दिशा में गंभीर नहीं है। कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता राज्य कर्मचारी चरणबद्ध ढंग से अपना आंदोलन जारी रखेंगे।

संचालन करते हुए जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि कर्मचारी इतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। कोषागार कर्मचारी संघ अध्यक्ष अखिलेश पाठक, पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष अजय आर्य, दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ अध्यक्ष अशोक सिंह, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ अध्यक्ष अशोक मिश्र, सफाई कर्मचारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ अध्यक्ष अरुणेश पाल, ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष अमरनाथ गौतम, सिंचाई संघ अध्यक्ष अशोक सिंह, डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ अध्यक्ष ई केके मिश्र, विकास भवन कर्मचारी संघ महामंत्री ओम प्रकाश, सेल्सटैक्स मिनीस्टीरियल संघ अध्यक्ष सरोज मिश्र, राजस्व संग्रह अमीन संघ अध्यक्ष संतोष शुक्ल, ग्राम विकास अधिकारी संघ के मंडल अध्यक्ष राकेश पांडेय, ट्यूबवेल टेक्निकल इम्पलाइज एसोसिएशन अध्यक्ष संतोष राव, आइटीआइ कर्मचारी संघ अध्यक्ष उमारमण त्रिपाठी, सेतु निगम कर्मचारी संघ अध्यक्ष प्रभाकर पाल, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष चन्द्रिका सिंह, डिप्लोमा इंजीनियर संघ लोक निर्माण अध्यक्ष ई. अभिषेक सिंह आदि ने सम्बोधित किया। प्रमोद शुक्ल, रामशंकर चौधरी, फिरोज खान, मो. कलीम, विनय शुक्ल, आशीष शर्मा, जितेन्द्र अरोरा, जलालुद्दीन कुरैशी, अरविंद चौधरी, बजरंगी प्रसाद, पेशकार, रूद्रनारायन शुक्ल, शिव कुमार यादव, शिवमंगल पांडेय, उमेश वर्मा, ऋतुराज पांडेय, दिनेश सिंह मगन, मंशाराम, पुष्पारानी, शीतल गुप्ता, ई आरपी यादव, दुर्गेश यादव, ई. राजेश श्रीवास्तव, जगन्नाथ मौर्य, रणजीत उपाध्याय, शीतला प्रसाद यादव, लालजी कन्नौजिया, आशुतोष पटेल, प्रमोद कुमार, अखिलेश शुक्ला, अवधेश कुमार, कामनी कुमारी, दीपमणि शुक्ल, हरिराम, रामचन्दर, फैजान अहमद, परमात्मा प्रसाद, सुरेन्द्र पाल, रामचन्दर वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।





कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी करते धरना पर बैठे कर्मचारी व कलेक्ट्रेट पर राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद के धरना को संबोधित करते रामअवतार पाल व अन्य •जागरण

# गोवंश का अवशेष मिला, छानबीन शुरू

- सोनहा थाना क्षेत्र के गदापुर चौक गांव का मामला
- ग्रामीणों की मदद से अवशेष को जमीन में दफनाया गया

**जासं, सोनहा, बस्ती :** थाना क्षेत्र के गदापुर चक गांव के दक्षिण भाग में गोवंश का कटा हुआ अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी भानपुर गिरीश कुमार झा व प्रभारी निरीक्षक सोनहा विनोद कुमार ने गोवंश के अवशेष को जमीन से खोदकर बाहर निकलवाया। पशु डाक्टर द्वारा शव का पोस्टमार्टम कर अवशेष को पुनः जमीन में दफन कर दिया गया।

सोमवार की सुबह लोगों ने गदापुर चक गांव से लगभग 200 मीटर दक्षिण भाग में गोवंश का कटा हुआ सिर व अवशेष देखकर शोर मचाया। मौके पर लोग जुट गए। उप निरीक्षक अनिल यादव ने ग्रामीणों की मदद से अवशेष को जमीन में दफनवा दिया। जब इस बात की सूचना विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह को मिली तो उनके द्वारा इस बात की सूचना एसडीएम भानपुर व प्रभारी निरीक्षक सोनहा को दी गई। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया व पशु डाक्टर संतोष कुमार श्रीवास्तव से पोस्टमार्टम कराया।

इस मौके पर विश्व हिन्दू महासंघ के सौरभ तिवारी, बिंदु गोपाल तिवारी, ग्राम प्रधान पवन कुमार दुबे उर्फ मंटू दुबे, अंकित त्रिपाठी आदि ने घटना पर नाराजगी जाहिर किया। प्रभारी निरीक्षक सोनहा विनोद कुमार ने बताया मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।



गोवंश का अवशेष मिलने पर पहुंचे उपजिलाधिकारी भानपुर गिरीश कुमार झा व प्रभारी निरीक्षक सोनहा विनोद कुमार तथा अन्य •जागरण

********

# पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपित को किया गिरफ्तार

**बस्ती :** वाल्टरगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपित आदित्य मौर्या निवासी गोपालपुर थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर को सोमवार को काटे- मुंडेरवा मार्ग पर बुधाकला के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। आरोपित का आपराधिक इतिहास भी है। पुरानी बस्ती थाने में गो हत्या निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है। हेड कांस्टेबल रामबदन, राकेश यादव, कांस्टेबल तबरेज आलम, बलवंत सहित अन्य मौजूद रहे।

# सांसद हरीश व भाइयों के विरुद्ध गैरजमानती वारंट

- **वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र पर मारपीट का मामला**
- **कोर्ट ने तीनों को पेश करने और कुर्की की प्रक्रिया शुरू करने दिया आदेश**

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** एमपी-एमएलए कोर्ट ने सदर सांसद हरीश द्विवेदी और उनके दो भाइयों के विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी किया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए कोर्ट) अर्पिता यादव ने गैरजमानती वारंट जारी करते हुए तीनों आरोपितों को 11 नवंबर से पहले पेश करने और कुर्की की प्रक्रिया शुरू करने का पुलिस अधीक्षक को आदेश दिया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में हुई मारपीट के मामले में कोर्ट इससे पहले 22 जुलाई, 10 अगस्त और 22 सितंबर को तीनों के विरुद्ध वारंट जारी कर चुकी है।

चुनाव में हरीश द्विवेदी के विरुद्ध उनके ही गांव तेलियाडीह निवासी पंकज दुबे भी चुनाव लड़े थे। मतदान के दिन 12 मई 2019 को गांव के मतदान केंद्र पर मारपीट हो गई थी। पंकज की शिकायत पर नगर थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट लगा दी थी। पंकज ने इस अंतिम रिपोर्ट के विरुद्ध कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने आरोपितों सांसद हरीश द्विवेदी, उनके भाई सुभाष दूबे और बागीश दूबे को तलब किया था। लगातार वारंट के बावजूद आरोपित कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे। ऐसे में कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी करते हुए कुर्की की भी प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
**https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html**

# छेड़खानी व जानमाल की धमकी के आरोप में मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** हर्रैया थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी नाबालिग बेटी से एक युवक ने अश्लील बातें करते हुए छेड़खानी की। उसका हाथ पकड़कर कमरे में खींचा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस कार्य में कुछ लोगों द्वारा सहयोग किया गया। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित धर्मेंद्र सहित तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है। इसी थानाक्षेत्र के रहने वाले दो लोगों पर पुलिस ने बिहरा मोड़ पर आती जाती लड़कियों को देखकर गलत इशारे करने व फब्तियां कसने के आरोप में पुलिस ने एक युवक पर मुकदमा दर्ज किया है। हेड कांस्टेबल की अनिल चौधरी थाना हर्रैया की तहरीर पर आरोपित मनीष निवासी पेंदा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

- एक व्यक्ति से आनलाइन लाटरी के नाम पर की थी 15 लाख रुपये की ठगी
- चारपहिया वाहन, आठ फर्जी आधार व एक निर्वाचन कार्ड, तीन मोबाइल बरामद

जागरण संवाददाता, बस्ती : साइबर क्राइम थाना बस्ती ने आनलाइन लाटरी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक चारपहिया वाहन, आठ फर्जी आधार व एक निर्वाचन कार्ड, तीन मोबाइल व 920 रुपये नकद बरामद किया है। उनके खाते में मौजूद 1,72,186 रुपये भी फ्रीज कराया गया।

पीड़ित सैयद अशरफ मदनी, निवासी बिशुनपुरवा, थाना कोतवाली, जनपद बस्ती द्वारा साइबर क्राइम थाना बस्ती को प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि उनके साथ साइबर अपराधियों द्वारा 25 लाख रुपये लाटरी दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपये की ठगी कर ली गई है। इस पर साइबर क्राइम थाना में धोखाधड़ी व आइटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

मुकदमे में साक्ष्य संकलन व संलिप्त ठगों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने छानबीन शुरू की। ठगी के दौरान प्रयोग किये गए वाट्सएप नंबर, इंटरनेट कालिंग वाले नंबरों तथा विभिन्न बैंकों के खातों से संबंधित संपूर्ण विवरण प्राप्त कर उसका गहन विश्लेषण किया गया। विवेचना के दौरान ठगों के रूप में आशिक अली निवासी ग्राम बखरौर पचपटिया, थाना बरौली, जनपद गोपालगंज, बिहार व तौसीफ आलम निवासी ग्राम देवापुर, अकिल टोला, थाना मांझा, जनपद गोपालगंज, बिहार का नाम प्रकाश में आया। इनकी गिरफ्तारी के लिए साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक विकास यादव और उनकी टीम लगातार प्रयत्नशील थी। इसी क्रम में रविवार को मोबाइल लोकेशन व अन्य स्रोतों से सूचना मिली कि दोनों ठग पटहेरवा जनपद कुशीनगर में किसी काम से आए हुए हैं। मोबाइल सर्विलांस की मदद से विकास और उनकी टीम ने पटहेरिया चौराहा थाना पटहेरवा कुशीनगर में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में दोनों पर अभिलेखों में हेरफेर व कूटरचना की धारा बढ़ाई गई।

## गिरफ्तार करने वाली टीम

आनलाइन लाटरी के नाम पर ठगी करने के आरोपित आशिक अलीव तौसीफ को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उप निरीक्षक हरेंद्र चौहान, महेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल मनिंद्र प्रताप चंद, मनोज राय, कांस्टेबल शिवम यादव, चंद्रशेखर यादव, रामप्रवेश यादव, जितेंद्र यादव, महिला कांस्टेबल बबिता यादव व मिताली द्विवेदी शामिल रहीं।

# दीवार गिराने को लेकर मारपीट, चार पर मुकदमा

**बस्ती:** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सोनौरा गांव की रहने वाली अमरावती पत्नी रामनेवास ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार को सुबह 10.30 बजे विपक्षी रामअवध पुत्र बटोही द्वारा उनका दीवार गिराने व देवरानी माया देवी द्वारा विरोध करने पर विपक्षियों ने अपशब्द कहते हुए लाठी से मारा पीटा, जिससे देवरानी को काफी चोट आई। पुलिस ने मामले में रामअवध, उसके पुत्र सूरज, नीरज व पत्नी सुंदरी निवासी सोनौरा के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# चोरी के तीन आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**जासं, वस्ती :** गैंग बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन आरोपितों पर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। तीनों को कोतवाली पुलिस ने 14 जुलाई को पं. अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह के पास चोरी के लैपटाप, एलसीडी आदि के साथ गिरफ्तार किया था। इनमें सिकंदर पांडेय उर्फ रोहित पांडेय निवासी चंगेरवा मंगेरवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, हाल मुकाम खौरहवा थाना कोतवाली जनपद बस्ती, आकाश सोनकर निवासी दक्षिण दरवाजा थाना पुरानी बस्ती और दिनेश उर्फ भल्लू निवासी संजय कालोनी (रेहरवा) थाना पुरानी बस्ती शामिल हैं। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि इनका गिरोह शहर के बंद पड़े घरों की रेकी कर उनमें चोरी करता था। इनकी गिरफ्तारी के बाद जून-जुलाई के महीने में चोरी की तीन घटनाओं का पर्दाफाश किया गया था।

# यातायात नियमों को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** यातायात माह के तहत सुरक्षित यातायात के लिए चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में सोमवार को पंडित राजन डिग्री कालेज में छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

कोतवाल शशांक शेखर राय ने कहा कि यातायात नियमों की जानकारी के बाद भी लोग इनका पालन नहीं करते हैं। ऐसे में हादसों की आशंका हमेशा बनी रहती है। कई बार तो बड़े बड़े हादसे यातायात नियमों का पालन न करने के कारण हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि यातायात नियमों को गंभीरता लें और उनका पालन करें। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडेय ने कहा कि छात्राएं स्कूटी चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। इतना ही नहीं अपने अभिभावकों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें, जिससे हादसों को रोकने में मदद मिल सके। यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह ने कहा कि हर वर्ष नवंबर को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य सिर्फ यही होता है कि लोग यातायात नियमों के प्रति जागरूक हों और उन पर अमल करें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई और नियमों से संबंधित पंफलेट व स्टीकर वितरित किया गया।



यातायात जागरूकता गोष्ठी को संबोधित करते यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह • जागरण

# पशु का शव मिलने से खलबली

## सोनहा थाने के गदापुर चक गांव का मामला, पुलिस कर रही जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

**भानपुर।** सोनहा थाना क्षेत्र के गदापुर चक गांव के सीवान में संदिग्ध परिस्थितियों में प्रतिबंधित पशु का शव मिलने से खलबली मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसडीएम गिरीश कुमार झा व प्रभारी निरीक्षक सोनहा विनोद कुमार ने पशु चिकित्सक को बुलवाकर शव का परीक्षण कराकर दफन करा दिया।

अधिकारियों ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। ऐसा कृत्य करने वाले के बारे में जानकारी ली जा रही है।

सोमवार सुबह गदापुर चक गांव के लोगों ने पशु के मारे जाने की सूचना पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि थाने के एक एसआई और आरक्षी मौके पर पहुंचे और पशु के शव को मिट्टी में दफन करवा दिया। इस बात की जानकारी विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं को हो गई। उसके बाद जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच गए। एसडीएम भानपुर और एसएचओ मौके पर पहुंचे।



एसडीएम जी.के. झा ग्राम प्रधान से जानकारी लेते हुये। संवाद

एसडीएम की मौजूदगी में पशु के शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया गया। उनका कहना है कि ग्राम प्रधान व अन्य लोगों से जानकारी ली जा रही है।

# मारपीट के सात मामलों में 28 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

## वाल्टरगंज, हर्रैया, कलवारी दुबौलिया क्षेत्र का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** विभिन्न कारणों से हुई मारपीट के सात मामलों में अलग-अलग थानों की पुलिस ने 28 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने सोनौरा गांव में दीवार गिराने के विवाद में मारपीट की घटना में अमरावती पत्नी रामनेवास की तहरीर पर गांव के ही राम अवध, सूरज व नीरज पर मुकदमा दर्ज किया है।

हर्रैया थाने की पुलिस ने उमरिया गंगाराम गांव में अपशब्द कहते हुए पीटने व धमकी देने के मामले में सुमित्रा की तहरीर पर गांव के मोहन लाल, मोहनी पत्नी मोहन लाल व श्रीदेवी पर मुकदमा दर्ज किया है।

वहीं, कलवारी थाने की पुलिस ने क्षेत्र के मनौवा गांव में मारपीट के मामले में सुनीता पत्नी लालचंद की तहरीर पर उसी गांव की माधुरी पत्नी उमेश, उमेश, बिंदू पत्नी पिंटू व सरोज पत्नी कमलेश पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाने की पुलिस ने कस्बा गायघाट में पुरानी रंजिश में गेट का ताला तोड़कर दीवार तोड़ने, थप्पड़ मारने, अपशब्द कहने व जानमाल की धमकी देने के आरोप में तबरेज खान की तहरीर पर बदरे आलम उर्फ गुप्ता, मो. साहिद, मो. खालिद, मो. अनस, रोशन जहां पत्नी अरशद हुसैन पर मुकदमा दर्ज किया है।

कप्तानगंज थाने की पुलिस ने मंझरिया गांव में जमीन के विवाद में अपशब्द कहते हुए लाठी डंडे से पीटने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दुलारी पत्नी मदनलाल की तहरीर पर धनीराम यादव, सीमा व धनीराम की पत्नी पर मुकदमा दर्ज किया है। कप्तानगंज पुलिस ने शिकायत प्रकोष्ठ के जरिए डाक से मिली मीना देवी पत्नी गुड्डू निवासी भरू थाना कप्तानगंज की तहरीर पर पप्पू, सीताराम, सुजीत, लक्की पर मुकदमा दर्ज किया है।

दुबौलिया थाने की पुलिस ने बैरागल गांव में दरवाजे के सामने से तेजी से मोटरसाइकिल लेकर जाने पर हुए विवाद में मारपीट के मामले में सातिर अली की तहरीर पर माजिद, साजिद, रिन्सू व अरशद अली पर मुकदमा दर्ज किया है।

# चोरी के तीन आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

**बस्ती।** गिरोह बनाकर चोरी करने के तीन आरोपियों पर कोतवाली पुलिस ने गिरोह बंद अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। इस तीनों को 14 जुलाई को शहर के अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह के पास चोरी के लैपटाप, एलसीडी आदि के साथ गिरफ्तार किया था।

इनमें सिकंदर पांडेय उर्फ रोहित पांडेय निवासी चंगेरवा मंगेरवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, हाल मुकाम खौरहवा थाना कोतवाली, आकाश सोनकर निवासी दक्षिण दरवाजा थाना पुरानी बस्ती और दिनेश उर्फ भल्लू निवासी संजय कालोनी (रेहरवा) थाना पुरानी बस्ती शामिल हैं। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि इनका गिरोह शहर के बंद पड़े घरों की रेकी करके उनमें चोरी करते थे। इनकी गिरफ्तारी के बाद जून-जुलाई के महीने में चोरी की तीन घटनाओं का पर्दाफाश किया गया था। ऐसे में इन तीनों पर गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

**14 जुलाई को कोतवाली पुलिस ने की थी गिरफ्तारी**

# फर्जी दस्तावेज पर बैनामे के आरोप में 13 पर मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** फर्जी दस्तावेज तैयार करके उपनिबंधक कार्यालय हर्रैया में जमीन बैनामा कराने के दो अलग-अलग मामलों में हर्रैया थाने की पुलिस ने 13 आरोपियों पर धोखाधड़ी, जालसाजी समेत अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है। इनमें से एक मामले में महिला ने आरोप लगाया है कि उसके पति का अपहरण करके फर्जी तरीके से बैनामा कराया गया।

मसजिदिया निवासी अर्चना तिवारी पत्नी शिवाकांत तिवारी ने तहरीर दी। बताया कि 27 जुलाई को विपक्षियों ने उनके पति का अपहरण कर लिया। फर्जी दस्तावेज तैयार करके उनकी जमीन का बैनामा करा लिया गया। पुलिस ने शिवचंद्र तिवारी निवासी चैनपुर थाना कप्तानगंज, उनकी पत्नी कुसुम तिवारी, अवनीश कुमार निवासी चिकनी, पवन तिवारी निवासी मसजिदिया, रमेश पाठक कोइलपुरा और प्रेम प्रकाश मिश्रा निवासी मसजिदिया पर मुकदमा दर्ज किया।

इसी तरह के दूसरे मामले में गोंडा जिले के बरहना हाल मुकाम छावनी थानाक्षेत्र के फूलडीह निवासी रामदुलारी ने तहरीर दी। बताया कि उनकी जमीन का फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार करके बैनामा कराने व षं[illegible] करने का आरोप है।

पुलिस ने तहरीर के अनुसार, रमाकांत सिंह, बब्बू नोहरी सिंह निवासी कलंदरहा थाना छावनी, रामकेवल निवासी साईनाथपुर थाना दुबौलिया, आरती देवी निवासी साईनाथपुर, अजीत दूबे निवासी एकमा हीरमिया थाना छावनी के अलावा विकास क्षेत्र विक्रमजोत के पंचायत विभाग के तत्कालीन कर्मचारी, नाम व पता अज्ञात तथा तहसील हर्रैया के राजस्व कर्मी पर मुकदमा दर्ज किया है।

# यातायात सुरक्षा के लिए छात्राओं को दिलाई शपथ

## पं. राजन महिला डिग्री कॉलेज में हुआ जागरूकता कार्यक्रम, यातायात नियमों की दी गई जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले में पहली नवंबर से चल रहे यातायात जागरूकता अभियान की कड़ी पं. राजन महिला डिग्री कॉलेज से सोमवार को जुड़ी। यहां पहुंची यातायात पुलिस की टीम ने छात्राओं को सुरक्षा के उपाय बताए। पुलिस अधिकारियों व बच्चों ने यातायात सुरक्षा की शपथ ली।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय, महिला थाना प्रभारी भाग्यवती पांडेय, टीएसआई कामेश्वर सिंह एवं उनकी टीम करीब 11 बजे कॉलेज में पहुंची। यहां छात्राओं को यातायात संबंधी, ट्रैफिक नियम के



यातायात जागरूकता कार्यक्रम में शपथ दिलाते पुलिसकर्मी। संवाद

संबंध में जागरूक किया गया। यातायात उप निरीक्षक कामेश्वर सिंह ने बताया कि सड़क पर कहीं भी दुर्घटना हो तो वहां रुक कर यथासंभव मदद करनी चाहिए। ऐसे व्यक्ति को प्रति वर्ष 'गुड समेरीटन' के नाम से पुरस्कार भी दिया जाता है।

सुरक्षित यातायात के लिए लोगों को हेलमेट पहनने, सेफ्टी बेल्ट लगाने को प्रेरित करते हुए सावधानी पूर्वक सड़क पर चलने, यातायात नियमों का पालन करने के लिए सुझाव दिए। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहकर उनका पालन करने की अपेक्षा की। कहा कि यातायात नियमों का पालन करके ही वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

कहा कि यातायात माह में जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों में यातायात पुलिस व स्वयं सेवी समूहों के सहयोग से एवं अन्य आयोजनों के माध्यम से जागरूक किया किया जा रहा है। महिला थाना प्रभारी भाग्यवती पांडेय ने छात्राओं को सुरक्षित रहने के लिए बचाव के कुछ कौशल सिखाएं साथ ही महिला सुरक्षा के लिए सरकार की ओर से संचालित दूरभाष सेवाओं से भी अवगत कराया। थाना प्रभारी ने महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों से बचने के तरीके भी बताए।

इस मौके पर हेड कांस्टेबल कृष्णानंद पांडेय, कांस्टेबल प्रेमशंकर, कांस्टेबल बबलू यादव, विद्यालय प्राचार्य डॉ. संजीव पांडेय, प्रमोद तिवारी, मनीष मिश्रा, रामस्वरूप यादव, अरुण बहादुर लाल श्रीवास्तव, मुरली तिवारी आदि मौजूद रहे।

# किशोरी को भगाने में सहयोग करने का आरोपी गिरफ्तार

**कलवारी।** पुलिस ने क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर स्थित देवडाड के पास से दो माह पूर्व किशोरी को भगाने में सहयोग करने वाले आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में 28 अगस्त को किशोरी को युवक बहला-फुसला कर भगा ले गया था। पुलिस ने 31 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी मनोज चौधरी निवासी रघऊपुर थाना लालगंज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। आरोपी के विरुद्ध कलवारी के अलावा और भी थानों में मुकदमा दर्ज है। संवाद

# चौकीदार की बाइक चोरी

**महराजगंज (बस्ती)।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के परिवारपुर गांव में धान की मड़ाई कर रहे चौकीदार की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित दिन भर खोजबीन करता रहा। जब बाइक नहीं मिली तो घटना की सूचना पुलिस को दी। हर्रैया थाना क्षेत्र के रकबा गांव के रहने वाले हृदयराम निषाद हर्रैया थाने में चौकीदार हैं। सोमवार सुबह अपनी बाइक से परिवारपुर गांव के विजयपाल सिंह के खेत में धान की मड़ाई कराने के लिए गए थे। संवाद

# किशोरी को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**हर्रैया।** क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 17 वर्षीय किशोरी को रविवार रात को युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। सोमवार भोर में युवक पीड़िता को उसके घर के पीछे छोड़कर भाग गया। घर वालों के पूछने पर युवती ने आपबीती बताई। परिजनों ने थाने में जाकर तहरीर दी। एसएचओ शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। आरोपी पुलिस गिरफ्त में है। संवाद

# लॉटरी के नाम पर 15 लाख की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

## कुशीनगर के पटहेरवा थाने के पटहेरिया चौराहे से हुई गिरफ्तारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** ऑनलाइन लॉटरी के नाम पर 15 लाख रुपये ठगी के मामले में साइबर थाने की टीम ने बिहार के गोपालगंज के दो आरोपियों को कुशीनगर जिले के पटहेरवा थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से कार, तीन मोबाइल फोन, आठ फर्जी आधार कार्ड, फर्जी निर्वाचन कार्ड, 920 रुपये नकद बरामद किए गए। साथ ही उनके मोबाइल बैंकिंग एप के वालेट में उपलब्ध एक लाख 72 हजार 186 रुपये फ्रीज कराए गए।

साइबर थाना के प्रभारी निरीक्षक विकास यादव ने बताया कि इस संबंध में सैयद अशरफ मदनी, निवासी विशुनपुरवा थाना कोतवाली ने प्रार्थनापत्र देकर सूचित किया था। प्रार्थनापत्र में बताया गया था कि आरोपियों ने उन्हें 25 लाख रुपये की लाटरी निकलने का झांसा दिया। रुपये दिलाने के नाम पर उनसे 15 लाख की ठगी कर ली गई। पुलिस ने इस संबंध में धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज करके छानबीन शुरू की।

**ऑनलाइन लॉटरी के नाम पर की थी ठगी, दोनों आरोपी बिहार के गोपालगंज के रहने वाले**

उक्त एडीजी साइबर क्राइम सुभाष चंद्र, डीआईजी साइबर क्राइम एन. कोलांची, डीआईजी आरके भारद्वाज, एसपी साइबर क्राइम प्रोफेसर त्रिवेणी सिंह, एएसपी साइबर क्राइम सच्चिदानंद आदि अधिकारियों ने इसके पर्दाफाश के लिए निर्देश दिए। उसके बाद व्हाट्सएप, वीओआईपी नंबरों तथा विभिन्न बैंक खातों से संबंधित विवरण लेकर टीम ने तहकीकात की।

उसके बाद आशिक अली निवासी बखरौर पचपटिया, थाना बरौली, जनपद गोपालगंज बिहार और तौसीफ आलम, निवासी देवापुर अकिल टोला, थाना मांझा, जनपद गोपालगंज, बिहार का नाम प्रकाश में आया। रविवार को उनके मोबाइल के लोकेशन व मुखबिर के माध्यम से मिली सूचना के आधार पर टीम ने पटहेरिया चौराहा, थाना पटहेरवा, कुशीनगर पहुंची और दोनों को गिरफ्तार किया गया।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 08-11-2022

# कार्तिक पूर्णिमा पर ककरही में सख्त रहेगी सुरक्षा

जोगिया, हिन्दुस्तान संवाद। जोगिया क्षेत्र के सिद्धार्थनगर-बस्ती मार्ग पर ककरही में कार्तिक पूर्णिमा पर बूढ़ी राप्ती में डुबकी लगाने के लिए हजारों की भीड़ जमा होगी। इस दौरान बड़ा मेला भी लगता है। किसी प्रकार की अशांति न होने पाए खाकी हर ओर नजर आएगी।

जिले में कार्तिक पूर्णिमा पर सर्वाधिक लोग ककरही घाट पर स्नान करते हैं। एक दिन पूर्व की शाम से ही वहां पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो जाती है जो तड़के स्नान करने बूढ़ी राप्ती में डूबकी लगाने पहुंच जाती है। इस दौरान काफी बड़ा मेला भी लगता है जिसमें काफी भीड़ होती है। कार्तिक पूर्णिमा स्नान व मेला के दौरान असामाजिक तत्व किसी प्रकार की बदअमनी न फैलाएं प्रशासन ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया है। नजर रखने के लिए महिला थानाध्यक्ष, तीन निरीक्षक, 17 एसआई, 90 कांस्टेबल व 20 होमगार्ड तैनात किए गए हैं। सटे ही तीन स्थानों पर लगने वाले मेला में पुलिस के लिए सुरक्षा व्यवस्था किसी चुनौती से कम नहीं है। सभी सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी एसपी अमित कुमार आनंद द्वारा लगा दी गई है।



शहर के पुराने नौगढ़ कस्बे के तुलसी घाट पर कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर सोमवार की शाम देव दीपावली मनाई गई ● हिन्दुस्तान

**पुराना पुल से आवागमन प्रतिबंधित:** ककरही में एक पुराना पुल भी है जिसपर भारी वाहन पहले से ही प्रतिबंधित हैं लेकिन बाइक सवार गुजरते रहते हैं। पुराना पुल से नहान व मेला के दौरान आवामन प्रतिबंधित रहेगा। जर्जर पुल पर भीड़ जुटने से हादसा भी हो सकता है।

## पुलिस ने मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास

डुमरियागंज। डुमरियागंजन क्षेत्र के पौराणिक स्थल भारतभारी सहित अन्य स्थानों पर पुलिस ने कार्तिक पूर्णिमा को लेकर रविवार की देरशाम पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। साथ ही अराजक तत्वों से सख्ती से निपटने का संदेश भी दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्र ने बताया कि भारतभारी मेला प्रभारी कृपाशंकर मौर्य सहित मोतीगंज चौराहा, कोरईभारी और भारतभारी मेला परिसर में पैदल गश्त किया। साथ ही सड़क किनारे लगे ठेले, दुकाने, अवैध स्टैंड और अतिक्रमण को हटवाया। उन्होंने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन मंदिर पर भीड़ अधिक होने की संभावना है। इसको लेकर पुलिस मुस्तैद है।

# 112 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर। जनपद पुलिस ने सोमवार को वाहन चेकिंग के दौरान कागजात में खामियां मिलने, तीन सवारी बैठाकर बाइक चालाने व यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 112 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 1.27 लाख रुपये शमन शुल्क वसूलने की कार्रवाई की गई।

# बच्चों के विवाद में तीन लोगों को किया गया गिरफ्तार

बढ़या : मिश्रौलिया पुलिस ने सोमवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया। यहां बच्चों के विवाद में शांति भंग होने की आशंका बन गई थी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। उप निरीक्षक अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि भटमला निवासी अयोध्या व बभनी निवासी परवेश और राम निवास के विरुद्ध सीआरपीसी की धारा के तहत निरोधात्मक कार्यवाही की गई। सभी को न्यायालय भेजा गया।

# नहान के लिए किया घाट का निरीक्षण

बांसी। कार्तिक पूर्णिमा पर नहान पर्व को देखते हुए बांसी के रानी मोहभक्त लक्ष्मी स्नान घाट पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। एसडीएम प्रमोद कुमार ने स्नान घाट का निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखने का निर्देश दिया।

नगर पालिका परिषद की तरफ से बांसी स्नान घाट पर सफाई, घाट समतलीकरण, बैरिकेडिंग, महिलाओं के कपड़ा बदलने का स्थान आदि पर समुचित व्यवस्था की जा रही है। सोमवार को स्नान घाट का निरीक्षण एसडीएम प्रमोद कुमार और सीओ देवी गुलाम सिंह ने किया। बताया कि ट्रैक्टर ट्राली और माल वाहन का प्रयोग वर्जित कर दिया गया है। यदि कोई माल वाहन सवारियों को ढोता पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सीओ ने कहा कि स्नान घाट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी विंध्याचल, कोतवाली प्रभारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# 26 वारंटी गिरफ्तार भेजे गए जेल

**सिद्धार्थनगर।** विशेष अभियान के तहत सदर पुलिस ने सोमवार को गंभीर अपराध में फरार चल रहे चार वारंटियों को दबोच लिया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

कोतवाल सदर अजय कुमार यादव ने बताया कि गंभीर अपराध के मामले में फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। थाने से गठित टीम ने रघुवर निवासी डुमरिया, रुदल निवासी विनयका, सोमचंद्र निवासी मधुकरपुर, रमेश निवासी मधुकरपुर थाना सिद्धार्थनगर को दबोच लिया।

थाने मे पूछताछ करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं, विशेष अभियान के तहत हत्या, गैंगस्टर, दुष्कर्म, दहेज हत्या सहित अन्य मामलों में फरार चल रहे 22 वारंटियों को जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने दबोच लिया। संवाद

**तीन वारंटी गिरफ्तार : बिस्कोहर।** त्रिलोकपुर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने रविवार रात जिला बदर, गैंगस्टर के वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया। टीम ने दशरथ निवासी रतनपुर, रमजान व जान मोहम्मद निवासी पोखरभिटवा को गिरफ्तार किया। संवाद

# पुलिस की पकड़ में आए तीन वारंटी

सोहना। मारपीट के मामलों में तीन वारंटियों को त्रिलोकपुर पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग गांवों से पकड़ कर न्यायालय भेज दिया।

एसएचओ सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि पोखरभिटवा गांव निवासी रमजान व जान मोहम्मद के साथ रतनपुर गांव निवासी दशरथ न्यायालय के वारंटी थे। काफी दिनों से फरार चल रहे थे। पुलिस ने तीनों वारंटियों को सोमवार उनके ठिकानों से पकड़कर न्यायालय भेज दिया है।

# छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, डिड़ई :** शिवनगर डिड़ई थाना पुलिस ने सोमवार को नाबालिग से छेड़खानी के मामले के आरोपित को गिरफ्तार किया। जोगिया थाना क्षेत्र निवासी आरोपित भी नाबालिग बताया जा रहा है। करीब दो सप्ताह पूर्व उसने डिडई थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ छेड़खानी की थी। पीड़िता ने इसकी जानकारी स्वजन को दी। कार्रवाई करने वाली टीम में एसआइ धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, आरक्षी संजय गुप्ता आदि शामिल रहे।

# राप्ती तट पर लगता है अयोध्या की तर्ज पर मेला

**जासं, बांसी:** हिमालय की गोद के दूरदराज में पवित्र अचरावती (राप्ती) के तट पर भी एक अयोध्या धाम है। क्षेत्र के पचास गांव के लोग कार्तिक पूर्णिमा पर यहां स्नान दान करने आते हैं। इस दिन बघिनी नानकार घाट पर अयोध्या की तर्ज पर विशाल मेला लगता है। तट पर लोग शवों का अंतिम संस्कार भी करते हैं। यहां अंतिम संस्कार करने से अयोध्या व काशी की भांति जीव को मुक्ति मिल जाती है।



मेला स्थल का निरीक्षण करते एसडीएम प्रमोद कुमार व सीओ देवी गुलाम सिंह • जागरण

विशाल पथरा ताल व नदी के मध्य स्थित इस पवित्र स्थल पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन लोग भोर से ही गाजे बजाते स्नान दान के लिए आने लगते हैं। यह नदी सरयू में मिलती है, इस लिए इसे वामांगी के नाम से पुकारा जाता है। यहां दिन में विशाल मेला के आयोजन होता है, जिसमें हजारों की संख्या में लोग आते हैं। लोगों का आपस में मेल मिलाप भी होता है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेश गुप्ता ने बताया कि ऐसा प्राचीन काल से होता आया है। क्षेत्र के लोगों को पूरे वर्ष इस उत्सव की प्रतीक्षा करते हैं।

**इन गांवों का है इस मेले से खास लगाव:** पथरा बाजार, कम्हरिया बुजुर्ग, कम्हरिया खुर्द, नउआ गांव, बनकटा, किशुनपुरवा, सेहरी घाट, बनगवा, बरगदी, सेहरी सेवक, सेहरी बुजुर्ग, सिसवा ,सिसई कला, सिसई खुर्द, गनवरिया, डड़वा राजा, बूढापार, कपिया बुजुर्ग आदि गांवों के लोगों की आस्था यहां से जुड़ी है। नदी के पार से बिमौवा, मगरगाहा, भैंसठ, बालेजिनवा, डड़वा घाट, जाल्हेखोर आदि गांव से भी लोग नाव से यहां आते हैं।

# कार्तिक पूर्णिमा आज, नदी-सरोवर में श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी

## मेले के मद्देनजर भारतभारी, ककरही सहित अन्य जगहों पर सुरक्षा बढ़ाई गई

संवाद न्यूज एजेंसी

**डुमरियागंज।** भगवान विष्णु को प्रिय कार्तिक मास की पूर्णिमा मंगलवार को है। कार्तिक मास को पुण्य मास माना जाता है। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा के साथ पवित्र नदियों-सरोवरों में स्नान व दान का खास महत्व है।

तहसील क्षेत्र के भारतभारी स्थित पवित्र सरोवर, राप्ती नदी व देईपार स्थित पोखरा सहित अन्य जगहों पर भारी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। पवित्र स्नान का क्रम सोमवार की देर रात्रि से ही शुरू हो हो गया।

भारतभारी में आयोजित कार्तिक पूर्णिमा के मेले में शामिल होने और पवित्र स्नान के लिए दूर दराज से लोग सोमवार की शाम को ही भारतभारी पहुंच गए। यहां स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजा व पवित्र सरोवर में स्नान का विशेष महत्व है। इसलिए यहां पर हजारों लोग स्नान व पूजन के लिए जुटते हैं।

कार्तिक पूर्णिमा के स्नान और मेले के मद्देनजर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। भारतभारी सहित शाहपुर, हल्लौर, देईपार, भानपुररानी, बेवा आदि स्थानों पर मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। डुमरियागंज थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि भारतभारी में कार्तिक पूर्णिमा के पवित्र स्नान और मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस, पीएसी तथा अग्निशमन दल के जवानों को मुस्तैद किया गया है। मेले की सीसीटीवी तथा ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी।

**प्रशासन ने मेले में की व्यापक व्यवस्था :** तहसील क्षेत्र के भारतभारी में आयोजित कार्तिक पूर्णिमा मेला एक सप्ताह से अधिक समय तक चलता है।

यहां आने वाली भारी भीड़ को देखते हुए तहसील प्रशासन ने सुरक्षा के साथ मूलभूत सुविधाओं का इंतजाम किया है।

मेला व्यवस्थापक रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि भारतभारी में कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान को लेकर पवित्र सरोवर पर गोताखोरों की टीम लगाने के साथ ही नाव की व्यवस्था की गई है।

मेला स्थल पर पथ प्रकाश व्यवस्था सुचारू बनाने के साथ ही सुरक्षा के लिए पुलिस, पीएसी और महिला कांस्टेबल को तैनात करने के साथ मेले पर नजर रखने के लिए 12 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

कार्तिक पूर्णिमा पर पवित्र सरोवर में श्रद्धालु का स्नान सोमवार की 12 बजे रात्रि से शुरू हो जाएगा, जो मंगलवार की सुबह तक चलेगा।





भारतभारी मेले में सजा मौत का कुंआ, झूला व दुकानें। बांसी के राप्ती नदी तट पर तैयारी का जायजा लेते एसडीएम प्रमोद कुमार व सीओ देवी गुलाम। संवाद

### चाक-चौबंद होगी मेले की सुरक्षा व्यवस्था : सीओ

भारतभारी। डुमरियागंज थाना क्षेत्र की नगर पंचायत भारतभारी में कार्तिक पूर्णिमा मेले की सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त होगी। सीओ राम महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि डुमरियागंज व इटवा सर्किल की पुलिस मेले की निगरानी करेगी। सुरक्षा की दृष्टि से मेले में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सुरक्षा में 13 सब इंस्पेक्टर, एक महिला सब इंस्पेक्टर 13 हेडकांस्टेबल, 12 महिला कांस्टेबल, 56 कांस्टेबल, 3 टीपी, 4 ट्रैफिक पुलिस, डेढ़ सेक्शन पीएसी तथा फायर ब्रिगेड के लोगों को लगाया गया है। महिला व पुरुष सिपाही सादे वर्दी में भी गतिविधियों पर पैनी नजर रखेंगे। अराजकता फैलाने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त डुमरियागंज थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार मिश्रा की देखरेख में पुलिस मुस्तैद रहेगी। मेले का सुरक्षा प्रभारी इंस्पेक्टर कृष्ण शंकर मौर्य को बनाया गया है।

### भारतभारी में आज से शुरू होगा कार्तिक मेला

भारतभारी। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत भारतभारी में कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाला दस दिवसीय मेला मंगलवार से शुरू होगा। डुमरियागंज तहसील प्रशासन की ओर से मेले का आयोजन किया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा की सुबह मंगलवार को श्रद्धालु तीर्थ सरोवर पर स्नान करके मेले की शुरुआत करेंगे। प्रशासन की ओर से मेले की पूरी तैयारी कर ली गई है। मेले का उद्घाटन पंच नक्षत्र को डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल व पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया था। मेले में खासतौर पर से मौत का कुआं व आसमानी झूला, खास आकर्षण का केंद्र रहता है। संवाद

# पुलिस से धक्का-मुक्की का वीडियो वायरल, तीन गिरफ्तार

## कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के खोला झूंगा गांव की घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

**कपिलवस्तु।** कोतवाली क्षेत्र के खोला झूंगा गांव में पुलिसकर्मियों एवं स्थानीय निवासियों के बीच धक्कामुक्की का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। घटना में एक पुलिसकर्मी समेत कुछ ग्रामीण भी घायल बताए जा रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को शांतिभंग के आरोप गिरफ्तार कर लिया है।

कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खोला झूंगा में पुलिस एवं कुछ लोगों में धक्कामुक्की का एक मिनट 21 सेकंड का वीडियो वायरल हो रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, रविवार रात गांव में आई पुलिस टीम के वाहन का पहिया पंक्चर हो गया था।

उसे बनाने के लिए वहां मौजूद लोगों से कहासुनी के बाद पुलिस टीम से धक्कामुक्की होने लगी। एएसपी सिद्धार्थ के अनुसार, रविवार रात कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खोला झूंगा में एक वारंटी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गई थी। वहां से लौटते हुए नशे में गांव के कुछ लोगों ने पुलिस टीम के साथ अभद्रता की।

पुलिस टीम ने संयम बरतते हुए तीन लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की।

पुलिस ने शांतिभंग में गांव निवासी रामरक्षा, दिलीप कुमार व रमेश के विरुद्ध कार्रवाई की है।

### आपत्तिजनक टिप्पणी का वीडियो वायरल

**कपिलवस्तु।** कोतवाली के नेपाल सीमा से सटे अलीगढ़वा कस्बे का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें सुरक्षा एजेंसियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए सीमापार तस्करी की बात की जा रही है। वायरल वीडियो में दो तस्करों के बीच रिकॉर्ड वार्तालाप में खाद तस्करी के लिए लाइन दिए जाने की बात की जा रही है। इसमें अभद्र भाषा में अधिकारियों पर भी टिप्पणी की गई है। साथ ही लाइन देकर खाद लदे वाहन सीमापार कराने की चर्चा की जा रही है। वायरल वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-11-2022

# रिजर्व पुलिस लाइन की जीडी हुई ऑनलाइन

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** रिजर्व पुलिस लाइन्स की जनरल डायरी (जीडी) ऑनलाइन कर दी गयी। जिसमें बायोमैट्रिक प्रणाली का उपयोग कर सभी पुलिसकर्मियों के अंगुष्ठछाप के माध्यम से आमद व रवानगी सुनिश्चित की जाएगी। जनरल डायरी ऑनलाइन होने से इसमें किसी भी प्रकार के होने वाले छेड़छाड़ से बचा जा सकेगा। साथ ही साथ जीडी ऑनलाइन होने से उच्चाधिकारीगण मॉनीटर कर पुलिस बल को और अधिक प्रभावी बना पाएंगे तथा निगरानी से जनरल डायरी की एंट्री में पारदर्शिता बनी रहेगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्रीमती दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रनजीकांत ओझा, सीसीटीएनएस प्रभारी अहमद रजा एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। विदित हो कि पुलिस लाइन की अनलाइन जनरल डायरी पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा ही डेवेलप की गयी है। इससे पहले भी पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वरक्षा ऐप, एकीकृत चेकिंग ऐप एवं डीडीएमएस ऐप बना चुके हैं जिसकी एडीजी जोन गोरखपुर द्वारा भी सराहना भी की गई है और इसे पूरे जोन में लागू करने के दिशा-निर्देश भी दिये गये हैं।

# महिला ने पति पर लगाया छेड़खानी का आरोप, केस

नाथनगर । महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद को लेकर महराजगंज जिले के कोठीभार थानान्तर्गत सिसवा बाजार रामजानकी मंदिर निवासी अपने दामाद पर महुली थानान्तर्गत मैंसिर तिराहे पर बेटी के साथ छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। इस सम्बन्ध में व्यक्ति द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर महुली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया है कि परिवारिक विवाद के बीच महराजगंज जिले के कोठीभार थानान्तर्गत सिसवा बाजार राम जानकी मंदिर निवासी उसके दामाद रजनीश वर्मा पुत्र स्वर्गीय विजय वर्मा अपनी पत्नी और उसकी बेटी के साथ मैंसिर तिराहे पर पहुंचे और बेटी के साथ छेड़खानी करना शुरू कर दिया। बेटी द्वारा विरोध करने पर आरोपी दामाद ने बेटी को भद्दी भद्दी गालियां और जान से मार देने की धमकी देते हुए चुप कराने का प्रयास कराते रहे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी रजनीश वर्मा के खिलाफ आईपीसी की धारा 354,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि जल्द ही नामजद आरोपी को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# कोर्ट के निर्देश पर बलवा व मारपीट का केस

**बखिरा (एसएनबी)।** बखिरा पुलिस ने सोमवार को न्यायालय के निर्देश पर पांच लोगों के खिलाफ बलवा एवं मारपीट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। न्यायालय में दिये गये शिकायती पत्र में शाकिब अली पुत्र वारिस अली ग्राम पसाई थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर ने कहा है कि मोहम्मद तबरेज पुत्र रमजान समेत पांच लोग पट्टीदारी रंजिश रखते हैं।उसके व आरोपियों के घर के बीच आम रास्ता है। बीते 07 जून 2021 को एक ट्रक घुमा रहा था। इसी दौरान आरोपी की दीवाल से टच हो गया था। जिससे नाराज होकर आरोपी उसे अपशब्द कहने लगे। जिसका विरोध करने पर आरोपियों ने एकराय होकर लात मूको एवं लाठी डण्डे से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। इस मामले में न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया और मामले की जांच में जुट गई।

# शिकायतों के निस्तारण में जिले की पुलिस प्रथम स्थान

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के निस्तारण में माह अक्टूबर की मासिक रैंकिंग में संतकबीरनगर पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने पूरी पुलिस टीम को बधाई दी है।

# विद्यार्थियों ने ली यातायात नियमों की शपथ

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। यातायात माह नम्बर के तहत जिले में चलाये जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को मौलाना आजाद इंटर कालेज खलीलाबाद के छात्र/छात्राओं को यातायात अनुशासन का पाठ सिखाया गया। विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ भी दिलायी गयी। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीष सिंह भदौरिया के पर्यवेक्षण में यातायात माह नवम्बर 2022 के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव मय टीम द्वारा मौलाना आजाद इण्टर कालेज खलीलाबाद के बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया और पम्पलेट वितरित किया। प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव द्वारा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिंना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के साथ लोगों से अपील किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मो. यूनुस खान, हे.कां. अजय राय, रामप्रकाश यादव, गिरिजेश यादव, कां. अजय पाण्डेय व यातायात के समस्त के अधिकारी/कर्मचारी सहित अन्य सम्मानित जनमानस उपस्थित रहे।

# घर में घुसे युवक की जमकर पिटाई

बखिरा। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला के घर में घुसे युवक को महिला के परिजनों व पड़ोसियों ने जमकर धुनाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को लेकर थाने पर आ गई। एक गांव निवासी एक महिला के घर में रविवार की रात एक युवक घुस गया।।

# जिलाबदर आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बेलहर। बेलहर थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव निवासी जिला बदर के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने सोमवार को राशिद अली पुत्र अब्बास अली निवासी मोतीपुर को छापेमारी कर पकड़ा। पुलिस के अनुसार सितंबर महीने में आरोपित गुण्डा घोषित किया गया था।

# छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम मैनसिर तिराहे पर एक युवती के साथ छेड़छाड़ किए जाने का नामजद मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। तहरीर में वादी ने बताया कि  पुत्री को उसके पति मैनसिर में बांह पकड़कर छेड़खानी करने का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।

# युवक को सीएचसी में पकड़ा

संतकबीरनगर। सेमरियवां सीएचसी में नर्स के कमरे से निकलते हुए एक युवक को एंबुलेंस कर्मियों ने पकड़ा। वीडियो में कुछ स्वास्थ्य कर्मी युवक से पूछताछ करते हुए सुनाई दे रहे हैं। हिन्दुस्तान इसकी पुष्टि नहीं करता है। वायरल वीडियो में स्वास्थ्य कर्मियो के पूछताछ से साफ जाहिर हो रहा कि एक युवक सीएचसी में निवास कर रही नर्स के कमरे में रात्रि 11 बजे  संदिग्ध हालत घुस गया।

# पुलिस ने 153 वाहनों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान नियम तोड़ने वाले 153 वाहनों से शमन शुल्क वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 153 वाहनों के चालकों से 1 लाख 56 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# पुलिस लाइन की आनलाइन हुई जीडी

संतकबीरनगर। रिजर्व पुलिस लाइन की जनरल डायरी (जीडी) ऑनलाइन कर दी गई है। इसमें बायोमैट्रिक प्रणाली का उपयोग कर सभी पुलिसकर्मियों के अंगुष्ठछाप के माध्यम से आमद व रवानगी सुनिश्चित कराई जाएगी। जनरल डायरी ऑनलाइन होने से इसमें किसी भी प्रकार के होने वाले छेड़छाड़ से बचा जा सकेगा। जीडी आनलाइन होने से उच्चाधिकारी भी आसानी से मॉनीटर कर पुलिस बल को और अधिक प्रभावी बना पाएंगे। साथ ही निगरानी से जनरल डायरी की एंट्री में पारदर्शिता बनी रहेगी।

पुलिस लाइन की ऑनलाइन जनरल डायरी पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने ही डेवेलप किया है। इससे पहले भी एसपी ने स्वरक्षा एप, एकीकृत चेकिंग एप एवं डीडीएमएस एप बना चुके हैं। जिसकी उच्चाधिकारियों ने सराहना की।

# जन शिकायतों के निस्तारण में संतकबीरनगर अव्वल

संतकबीरनगर, निसं। जनपद पुलिस को आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण पर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। एसपी सोनम कुमार ने निस्तारण में सहयोग करने वाले सभी कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये शिकायतें निस्तारण के लिए शासन की प्रथमिकता में हैं। शासन स्तर से निगरानी होती है। जो भी शिकायतें प्राप्त हों उन्हें प्राथमिकता में निपटाएं।

एसपी ने जनपद के समस्त थाना प्रभारियों शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया था। पीड़ित व शिकायतकर्ता के साथ अच्छा तालमेल एवं उनके साथ अच्छे से व्यवहार कर गुण-दोष के आधार पर उभय पक्ष के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करें। जनशिकायतों का निस्तारण आनलाइन किया जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भो का एक निश्चित समय दिया जाता है। जिसे उन संदर्भों को नियत समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है।

पोर्टल पर प्राप्त संदर्भो का गुणवत्तापरक निस्तारण में वर्ष-2022 के माह सितम्बर एवं अक्टूबर की मासिक रैंकिंग में जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जिले में आईजीआरएस पोर्टल पर शासन व पुलिस अधिकारियों के स्तर से प्राप्त समस्त संदर्भो का गहराई एवं निष्पक्ष जांच को निरन्तर पर्यवेक्षण किया जाता रहता है। जॉच सही न होने पर आईजीआरएस संदर्भ को फिर से जांच के लिए सम्बन्धित अधिकारी को कड़े निर्देश के साथ वापस कर दिया जाता है।

# घर में घुसकर छेड़खानी का आरोप, केस दर्ज

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पीड़ित ने घर में घुसकर छेड़खानी का आरोप मढ़ा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि बस्ती जिले के रहने वाले पीड़ित अनिल ने बताया कि वह किराये पर कमरा लेकर तितौवा में अपने पत्नी के साथ रहते हैं।

# सात आरोपितों को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने कई मामले में सात आरोपितों को दबोचकर विधिक कार्रवाई की। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने पांच आरोपितों को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

# लोक अदालत में अधिक मामलों के निस्तारण में सहयोग करें

**संतकबीरनगर, विधि संवाददाता।** राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जनपद एवं सत्र न्यायाधीश हरीश त्रिपाठी ने जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के साथ सोमवार को दीवानी न्यायालय के सभागार में बैठक की।

यह राष्ट्रीय लोक अदालत आगामी 12 नवम्बर को आयोजित होगी। लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को सहयोग के लिए निर्देशित किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी 12 नवम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएगी। इसमें अधिक से अधिक लंबित एवं प्री-लिटिगेशन वादों के निस्तारण हेतु कार्ययोजना पर चर्चा की गई। प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश हरीश त्रिपाठी ने प्रशासनिक अधिकारियों से अपने विभाग से संबंधित प्री-लिटिगेशन वादों एवं प्रार्थना पत्रों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी अनिल कुमार वशिष्ठ ने कहा कि लोक अदालत में बिजली चोरी से संबंधित शमनीय मामले, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत शमनीय वाद, मनरेगा प्रकरण, गृह कर, जल कर एवं अन्य प्रकरण से सम्बंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

# जिला बदर के आरोपित पूर्व ग्राम प्रधान को पुलिस ने भेजा जेल

**जासं, सांथा, संतकबीर नगर:** बेलहर थाने की पुलिस ने क्षेत्र के मोतीपुर गांव निवासी छह महीने के लिए जिला बदर किये गए आरोपित पूर्व प्रधान को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद इन्हें जेल भेज दिया। इससे पूर्व प्रधान के परिवार के संदस्यों व समर्थकों में खलबली मची रही।

बेलहर थाना के मोतीपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान राशिद अली पुत्र अब्बास अली पर सितंबर 2022 को गुंडा एक्ट लगा था। एडीएम वित्त एवं राजस्व की कोर्ट ने इन्हें छह महीने के लिए जिला बदर करने का निर्देश पुलिस को दिया था। इसके बाद भी आरोपित के लगातार क्षेत्र में रहने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। पुलिस इनकी तलाश में जुटी हुई थी।

थानाध्यक्ष अमित कुशवाहा ने बताया कि पुलिस सोमवार को सांथा चाराहे पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी समय आरोपित भी आता हुआ दिखा। इन्हें गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक जयप्रकाश मिश्र व कांस्टेबल सूर्य प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# छात्रों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी

**जासं, संतकबीरनगर :** यातायात माह के दौरान छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए मौलाना आजाद इंटर कालेज में यातायात पुलिस की पाठशाला आयोजित की गई। इस दौरान छात्रों को यातायात के नियमों की जानकारी देने के साथ ही मैपल एप्प के बारे में भी बताया गया। एसपी सोनम कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीष भदौरिया के निर्देशन में यातायात माह नवंबर के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव अपनी टीम के साथ सोमवार को मौलाना आजाद इंटर कालेज खलीलाबाद में पहुंचे। इस दौरान श्री यादव ने सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरूक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नंबर प्लेट लगा वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के के बारे में छात्रों को बताया। उन्होंने छात्रों से यह कहा कि वह अपने परिवार के लोगों के साथ रिश्तेदारों और आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने व सीट बेल्ट बांधने के लिए प्रेरित करें। प्रधानाध्यापक मो युनुस खान, हेड कांस्टेबल अजय राय, रामप्रकाश यादव, गिरिजेश यादव, कांस्टेबल अजय पाण्डेय के साथ ही यातायात विभाग के कर्मचारी व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आरोपितों के घर पर कुर्की की नोटिस चस्पा

- भूमि को फर्जी तरीके से बैनामा करने का मामला
- जालसाजी व अन्य धाराओं में केस दर्ज, जांच जारी

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर : लंदन में रहने वाले व्यक्ति की भूमि को फर्जी तरीके से बैनामा करने के मामले में सोमवार को महुली पुलिस ने छितही गांव निवासी तीन आरोपितों के घर पर कुर्की की नोटिस चस्पा की। इस मामले में पुलिस कुछ दिन पूर्व जालसाजी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज की थी। मामले की जांच कर रही है।

धनघटा थाना के कर्मा गांव निवासी अब्दुर्रऊफ पुत्र मकतूब अली ने 23 अगस्त 2022 को महुली थाने में तहरीर दी थी। इसमें उन्होंने यह उल्लेख किया था कि महुली थाने के छितही गांव निवासी सहाब अहमद पुत्र इकबाल अहमद उनके मौसा लगते हैं। सहाब अहमद वर्तमान में अपने परिवार सहित करीब पांच वर्ष से लंदन में रहते हैं। इनके नाम से घोरहट गांव में 0.210 हेक्टेयर व धायपोखर गांव में 0.271 हेक्टेयर जमीन है। इस भूमि में वह खेती-किसानी कराते हैं। उन्हें पता चला कि छितही गांव के राशिद पुत्र मकसूद ने फर्जी तरीके से सहाब अहमद पुत्र इकबाल अहमद के नाम से फर्जी आधार कार्ड बनवाकर 22 जून 2022 को घोरहट गांव की 0.210 में से 0.1675 हेक्टेयर जमीन भैसही गांव निवासी विजयलक्ष्मी पत्नी कमलनाथ को बेंच दी। इसके अलावा आठ जुलाई 2022 को घोरहट गांव की जमीन फर्जी तरीके से महुली थाना के सिदाही गांव निवासी हीरावती पत्नी भागीरथी, लौहरी पत्नी निर्मल, असरफा पत्नी तिलकधारी, अंगद निषाद पुत्र बुद्धिराम निषाद को रजिस्ट्री कर दिया। वहीं 27 जुलाई 2022 को राशिद अली व अन्य आरोपी मिलकर- 0.182 हेक्टेयर जमीन घोरहट गांव की श्रीमती चंद्रावती देवी पत्नी क्लेश को नौ लाख 50 हजार रुपये में बैनामा कर दिया था। खरीदारों ने छितही गांव निवासी जावेद पुत्र अब्दुल वहीद के बैंक खाते में पांच लाख व इसी गांव के सिराज अहमद खान पुत्र रफीउल्लाह खान के बैंक खाते में दो लाख रुपये भेजा था। राशिद ने अपने गांव के जावेद अहमद, सिराज अहमद खान, जबीउल्ला खान व महेंद्र सिंह व कुछ विभागीय कर्मियों की मिलीभगत से तीनों रजिस्ट्री बैनामा किया था।

महुली थाना के वरिष्ठ उप निरीक्षक दयानाथ राम ने कहा कि वह अपने सहयोगी पुलिसकर्मियों के साथ सोमवार को छितही गांव में पहुंचे। यहां के निवासी राशिद, जावेद अहमद व सिराज अहमद के घर पर कुर्की की नोटिस चस्पा की।

# कोर्ट के आदेश पर बलवा मारपीट का केस दर्ज

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर : कोर्ट के आदेश पर बखिरा पुलिस ने सोमवार को पसाई गांव निवासी पांच लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट सहीत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट में दिये गये प्रार्थना पत्र में पसाई गांव निवासी शाकिब अली पुत्र वारिस अली ने यह उल्लेख किया है कि उनके मकान के पास सार्वजनिक रास्ता है। इसी रास्ते से गांव का एक व्यक्ति सात जून 2022 को ट्रक को ले जाने के लिए मोड़ रहा था। उसी समय ट्रक पड़ोसी के मकान की नींव से सट गया। इसको लेकर तबरेज व इनके भाई शोएब, शब्लू व इनके भाई रमजान एवं बहन शमा अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर लाठी से उन्हें मारने-पीटने लगे। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

# आनलाइन हुई पुलिस लाइन की जीडी

- बायोमैट्रिक प्रणाली से अंगूठा लगाकर होगी पुलिसकर्मियों की आमद व रवानगी
- बनी रहेगी पारदर्शिता, उच्चाधिकारी भी कर लेंगे दूर से ही आनलाइन निगरानी

जासं, संतकबीरनगर : एसपी सोनम कुमार ने जिले के पुलिस लाइंस की जीडी (जनरल डायरी) को आनलाइन कर दिया है। जीडी आनलाइन होने से अब पुलिसकर्मी बायोमैट्रिक प्रणाली के जरिए अंगूठा लगाकर ही पुलिस लाइंस में आमद और वहां से ड्यूटी स्थल पर रवानगी भी कर सकेंगे।

क्षेत्राधिकारी लाइन दीपांशी राठौर ने बताया कि रिजर्व पुलिस लाइन की जीडी के आनलाइन होने से इसमें किसी भी प्रकार के होने वाले छेड़छाड़ से बचा जा सकेगा। उच्चाधिकारीगण मॉनीटर कर पुलिस बल को और अधिक प्रभावी बना पाएंगे तथा निगरानी से जनरल डायरी की एंट्री में पारदर्शिता बनी रहेगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइंस दीपांशी राठौर ने यह भी बताया कि जनरल डायरी एसपी सोनम कुमार के द्वारा ही डेवलप की गयी है। इससे पहले भी वह स्वरक्षा एप, एकीकृत चेकिंग एप, डीडीएमएस एप बना चुके हैं। इसकी एडीजी जोन गोरखपुर के द्वारा सराहना भी की गयी तथा इसे पूरे जोन में लागू करने के दिशा निर्देश भी दिए गए। जीडी के आनलाइन होने के अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक रनजीकांत ओझा, सीसीटीएनएस प्रभारी अहमद रजा एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहें।



पुलिस लाइन में जीडी के बारे में जानकारी देती क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर • जागरण

# जिला बदर घोषित अपराधी गिरफ्तार

संतकबीरनगर/ बेलहर। सोमवार को बेलहर पुलिस ने मोतीपुर के पास से जिला बदर घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया। जिला बदर घोषित अपराधी कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करके घर पर निवास कर रहा था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि एडीएम कोर्ट ने 17 सितंबर 2022 को मोतीपुर निवासी राशिद अली पुत्र अब्बास को गुंडा घोषित करते हुए छह महीने के लिए जिला बदर किया था। कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करके राशिद अली चुपके से घर पर निवास कर रहा था। सूचना के आधार पर पर जिला बदर घोषित अपराधी राशिद अली को मोतीपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। संवाद

# शिकायत निस्तारण में जिला पुलिस प्रथम

- अक्टूबर में आइजीआरएस रैंकिंग में मिला पहला स्थान
- पुलिस अधीक्षक ने की अधीनस्थ अधिकारियों की सराहना

**जासं, संतकबीरनगर** : आइजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के निस्तारण में संतकबीरनगर पुलिस को प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। एसपी सोनम कुमार ने अधीनस्थों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि आगे भी जनशिकायतों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण करें, जिससे यह रैंकिंग आगे भी बनी रहे। थाने पर उपस्थित पीड़ित व शिकायतकर्ता के साथ अच्छा तालमेल एवं उनके साथ अच्छे से व्यवहार कर गुण-दोष के आधार पर दोनों पक्ष के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करें।

एसपी ने बताया कि जनशिकायतों का निस्तारण आनलाइन किया जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का एक निश्चित समय दिया जाता है, जिससे उन शिकायतों का नियत समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त समस्याओं की जाच के लिए जाचकर्ता अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक जाच कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाती है। आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त समस्याओं के गुणवत्तापरक निस्तारण में इससे पूर्व वर्ष 2022 में माह सितंबर की मासिक रैंकिंग में भी जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। आइजीआरएस पोर्टल पर शासन व पुलिस अधिकारियों के स्तर से प्राप्त समस्त शिकायतों की गहराई से निष्पक्ष जाच के लिए निरंतर पर्यवेक्षण किया जाता रहता है। जॉच पुष्टिकारक न होने पर आइजीआरएस शिकायत पुनः जॉच के लिए संबंधित अधिकारी को कड़े निर्देश के साथ वापस कर दी जाती है।

# आईजीआरएस के निस्तारण में प्रदेश में जिला अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में संतकबीरनगर को पहला स्थान मिला है। एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि कार्य के प्रति सचेत रहे, ताकि आगे भी ऐसी ही रैंकिंग बनी रहे।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि अक्तूबर में आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण पर प्रदेश में जिले को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता के साथ अच्छे से व्यवहार कर गुण-दोष के आधार पर उभय पक्ष के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करें। एसपी ने बताया कि जनशिकायतों का निस्तारण ऑनलाइन किया जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का एक निश्चित समय दिया जाता है।

जिसे उन संदर्भों को नियत समयावधि के अंतर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त संदर्भों की जांच के लिए जांचकर्ता अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक जांच कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हैं।

आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का गुणवत्तापरक निस्तारण में वर्ष-2022 में सितंबर एवं अक्तूबर की मासिक रैंकिंग में जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जनपद में आईजीआरएस पोर्टल पर शासन एवं पुलिस अधिकारियों के स्तर से प्राप्त समस्त संदर्भों का गहराई एवं निष्पक्ष जांच के लिए निरन्तर पर्यवेक्षण किया जाता रहता है।

# पत्नी से छेड़खानी के आरोप में केस

**धनघटा।** पारिवारिक विवाद में पत्नी से छेड़खानी करने और वीडियो वायरल करने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पति पर केस दर्ज किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की और मामले की जांच शुरू कर दी।

पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी बेटी की शादी जनपद महराजगंज के थाना कोठीभार क्षेत्र में हुई है। आरोप है कि पारिवारिक विवाद को लेकर उसके दामाद ने बेटी के साथ महुली क्षेत्र में एक चौराहे के पास छेड़खानी की। बेटी ने विरोध किया तो जानमाल की धमकी देते हुए परिवार को बर्बाद कर देने की बात कहीं। बेटी का वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए अपशब्द कहा। एसओ संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी दामाद के खिलाफ छेड़खानी, अपशब्द और जानमाल की धमकी देने का केस कर लिया है। विवेचना से जो तथ्य सामने आएगा, आगे वैसी कार्रवाई की जाएगी। संवाद




ऑनलाइन जनरल डायरी सिस्टम का निरीक्षण करतीं सीओ। संवाद

# जीडी हुई ऑनलाइन, अंगूठे से होगी आमद और रवानगी

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** पुलिस लाइंस की जनरल डायरी ऑनलाइन कर दी गई है। अब अंगूठे के जरिए पुलिस कर्मियों की आमद और रवानगी होगी।

इसमें किसी तरह की छेड़छाड़ न की जा सकेगी। इसके साथ पारदर्शिता बनी रहेगी। एसपी के प्रयास से यह संभव हो पाया है।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि रिजर्व पुलिस लाइंस की जनरल डायरी (जीडी) ऑनलाइन कर दी गई। जिसमें बायोमैट्रिक प्रणाली का उपयोग होगा। अब सभी पुलिसकर्मियों का अंगुष्ठछाप के माध्यम से आमद व रवानगी की जाएगी। जनरल डायरी ऑनलाइन होने से इसमें किसी भी प्रकार के होने वाले छेड़छाड़ से बचा जा सकेगा।

इसके साथ ही साथ जीडी ऑनलाइन होने से उच्चाधिकारीगण मॉनिटर कर पुलिस बल को और अधिक प्रभावी बना पाएंगे। निगरानी से जनरल डायरी की एंट्री में पारदर्शिता बनी रहेगी। जीडी को ऑनलाइन करने में सीओ लाइंस दीपांशी राठौर, आरआई रनजीकांत ओझा, सीसीटीएनएस प्रभारी अहमद रजा का भी सहयोग रहा।

# दहेज की खातिर पत्नी को पीटा, दे दिया तीन तलाक

## पिटाई से साढ़े चार माह का गर्भ गिरा

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। दहेज की खातिर पत्नी की पिटाई की और फिर तीन तलाक दे दिया। पिटाई से पेट में पल रहा साढ़े चार माह का गर्भ खराब हो गया।

ऐसा आरोप लगाते हुए सोमवार को पीड़िता ने दुधारा थाने में पति समेत तीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारने- पीटने, जानमाल की धमकी देने और तीन तलाक का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

दुधारा क्षेत्र के कोहरियावा गांव की रहने वाली राजिया खातून पुत्री मोहम्मद हुसैन का आरोप है कि उसकी शादी गांव के जहीर अहमद पुत्र मुशीर अहमद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुई थी। आरोप है कि पति जहीर, तबस्सुम, नाजरीन उससे दहेज की मांगग

### पुलिस ने पति समेत तीन के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

करने लगे। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर लोग प्रताड़ित करने लगे। आरोप है 22 अक्तूबर को लोगों ने उसे मारापीटा। पिटाई से उसे चोट आई। इससे उसके पेट में पल रहा साढ़े चार महीने का बच्चा खराब हो गया।

आरोप है कि मारपीट के दौरान जहीर अहमद ने उसे तीन तलाक दे दिया। एसओ अनिल कुमार दूबे ने बताया कि जहीर ने राजिया खातून से दूसरी शादी की है। पीड़ित राजिया की तहरीर के आधार पर जहीर, तबस्सुम और नाजरीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़, मारपीट और तीन तलाक को मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना से जो तथ्य सामने आएगा, आगे वैसी कार्रवाई की जाएगी।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 08-11-2022

# केस निरस्त करने की याचिका खारिज

## नगर कोतवाली क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज तैयार कर दो बार भूमि का बैनामा करने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने नगर कोतवाली क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज तैयार कर दो बार भूमि का बैनामा कराने के मामले में आरोपी की एफआईआर निरस्त करने की याचिका खारिज कर दी है।

कोतवाली नगर के ग्राम पथवलिया निवासी साधु सरन शुक्ल ने देवीपाटन परिक्षेत्र के डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल को प्रार्थनापत्र देकर कहा कि ग्राम पथवलिया स्थित स्वामी विवेकानंद मंदिर विद्यालय की 13 डिस्मिल जमीन को रामप्रकाश शुक्ल ने बृजेश कुमार अवस्थी के साथ साजिश करके 11 जुलाई 2008 को फर्जी कागजात तैयार कर पुष्पा देवी पत्नी हरीराम मोदी निवासी 174 ददुवा बाजार के पक्ष में बैनामा कर दिया। इसका केस अपर सिविल जज सप्तम जूनियर डिवीजन की अदालत में विचाराधीन है। इसके बाद इन लोगों ने पुनः इसी जमीन का बैनामा नगीना देवी पत्नी अशोक कुमार निवासी पूरे तिवारीपुरवा कोतवाली करनैलगंज के नाम करा दिया।

साधु सरन शुक्ल के प्रार्थनापत्र पर डीआईजी के आदेश पर कोतवाली नगर पुलिस ने बृजेश कुमार अवस्थी व चार अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया। इस मामले में आरोपी बृजेश कुमार अवस्थी ने उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में याचिका दाखिल कर अधिवक्ता होने का हवाला देते हुए एफआईआर निरस्त करने की याचना की। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा व न्यायमूर्ति सरोज यादव ने एफआईआर का अवलोकन करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी में आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता का आपराधिक इतिहास भी है, ऐसे में इस मामले में रिट याचिका खारिज की जाती है।

### फर्जी इकरारनामा बनाने वाले को अग्रिम जमानत नहीं

**गोंडा।** विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट नासिर अहमद ने वजीरगंज थाना क्षेत्र में कूटरचित इकरारनामा से पैसे देने के लिए बाध्य करने व जान से मारने की धमकी के मामले में आरोपी का अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र खारिज कर दिया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी मनमोहन मिश्र ने बताया कि करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के आकिब ने पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र को प्रार्थनापत्र देकर कहा कि विपक्षी मोहम्मद मेराज निवासी सोनादासी पुरवा कोतवाली करनैलगंज से दो जून 2018 को दस लाख रुपये लिए थे। इस रकम में सात लाख उसने चेक के माध्यम से लौटाए और तीन लाख रुपये मोहम्मद मेराज ने स्वयं एटीएम से निकाले। मगर रकम वापस करने के बावजूद मेराज ने फर्जी इकरारनामा तैयार कर दोबारा रकम देने के लिए दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी भी दी। डीआइजी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन साक्ष्य न मिलने की बात कहते हुए न्यायालय में अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी। वादी के प्रोटेस्ट प्रार्थनापत्र पर न्यायालय ने 26 मई 2022 को अंतिम रिपोर्ट खारिज कर अग्रिम विवेचना का आदेश दिया। अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र की सुनवाई के दौरान मुकदमे के तथ्य, परिस्थितियों एवं अपराध की गंभीरता को देखते हुए विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट नासिर अहमद ने आरोपी मोहम्मद मेराज का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। संवाद

# अवैध शराब के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

नवाबगंज। नवाबगंज पुलिस ने रविवार देर रात क्षेत्र के कई स्थानों पर अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान 40 लीटर कच्ची शराब बरामद करने के साथ महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले के कई अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में दुर्गा देवी निवासी ऊंचे का पुरवा और भुवाल निवासी देईयापुर कटराभोगचन्द शामिल हैं। दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# महिला से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

तरबगंज। तरबगंज व परसपुर थाने के वांछित आरोपी को तरबगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि अक्टूबर माह में सुनील सिंह पुत्र वीरेन्द्र बहादुर सिंह निवासी मुजेड बैजपुरवा ने पड़ोस की महिला पूजा के घर में घुसकर मारपीट किया था। तरबगंज पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। सोमवार को उपनिरीक्षक कामेश्वर राय ने टीम के साथ गिरफ्तारी की है।

# धानेपुर पुलिस ने पांच लोगों को पकड़ा

धानेपुर। थाना पुलिस ने दो वारंटीयों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि न्यायालय की ओर से जारी वारंट के क्रम में थाना क्षेत्र के ही गणेशपुर ग्रंथ के रहने वाले दिलीप पुत्र तुलाराम व शेषराम पुत्र रामस्वरूप को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेजा गया है। वहीं शांतिभंग करने पर इदुआ के राजू चौहान, सत्यराम व ललकराम का चालान किया गया है।

**पौराणिक मनवर पोखर में स्नान कर मंदिर में दर्शन करेंगे श्रद्धालु, अधिकारियों ने मेले की तैयारियों का लिया जायजा**

# कार्तिक पूर्णिमा आज, जिले में कई जगह लगेंगे मेले

**आस्था**

गोण्डा/इटियाथोक, संवाददाता। उद्दालक मुनि के तपस्थली तिर्रे मनोरमा पर कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को मेला लगेगा। श्रद्धालु पौराणिक मनवर पोखर में स्नान कर मंदिर में दर्शन करेंगे। आयोजन समिति ने मेले की तैयारियां पूरी कर ली है। कार्तिक पूर्णिमा पर यहां जुटने वाली लाखों की भीड़ के चलते पूर्व दिवस पर सोमवार को अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया।

मेला परिसर में में साफ सफाई के लिए इस बार दो दर्जन से अधिक ...ई कर्मचारी लगाए गए हैं। मेले के ... सर्कस, झूला और दुकानें लगने ... काम पूरा हो चुका है। खास कई तरह की मिठाईयां और गट्टे का बाजार भी सज रहा है। मेले तक जाने वाले रास्तों को सुगम बनाया जा रहा है, ताकि दूरदराज से आए हुए मेलार्थियों को कोई परेशानी ना हो। इस बार स्नान के लिए प्राकृतिक रूप से बेहतर जलस्तर है।



कार्तिक पूर्णिमा को लेकर तिर्रेमनोरमा में सोमवार को लगाए जा रहे झूले।

**दो लाख श्रद्धालु जुटने की संभावना:** कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले मेले में मनवर नदी के उद्गम पर दो से तीन लाख संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। इसके मद्देनजर मेला परिसर में एक डिप्टी एसपी समेत चार निरीक्षक, दस सब इंस्पेक्टर, 100 महिला व पुरुष आरक्षी तैनात किया जाएगा। साथ ही पुलिस प्रशासन की ओर से गोताखोर और 01 प्लाटून पीएसी बल भी तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। मनवर सरोवर के पास एक अस्थाई चौकी व एक अस्थाई अस्पताल भी बनाया गया है।वहीं अग्निशमन विभाग की टीमें और उनके वाहन भी मेला परिसर में मौजूद रहेंगे। बता दें कि मनवर मेले में गोंडा, बहराइच, बलरामपुर व श्रावस्ती समेत आसपास के जिलों और गांव से लोग हिस्सा लेने पहुंचते हैं। कई लोग मेला परिसर में ही रुक जाते हैं।

### गोड़वाघाट पर दो दिन तक लगेगा मेला

गोण्डा। गोड़वा घाट स्थित टेढ़ी नदी किनारे कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को मेले का आयोजन होगा। आयोजक शशिराज पाण्डेय ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा मेला विगत 70 वर्षों से लगता है। कहा कि उनके परिवार के लोग मेले का संचालन किया जाता है। मेले में सैकड़ों की संख्या में दुकानें लगती हैं। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल मौजूद रहती है।

### छपिया में भी आयोजन

छपिया। भगवान घनश्याम महराज की जन्मस्थली स्वामीनारायण छपिया मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा जिसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मेले में लाखों की संख्या में देश विदेश सहित क्षेत्रीय हरिभक्त भाग लेंगे। मंदिर के महंत देव स्वामी और कोठारी विष्णु स्वामी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा मेले में हजारों की संख्या में हरिभक्त पवित्र नारायण सरोवर में स्नान करेंगे। बाल स्वरूप घनश्याम महराज का दर्शन कर पूजन अर्चन करेंगे।

### करनैलगंज के सरयू तट पर लगेंगे मेले

करनैलगंज। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर मंगलवार को सरयू घाट समेत आधा दर्जन घाटों पर स्नान पर्व एवं मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें करीब चार लाख श्रद्धालुओं की जुटने की संभावना है। इसके अलावा कटरा शाहबाजपुर घाट, यम द्वितीया घाट, सकरौरा पौराणिक स्थल घाट, कंचनापुर घाट एवं कुट्टी घाट पर स्नान के साथ-साथ मेले का आयोजन होगा।

# मां व बेटे किए गए गिरफ्तार

## कार्रवाई

मेहनौन, संवाददाता। इटियाथोक के अमारे भरिया गांव के मामले में पुलिस ने मां बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। यही नहीं पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल भी बरामद करने का दावा किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली इटियाथोक के अमारे भरिया गांव में विवाहित विजय भारती की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में ससुराली जनों ने विवाहिता द्वारा खुद ही धारदार हथियार से गला रेतने का दावा किया था। मामले से संबंधित एक वीडियो भी वायरल हुआ था। वहीं दूसरी तरफ मृतका के भाई संतोष कुमार की तहरीर पर कोतवाली इटियाथोक में पति सहित तीन अन्य लोगो के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर किया गया था। प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि मामले में पति विक्रम कोरी पुत्र स्व. रामनरायन व सास सवारी देवी पत्नी स्व. राम नरायन को गिरफ्तार किया गया है। हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल भी बरामद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दहेज हत्या में मां और बेटे गिरफ्तार

मेहनौन। इटियाथोक के अमारे भरिया गांव के मामले में पुलिस ने मां बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। यही नहीं पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल भी बरामद करने का दावा किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली इटियाथोक के अमारे भरिया गांव की विवाहिता विजय भारती की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में ससुराली जनों ने विवाहिता द्वारा खुद ही धारदार हथियार से गला रेतने का दावा किया था। वहीं दूसरी तरफ मृतका के भाई संतोष कुमार की तहरीर पर कोतवाली इटियाथोक में पति सहित तीन अन्य लोगो के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर किया गया था। प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि मामले में पति विक्रम और सास संवारी देवी को गिरफ्तार किया गया है।

# कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर तैयारी पूरी प्रशासन मुस्तैद

**संसू, मसकनवा (गोंडा) :** स्वामीनारायण छपिया मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा पर विशाल मेला लगेगा। मेले में लाखों की संख्या में देश विदेश सहित हरिभक्त भाग लेंगे। महंत स्वामी देव प्रकाश स्वामी, गुरु जगत प्रकाश स्वामी के उपस्थिति में उप जिलाधिकारी मनकापुर आकाश सिंह, तहसीलदार पैगाम और प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह ने सुरक्षा को लेकर मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया।

सुरक्षा के लिए छह उप निरीक्षक, 200 आरक्षी, 25 महिला आरक्षी,35 रिक्रूट पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। मंदिर मुख्य प्रवेश द्वार पर कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। कोठरी विष्णु स्वामी ने बताया कि चंद्र ग्रहण को देखते हुए भगवान घनश्याम महराज का मंदिर मंगलवार को शाम चार बजे से लेकर सात बजे तक दर्शन और मंदिर बंद रहेगा। पूजन और दर्शन के लिए सात बजे दोबारा मंदिर खुलेगा। उधर जिले भर में मेले का आयोजन किया गया है। प्रशासन ने तैयारी पूरी किए जाने का दावा किया है।

# कई स्थानों पर मारपीट में आठ घायल, मुकदमा दर्ज

**जागरण टीम, गोंडा** : रविवार की शाम अलग-अलग हुई मारपीट की घटनाओं में आठ से अधिक लोग घायल हो गए। इस मामले में 12 से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा किया गया है। नवाबगंज के दुल्लापुर में बनी दुकान खाली करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई।

राममूरत निषाद निवासी दुल्लापुर ने दी गई तहरीर में कहा रविवार की शाम वह अपनी दो बेटियों के संग घर पर बैठा था। आरोपित मदन लाल केसरवानी, किशन केसरवानी, गोपाल केसरवानी व कुछ लोग अज्ञात घर में घुसकर मारने पीटने लगे। विरोध करने पर घर का सारा सामान बाहर फेंक दिया। शोर शराबा सुनकर गांव वालों के पहुंचने पर जान से मार डालने की धमकी देते हुए आरोपित भाग गए। मारपीट में उसे, उसकी बेटी चंद्रावती व भतीजी सरोज घायल हुई हैं। वहीं दूसरे पक्ष के मदन केसरवानी ने दी गई तहरीर में कहा आरोपित राममूरत निषाद व जय सिंह निषाद ने उसकी जमीन में मकान बना रखा है। जमीन में बनी एक दुकान खाली करने के लिए कहने गया तो आरोपितों ने अभद्रता करते हुए लाठी डंडे से मारा पीटा एवं जान से मार डालने की धमकी दी। इसमें उसे व उसके भाई किशन केसरवानी को चोट आई है। प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज अरूण कुमार द्विवेदी ने कहा दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा किया गया है।

मेहनौन : दुलहमपुर गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। रिजवान की तहरीर पर गांव के तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं मुकदमा लिखा गया है। ग्राम दुलहमपुर के मजरा बरगदही के रिजवान ने कहा कि रविवार की शाम को जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही सत्यराम, पारसनाथ, अमरेश कुमार, लाठी-डंडा लेकर आए और अभद्रता



करने लगे। विरोध करने पर मारने लगे। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा किया गया है। उधर आर्यनगर संवादसूत्र के अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर बसभरिया गांव निवासिनी संजू व उनके पति ननकू को कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से मारा-पीटा और जानमाल की धमकी दी। घटना की प्राथमिकी उन्होंने गांव के ही निवासी लालमणि व उनके पुत्र रज्जन के विरुद्ध दर्ज कराई है। मनकापुर संवादसूत्र के अनुसार ग्राम जोगापुर की रहने वाली रेनू देवी ने कहा कि जमीन विवाद को लेकर गांव के ही राजेश तिवारी,अर्पित तिवारी लाठी-डंडा लेकर घर पर आए और मारने लगे। बचाने के लिए पति चंद्रेश व बेटा विवेक को भी मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वजीरगंज में रामपुर खरहटा के रहने वाले रोहित सिंह ने कहा कि वह राजासगरा बाजार से अपने घर जा रहा था।

रास्ते में पसिवन पुरवा के पास विशाल सिंह, सूरज शुक्ला निवासी भगोहर, अंशुमान सिंह निवासी थाना उमरीबेगमगंज ने मिलकर पूर्व विवाद को लेकर अभद्रता करते हुए मुक्का थप्पड़ व लाठी डंडे से उसकी पिटाई कर दी।थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।

# घर में घुसकर मारपीट करने का आरोपित गिरफ्तार

बेलसर (गोंडा) : घर में घुसकर जान से मारने के मामले में फरार चल रहे आरोपित सुनील सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक तरबगंज मनोज पाठक ने कहा कि मुजेड़ की पूजा सिंह ने 30 सितंबर को तहरीर देकर गांव के ही तीन लोगों पर आरोप लगाया था। कहा कि 29 सितंबर की रात दस बजे घर में घुसकर तीन लोगों ने मारपीट की।

# कार्तिक पूर्णिमा आज, कई स्थानों पर लगेगा मेला

## प्रशासन ने कराई घाटों की सफाई, पुलिसकर्मियों की तैनाती

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को जिले में कई स्थानों पर मेले का आयोजन होगा। इनमें विभिन्न प्रकार की दुकानें लगेंगी। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला, सर्कस सहित अन्य इंतजाम भी किए गए हैं। मेले को लेकर प्रशासन ने भी तैयारियां पूरी कर ली हैं। घाटों की सफाई के साथ ही पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। स्वास्थ्य टीमें भी लगाई गई हैं। सरैया चौबे स्थित बाबा कुटी व गोड़वा घाट पर मेले का आयोजन किया जाएगा, यहां हजारों श्रद्धालु स्नान-दान करके मेले का आनंद लेंगे।

इटियाथोक में कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को तिर्रेमनोरमा में लगने वाले मेले की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी में प्रशासन जुटा रहा। इटियाथोक थाना क्षेत्र के मनवर नदी के उद्गम स्थल पर प्रतिवर्ष विशाल मेला लगता है। मेला परिसर में आने वाले नौवागांव मार्ग, बलहीओत व फरेंदा शुक्ल मार्ग पर वाहनों का आवागमन बैरियर लगाकर रोक दिया गया



गोंडा के तिर्रेमनोरमा में मेला स्थल पर लगाया गया झूला। -संवाद

है। इसके अलावा मेला परिसर में पीएसी, फायर व स्वास्थ्य विभाग की टीम भी तैनात की गई है।

सोमवार को मेला परिसर के दुकानदारों को पुलिस ने रास्ते को छोड़कर दुकान लगाने की हिदायत दी। तिर्रेमनोरमा मेले में जिले के अलावा अन्य स्थानों से भारी भीड़ होने की संभावना है। जिसे देखते हुए सरोवर में मोटर बोट के साथ ही जल पुलिस की टीम भी लगाई गई है।

### घाटों पर श्रद्धालु करेंगे स्नान-दान

**करनैलगंज (गोंडा)।** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर मंगलवार को करनैलगंज के सरयू घाट समेत आधा दर्जन घाटों पर स्नान पर्व एवं मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें करीब चार लाख श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। करनैलगंज के सरयू घाट पर स्नान के बाद मेले का भी आयोजन होगा। इसके अलावा कटरा शाहबाजपुर घाट, यम द्वितिया घाट, सकरौरा पौराणिक स्थल घाट, कंचनापुर घाट एवं कुट्टी घाट पर स्नान के साथ-साथ मेले का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु स्नान व दान करेंगे। सबसे बड़ा स्नान मेला सरयू घाट पर लगेगा, जहां सोमवार शाम से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई और सुबह होने के पहले स्नान शुरू हो जाएगा। (संवाद)

उधर, खरगूपुर क्षेत्र में कुवानो नदी के बलुआ घाट पर मेले का आयोजन होगा। मुजेहना क्षेत्र के ईश्वरनंद कुटी पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाएगा।

# शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पर लगेगा मेला, तैयारियां पूरी

संवाद न्यूज एजेंसी

**तुलसीपुर (बलरामपुर)।** कार्तिक पूर्णिमा पर आठ अक्टूबर को देवीपाटन मंदिर में मेले का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर स्थित सूर्य कुंड के साथ प्रमुख नदियों एवं सरोवरों में श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे। देवीपाटन मंदिर में मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंदिर के बाहर स्थित परिसर में दुकानें सज गई हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन मंदिर में स्नान व मां पाटेश्वरी की आराधना के लिए जहां श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है, वहीं बच्चों के मुंडन व कर्ण छेदन संस्कार भी संपन्न होते हैं। मेला इंचार्ज मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मेला परिसर की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

***ब्रह्मलीन महंत की पुण्यतिथि पर होंगे विविध कार्यक्रम :*** शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में ब्रह्मलीन महंत महेंद्रनाथ की 22वीं पुण्यतिथि समारोह नौ से 15 नवंबर तक मनाया जाएगा। सात दिवसीय पुण्यतिथि समारोह में गोरखपुर के स्वामी



बलरामपुर के शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा को लेकर सजने लगीं दुकानें। -संवाद

बालक दास श्रीमद्भागवत कथा सुनाएंगे। इस दौरान संत सम्मेलन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी होगा। मंदिर के पीठाधीश्वर मिथिलेशनाथ योगी ने बताया कि 15 नवंबर को आयोजित होने वाली श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी सम्मिलित होने की संभावना है।

# बालिका से बुजुर्ग ने की छेड़खानी

**करनैलगंज (गोंडा)।** एक वृद्ध पर बालिका के साथ छेड़खानी का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। 10 वर्षीय बालिका के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी कि चार नवंबर को दोपहर गांव के ही दुर्विजय (60) ने उसकी पुत्री को रुपयों का लालच देकर मड़हे में बुलाया। जब वह नहीं गई तो उसके साथ छेड़छाड़ की। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह का कहा कि केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 08-11-2022

# 15 लीटर शराब के साथ 105 किलो लहन नष्ट, दो गिरफ्तार

बलरामपुर, संवाददाता। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर उप आबकारी आयुक्त देवीपाटन मंडल टीम के जिला आबकारी अधिकारी ने अवैध शराब के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया है। अभियान के तहत दबिश के दौरान रेहरा बाजार के प्रानपुर एवं भलवार में 15 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। इसके साथ 105 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी की अगुवाई में टीम ने अवैध शराब के विरुद्ध कई स्थानों पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान रेहरा बाजार के ग्राम पंचायत प्रानपुर व भलवार में 15 लीटर शराब बरामद की है। साथ ही 105 किलो लहन कब्जे में लेकर नष्ट किया है। मौके पर टीम ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। आबकारी अधिकारी ने कहा कि किसी भी सूरत में अवैध शराब न तो बनने दिया जाएगा और न ही बिक्री करने दी जाएगी। इसमें जो भी संलिप्त मिलेगा उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# क्षेत्राधिकारी ने चौकीदारों को बताए उनके दायित्व

महराजगंज तराई, संवाददाता। महाराजगंज कस्बा के थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी राधा रमण सिंह व थाना प्रभारी अशोक सिंह ने सोमवार को आगामी त्योहारों को लेकर चौकीदारों के साथ बैठक आयोजित कर उनके जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया। कहा कि चौकीदार रात में ईमानदारी के साथ गांव में तैनात होकर ड्यूटी करें।

क्षेत्राधिकारी श्री राधा रमण सिंह ने चौकीदारों को बताया कि चौकीदार गांव का प्रमुख अंग भी है। चौकीदार गांव का सच्चा प्रहरी होता है। जिस गांव की तमाम सूचना आदान-प्रदान होती हैं। गांव के चौकीदारों की जिम्मेदारी होती है कि गांव में कोई भी अनजान व्यक्ति दिखाई पड़े तो उसकी जांच पड़ताल करें। संदिग्ध मिलने पर तत्काल बीट सिपाही व दरोगा को जानकारी दें। इस मौके पर उप निरीक्षक दिग्विजय यादव श्रवण कुमार व तमाम चौकीदार मौजूद रहे।

# यातायात को लेकर कर रहे जागरूक

तुलसीपुर। पुलिस कर्मियों ने लोगों को यातायात के नियमों को बताया। इस दौरान बताया गया कि किस तरह नियमों का पालन कर लोग खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। लोगों को दो पहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग, चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग करने की सलाह दी गयी। कई ऐसे लोग थे जो बिना हेलमेट के दो पहिया चला रहे थे उन्हें हेलमेट के प्रयोग का लाभ बताया गया।

उल्लेखनीय है कि नवम्बर माह यातायात का महीना कहलाता है। इस माह में यातायात के नियमों के प्रति सभी को जागरूक किया जाता है। कहीं यातायात से संबंधित पर्चा बांटा गया तो कहीं वहीं कहीं-कहीं पुलिस कर्मी गुलाब का फूल हाथ में पकड़ा कर घर परिवार का वास्ता देकर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करते किया गया।

# समस्याओं का हुआ निस्तारण

**बलरामपुर :** क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह की अध्यक्षता में थाना महराजगंज तराई में चौकीदारों के साथ बैठक की गई। क्षेत्राधिकारी ने चौकीदारों की समस्याएं सुनी और बीट पुलिस अधिकारियों को ग्राम सुरक्षा समिति के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही क्षेत्र में अपराधियों पर नजर रखने के भी निर्देश दिए गए। (संसू)

# 15 लीटर अवैध शराब के साथ दो को पकड़ा

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : आबकारी विभाग ने अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में सोमवार को आबकारी विभाग की टीम ने रेहराबाजार के प्रानपुर व भलवार गांव में छापेमारी अभियान चलाकर 15 लीटर शराब बरामद की। 105 किलोग्राम लहर नष्ट कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

डीएम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आबकारी निरीक्षक अलंकार सिंह ने हमराहियों के साथ दोनों गांवों में दबिश दी। आबकारी टीम को देखकर कई लोग शराब की भट्ठी छोड़कर भाग खड़े हुए। दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार चलता रहेगा।

# सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपितों को भेजा जेल

**हरैया सतघरवा:** सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपितों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपित हजरत अली, मुस्ताक निवासीगण चौधरीडीह को उपनिरीक्षक रमाकांत तिवारी की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वन अधिनियम के तहत पारस राम निवासी मोतीपुर कला को गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

# सेवानिवृत्त होमगार्डों को दी गई भावभीनी विदाई

**संसू, हर्रैया सतघरवा (बलरामपुर):** थाना परिसर में दो सेवानिवृत्त होमगार्डों की विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। सेवानिवृत्त दोनों होमगार्डों को धार्मिक पुस्तक एवं अंगवस्त्र देकर विदाई दी गई।

थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने सेवानिवृत्त होमगार्ड रामसमुझ मिश्र व रामसमुझ भारती को धार्मिक पुस्तक और अंग वस्त्र दिया। उपनिरीक्षक रमाकांत तिवारी, कमलेश कुमार यादव, पेशकार यादव, दीवान आफताब आलम, प्लाटून कमांडर बद्री विशाल गुप्त, उमानाथ दुबे, सहजराम मिश्र, भानु प्रताप पाल, विश्वनाथ पांडेय, अरुण कुमार तिवारी मौजूद रहे।

# जन शिकायतें निपटाने में बलरामपुर पुलिस अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

## 11 थानों को प्रदेश स्तर पर आईजीआरएस प्रणाली में एक साथ मिला प्रथम स्थान

**बलरामपुर।** जन शिकायतों के निस्तारण में बलरामपुर पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। इस पर एसपी ने आईजीआरएस शाखा में नियुक्त पुलिसकर्मियों के कार्य की सराहना करते हुए जन शिकायतों की प्रभावी मॉनिटरिंग पर जोर दिया है।

शासन स्तर पर हर माह आईजीआरएस से आने वाली शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा होती है। अक्तूबर माह में आईजीआरएस पोर्टल पर पुलिस विभाग से संबंधित 1,053 जन शिकायतें आईं जिनका शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि शासन स्तर पर हुए मूल्यांकन में बलरामपुर को 130 अंकों में से 130 अंक मिले हैं। उन्होंने बताया कि कोतवाली नगर, कोतवाली देहात, कोतवाली उतरौला, थाना श्रीदत्तगंज, महराजगंज तराई, रेहरा बाजार, ललिया, हरैया, पचपेड़वा, गौरा चौराहा व महिला थाने को भी शिकायत निस्तारण में सराहा गया है।

उन्होंने बताया कि जिले के 11 थाने को एकसाथ प्रदेश स्तर पर आईजीआरएस प्रणाली में पहली बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। एसपी ने बताया कि एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी सुरेश कुमार, हरीश कुमार, मयंक पाठक, शुभम तिवारी व महेंद्र की टीम ने शिकायतों के निस्तारण में प्रभावी भूमिका दर्ज की है।

इधर महराजगंज थाने में सीओ ललिया राधारमण सिंह ने सोमवार को चौकीदारों के साथ बैठक की। इसमें अपराध एवं अपराधियों से संबंधित सूचनाओं को तत्काल संबंधित बीट अधिकारी को बताने व ग्राम सुरक्षा समिति को सक्रिय करने पर जोर दिया। वहीं, यातायात पुलिस ने वीर विनय चौराहा, भगवतीगंज सहित अन्य स्थानों पर अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान 165 वाहनों का चालान भी किया गया।

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-11-2022

# ढाई करोड़ की ब्राउन शुगर बरामद

- देहात कोतवाली के टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी टीम को मिली कामयाबी
- एक महिला सहित दो को दबोचा, डोप पैडलरों को करते थे डिलीवरी

बहराइच, संवाददाता। देहात कोतवाली की टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी की टीम ने एक महिला तस्कर सहित दो को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से ब्राउन शुगर बरामद की गई है। जिसकी अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत ढाई करोड़ रुपये आंकी गई है।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि देहात कोतवाल सत्येन्द्र बहादुर सिंह को भनक लगी कि टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी इलाके में मादक पदार्थ तस्करों की गतिविधियों को देखा गया है, उन्होंने अफसरों को जानकारी दी। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह व सीओ सिटी डॉ. जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी प्रभारी अमित प्रकाश ने सिपाही अवनीश कुमार पांडेय, अरविन्द वर्मा, महिला सिपाही प्रेमलता को साथ लेकर तलाश शुरू की। सोमवार दोपहर में पुलिस टीम ने मानपुरवा गांव में दबिश दी। यहां हरदी थाने के वंशपुरवा निवासी इस्राइल, राजी चौराहा निवासिनी बीबी फातिमा को रोककर महिला सिपाही प्रेमलता ने बीबी फातिमा की तलाशी ली। जबकि इस्राइल की सिपाहियों ने तलाशी ली। दोनों के पास से 250 ग्राम ब्राउन शुगर, बिक्री से हासिल 4.40 लाख की नकदी बरामद की।

पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# 250 ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**बहराइच।** कोतवाली देहात पुलिस ने सोमवार को 250 ग्राम स्मैक के साथ युवती समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। कोतवाल सतेन्द्र सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान सोमवार की शाम मानपुरवा के पास से इसराइल निवासी बंसपुरवा और बीबी फातिमा निवासी राजी चौराहा को 250 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# विवाहिता की हत्या में तीन को पकड़ा

**फखरपुर।** बीते दो नवंबर को थाना क्षेत्र के सिरौली गांव में हुई विवाहिता की गला दबाकर हत्या के प्रकरण में पुलिस ने पति समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि विवाहित के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी जिसके आधार पर पति निरंजन, सास शांति देवी और ससुर भूसैली उर्फ रामनाथ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं, श्रावस्ती के जमुनहा के छोटका कुंडा निवासी सावित्री ने छत के कुंडे से लटक कर जान दे दी। उसका विवाह एक वर्ष पूर्व ही अजय के साथ हुआ था। अजय दो माह पूर्व काम की तलाश में मुंबई गया था। घटना के समय घर के अन्य लोग खेतों में काम करने के लिए गए थे। एसओ मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# बाघ का वीडियो वायरल करने वालों पर होगी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**मिहींपुरवा/मूर्तिहा(बहराइच)।** मुर्तिहा रेंज में रविवार की रात राहगीरों को सड़क पर बाघ दिख गया। कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। डीएफओ आकाशदीप बधावन ने बताया कि वन्य क्षेत्र में वीडियो बनाना प्रतिबंधित है।

ऐसे वीडियो से वन्यजीवों को शिकारियों का खतरा है। उन्होंने बताया कि मुर्तिहा रेंज में वीडियो बनाने वालों का पता लगाया जा रहा है। इन पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।



कतर्नियाघाट संरक्षित वनक्षेत्र में सड़क पार करता बाघ। -संवाद

## खड़िया में गैंडे की दस्तक, हांका लगाकर भगाया

वहीं मोतीपुर रेंज के खड़िया गांव में रविवार रात गैंडा पहुंचने से ग्रामीण दहशत में आ गए। राजवंशी, नागेंद्र यादव, प्रमोद, मनोज व रामदयाल यादव ने बताया कि रात में टहलने निकले थे तभी भारी-भरकम गैंडा दिख गया। इसके बाद आसपास के लोगों को बुलाकर हांका लगाया तब गैंडा जंगल की तरफ गया। डीएफओ ने बताया कि जानकारी मिली है। दो-तीन दिन से गैंडों की चहलकदमी बढ़ी है। निगरानी बढ़ा दी गई है।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-11-2022

# कार्तिक पूर्णिमा आज जगह जगह लगेंगे मेले

**श्रावस्ती,टीम।** कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को पवित्र सरोवरों और राप्ती नदी में स्नान होगा। इसके साथ ही जगह जगह मेलों का आयोजन होगा। जिसमें भारी संख्या में लोग मेले का आनंद लेंगे। सीताद्वार में जिले का सबसे बड़ा मेला लगेगा जहां तीन दिनों तक मेला रहेगा। मेले की सुरक्षा के लिए एसपी ने पुलिसकर्मियों को ब्रीफ करने के लिए बैठक की।

कार्तिक पूर्णिमा पर जिले में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर मेलों का आयोजन किया जाता रहा है। मेलों में भारी भीड़ जुटती है। इसके पहले लोग राप्ती नदी के विभिन्न घाटों और सीताद्वार के पवित्र सरोवर में स्नान करते हैं। स्नान के साथ ही ब्राह्मणों को दान दक्षिणा देते हैं। सीताद्वार में जिले का सबसे बड़ा मेला लगता है। यह मेला तीन दिनों तक रहता है और दूसरे जनपदों से भी लोग मेले में आते हैं। इसके साथ ही श्रावस्ती, गिलौला सोनवा तालाब, प्रहलादा, लेंगड़ीगूलर, लखराव, लबेदपुर, जनकपुर, सिरसिया सहित करीब दो दर्जन स्थानों पर मेलों का आयोजन किया जाता है। इन मेलों में बच्चे, बूढ़े व महिलाएं पहुंच कर आनंद लेते हैं। मंगलवार को आयोजित मेलों की तैयारी एक दिन पहले ही शुरू हो गई है। सीताद्वार में एक सप्ताह से झूले व थियेटर लग गए हैं। वहीं अन्य मेलों में एक दिन पहले ही दुकानें लग गई हैं। सुबह चार बचे से स्नान और दान शुरू हो जाएगी। इसके बाद मेलों में लोगों की भीड़ पहुंच जाएगी।

## पुलिस कर्मियों को किया गया ब्रीफ

**श्रावस्ती।** एसपी अरविन्द कुमार मौर्य की ओर से सीताद्वार कार्तिक पूर्णिमा मेला की सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस व प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारियों को ब्रीफ किया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी अपने कार्यों व दायित्वों का अच्छी तरीके से निर्वहन करें। जो भी श्रद्धालु मेले में आते हैं उनको किसी प्रकार की समस्या न होने पाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए तथा शांतिपूर्ण तरीके से मेला संपन्न कराया जाए। पुलिस टीम अराजक तत्वों की निगरानी पूरी सतर्कता के साथ करेगी। जिससे किसी भी प्रकार की बाधा या चुनौती का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यदि मेले में कोई भी अराजक तत्व माहौल खराब करने या शांति बिगाड़ने की कोशिश करते पाया जाय तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 117 वाहनों का चालान काटा गया

**श्रावस्ती।** एसपी के निर्देश पर रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, शीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 117 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया।

# जनता दर्शन में आईं 15 शिकायतें, निस्तारण के निर्देश

**श्रावस्ती :** एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने सोमवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें से तीन भूमि विवाद, चार पारिवारिक विवाद व आठ अन्य विवाद से संबंधित शिकायतें थीं। शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। (वि.)

# कार्तिक पूर्णिमा पर आज उमड़ेगा आस्था का सैलाब





सज-धजकर तैयार सीताद्वार मंदिर और मेला क्षेत्र में लगाए गए झूले ● जागरण

**संसू, इकौना श्रावस्ती)** : कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर मेलार्थियों के स्वागत के लिए लवकुश की जन्मभूमि सीताद्वार सज-धजकर तैयार है। सीता माता मंदिर को बिजली की झालरों से सजाया गया है। मेलार्थियों की सुविधा व सुरक्षा के साथ मनोरंजन के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। भीड़ से बचाव के लिए इस वर्ष बाजार व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

**मेले में लगेगी विशेष बाजार** : श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेले में खानपान, खिलौना, मिठाई, बर्तन समेत अन्य सामानों का अलग-अलग बाजार बनाया गया है। मेलार्थी विशेष बाजार में पहुंच कर अपनी जरूरत का सामान खरीद सकेंगे।

**आवागमन के लिए रहेगा चौड़ा रास्ता** : सड़क के दोनों ओर दुकानें लग जाने से काफी भीड़ हो जाती है। इससे मेलार्थियों में खासकर महिलाओं व बच्चों को परेशानी होती है। लोगों को भीड़ की धक्का-मुक्की से बचाने के लिए प्रशासन ने मुख्य मार्ग पर दुकानों का आवंटन नहीं किया है। मेलार्थियों को मंदिर व झील तक आवागमन के लिए चौड़ा रास्ता उपलब्ध रहेगा।

**बोटिंग का भी ले सकते हैं आनंद:** सीताद्वार झील पर बोटिंग का भी मजा ले सकते हैं। झील में तीन नाव लगाई गई हैं। मनोरंजन के लिए ड्रैगन झूला, मूविंग डांस, इलेक्ट्रानिक झूलों व एस सम्राट के कालाजादू की व्यवस्था है।

### मेलार्थियों की सुविधा, सुरक्षा और मनोरंजन के हैं व्यापक इंतजाम
### सीताद्वार झील पर बोटिंग के लिए लगाई गई तीन नाव

"मेलार्थियों की सुविधा व सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए मेला कमेटी व प्रशासन कृतसंकल्पित है।

**- महेंद्र पाल शर्मा**, सीओ, इकौना

### सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

झील पर महिलाओं के लिए चेंज रूम, पीएससी बोट, गोताखोरों व सुरक्षा कर्मियों की तैनाती है। मनचलों से निपटने के लिए सादी-वर्दी में महिला व पुरुष आरक्षियों के साथ वालंटियर्स की तैनाती है। मेला क्षेत्र की सीसी कैमरे से निगरानी होगी। 12 निरीक्षक, 59 उपनिरीक्षक, 24 मुख्य आरक्षी, 200 पुरुष व 100 महिला आरक्षी की तैनाती के साथ तीन वाच टावर बनाए गए हैं।

# कोर्ट ने श्रावस्ती विधायक को तलब किया

**श्रावस्ती।** गिलौला थाने में 2017 के विधानसभा चुनाव के दौरान श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। इसकी विवेचना के बाद गिलौला पुलिस की ओर से न्यायालय पर आरोप पत्र भेजा गया था। मामले का विचारण अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व स्पेशल जज एमपी-एमएलए कोर्ट अनिल कुमार द्वादश न्यायालय पर चल रहा था। इस मामले में न्यायालय श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय निवासी मलावा पर आरोप तय किए हैं, जबकि विधायक ने आरोपों से इन्कार करते हुए उसके विचारण की मांग की है। इस पर न्यायालय ने साक्ष्य व बयान के लिए 10 नवंबर को तलब किया है। संवाद

# 177 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने सोमवार को विभिन्न चेक पोस्ट, बैरियर पर संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने चेक पोस्टों पर वाहनों की जांच कर 177 वाहनों का ई-चालान कर दिया। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में सात गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिले की पुलिस ने रविवार की रात अभियान चला कर सात लोगों को शांतिभंग की आशंका के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इनके विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। संवाद

# जलनिकासी बाधित करने का आरोप

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के बरगदहा गांव में कुछ लोग भवन का निर्माण करा रहे हैं। ग्रामीण राजितराम का आरोप है कि यह निर्माण ग्राम समाज के गाटा संख्या 623 पर किया जा रहा है, जो सरकारी अभिलेखों में नवीन परती जमीन है। इस पर निर्माण होने के कारण जल निकासी बाधित हो गई है। इसका विरोध करने पर निर्माण करा रहे लोग शिकायतकर्ता को फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। ऐसे में पीड़ित ने मल्हीपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है। संवाद

# कार्तिक पूर्णिमा मेले के लिए करें कड़े सुरक्षा इंतजाम



मेले को लेकर इकौना में आयोजित बैठक में मौजूद पुलिसकर्मी। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**इकौना (श्रावस्ती)।** जिले के सभी क्षेत्रों में मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा मेले का आयोजन होगा। जबकि इकौना के सीताद्वार में आज से तीन दिवसीय मेले का आयोजन होगा, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर पवित्र सीताद्वार झील में स्नान कर माता जानकी का आशीर्वाद लेंगे। इस दौरान कहीं कोई असुविधा न हो, इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वहीं कार्तिक पूर्णिमा मेला ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सोमवार को एसपी ने आवश्यक टिप्स दिए।

कार्तिक पूर्णिमा मेला ड्यूटी में लगे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों सहित कर्मचारियों से एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि सभी लोग अपने दायित्वों का बेहतर तरीके

## एसपी ने सुरक्षा में लगे कर्मियों को दिए टिप्स

से निर्वहन करें। जो भी श्रद्धालु मेले में आते हैं, उनको किसी प्रकार की समस्या न होने पाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सभी लोग अपने निर्धारित पॉइंट पर सतर्कता के साथ ड्यूटी करेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने कहा कि मेले में इसका विशेष ध्यान रखा जाए कि कोई भी व्यक्ति बड़ा वाहन लेकर अंदर न आने पाए। दुकानों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जाए। मेले में चोर व उचक्कों पर विशेष निगाह रखी जाए। यह भी प्रयास करें कि भीड़भाड़ वाले स्थान पर पुलिस हर हाल में मौजूद रहे। इस मौके पर सीओ इकौना एमपी शर्मा आदि मौजूद रहे।